डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹80500 10 ग्राम
₹101000 01 किलो
सेंसेक्स 75,939.18 -28.21
डॉलर 86.848 -0.019

ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

फाल्गुन कृष्ण पक्ष 08, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 20 फरवरी 2025, वर्ष-31, अंक-127, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-12 आसानी से सुलझ सकता था मामला...

## एक नजर

### बीपीएससी की 70वीं मुख्य परीक्षा 25 अप्रैल से

**पटना (एजेंसी)।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों का आंदोलन अभी जारी है। इस बीच, बीपीएससी ने मुख्य परीक्षा की तिथि बुधवार को जारी कर दी। मुख्य परीक्षा 25 अप्रैल से शुरू होगी। अभ्यर्थी 17 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। बीपीएससी के परीक्षा नियंत्रक की ओर से जारी सूचना के मुताबिक 70वीं प्रारंभिक परीक्षा पास कर चुके अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा 25 अप्रैल से शुरू होगी और 30 अप्रैल तक चलेगी। यह परीक्षा दो पालियों में ली जाएगी। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### गिरिडीह में सड़क हादसा, बैंक प्रबंधक समेत छह की गई जान

**गिरिडीह।** गिरिडीह-डुमरी मार्ग पर मंगलवार की आधी रात को एक स्कॉर्पियो और बाइक में टक्कर हो गई। मधुबन थाना क्षेत्र के लट्टकट्टो में हुए इस हादसे में बैंक मैनेजर सहित छह लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, स्कॉर्पियो और बाइक विपरीत दिशाओं से आ रही थीं। इसी दौरान स्कॉर्पियो चालक लाइट की चकाचौंध से संतुलन खो बैठा। पहले उसने बाइक को टक्कर मारी, फिर अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराई। सड़क हादसे की सूचना मिलते ही डुमरी एसडीपीओ सुमित कुमार ने मधुबन थाने की पुलिस को मौके पर **शेष पेज 11 पर**

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

### आज | कल




### तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का पर्यटन मंत्री ने किया उद्घाटन

## इटखोरी की खूबसूरती को छिपाकर रखने की नहीं, उजागर करने की जरूरत : सुदिव्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**इटखोरी (चतरा)।** जिले के इटखोरी स्थित प्रसिद्ध धार्मिक तीर्थ स्थली माता भद्रकाली मंदिर परिसर में आयोजित तीन दिवसीय इटखोरी महोत्सव का उद्घाटन बुधवार को पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने विधिवत माता के दरबार में पूजा-अर्चना के बाद दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर सभी अतिथियों को पौधे, मोमेंटो व अंग वस्त्र भेंट किया गया। साथ ही मंत्री ने मंदिर परिसर में कपूर के पौधे का पौध रोपण किया। पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, उपायुक्त रमेश घोलप समेत अन्य ने भी पौध रोपण किया। मंच पर शंख वादक विपिन मिश्रा, डमरू वादक अर्जुन झा ने ताल देकर पर्यटन मंत्री का स्वागत किया। मंत्रीने कहा कि राजकीय इटखोरी महोत्सव की आवाज पूरे देश तक उजागर हो, इसके लिए हमारी सरकार अगले वर्ष कार्य करेगी। यहां के खूबसूरती को छिपाकर रखने की नहीं बल्कि उजागर करने की जरूरत है। अगले वर्ष इस मंच से सनातन धर्म के अलावा बौद्ध एवं जैन धर्म को भी उजागर किया जाएगा। इस मंच से मैं यह घोषणा करता हूं कि अगले वर्ष से चतरा हजारीबाग तक ही नही बल्कि पूरे राज्य सहित आसपास के राज्यों में भी प्रचार प्रसार कर भव्य आयोजन किया जाएगा। जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने कहा कि पूर्व सांसद सुनील कुमार सिंह के दूरगामी सोच से आज राजकीय इटखोरी महोत्सव विश्व पटल पर परचम लहरा रहा है। जिस तरह से सात रंगों का **शेष पेज 11 पर**



## वज्रपात और ओलावृष्टि को लेकर येलो अलर्ट

- झारखंड में आज और 22 फरवरी को मौसम रहेगा खराब
- कुछ स्थानों पर 40 से 50 किमी की गति से चलेगी हवा

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड में दो दिनों तक वज्रपात और ओलावृष्टि होने की आशंका है। मौसम विभाग ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार 20 और 22 फरवरी को राज्य के दक्षिणी और मध्यवर्ती जिलों में कहीं-कहीं वज्रपात और ओलावृष्टि की आशंका है। रांची और आसपास के इलाकों में बुधवार को सुबह में कुहासा रहा। हालांकि, दिन चढ़ने के साथ मौसम साफ हो गया। बाद में दिन भर आंशिक रूप से बादल छाए रहे। रांची में न्यूनतम तापमान 16.4 और अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, 20 फरवरी को जिन दक्षिणी जिलों में वज्रपात और ओलावृष्टि हो सकती है, उनमें पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, सिमडेगा शामिल हैं। वहीं, मध्यवर्ती जिलों में रांची, खूंटी, रामगढ़, गुमला, हजारीबाग शामिल हैं। साथ ही, इन जिलों के कुछ स्थानों पर 40 से 50 किलोमीटर की गति से तेज हवा भी चलने की भी संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, 21 फरवरी को मौसम सामान्य रहेगा। वहीं, 22 फरवरी को दक्षिणी, मध्यवर्ती और इससे लगे उत्तर पूर्वी भागों में कहीं-कहीं ओलावृष्टि होने की आशंका है। राज्य के दक्षिण पश्चिमी, मध्य और नजदीकी उत्तर पूर्वी भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ तेज हवा चलने की भी संभावना है। पश्चिमी जिले पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा और लातेहार में कहीं-कहीं गर्जन और 30 से 40 किलोमीटर की गति से तेज हवा चलने की संभावना है। राज्य में सबसे अधिक तापमान सरायकेला में 36 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### प्रमंडल स्तरीय किसान मेला सह उद्यान प्रदर्शनी में शामिल हुए वित्त व कृषि मंत्री

# किसानों की समृद्धि के लिए कृषि विश्वविद्यालय जरूरी : वित्त मंत्री

- पारंपरिक खेती छोड़ें, व्यवसायिक कृषि अपनाएं : कृषि मंत्री
- किसानों को व्यवसायिक खेती अपनाने की सलाह, अधिकारियों को जनता के प्रति ईमानदार रहने की हिदायत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बुधवार को पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के शिवाजी मैदान में आयोजित एक दिवसीय किसान मेला सह उद्यान प्रदर्शनी में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। दोनों मंत्रियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और किसानों को व्यवसाय आधारित खेती अपनाने की सलाह दी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लें और उनके समाधान में ईमानदारी बरतें। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने पलामू के किसानों के हित में कई मांगें रखते हुए पलामू प्रमंडल में कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिले की कृषि समस्याओं को देखते हुए एक समर्पित कृषि विश्वविद्यालय से किसानों को अनुसंधान और प्रशिक्षण का लाभ मिलेगा। साथ ही, पलामू में जल संचयन की उचित व्यवस्था करने और कृषि योग्य भूमि का अधिकतम उपयोग करने पर भी उन्होंने बल दिया। वित्त मंत्री ने बताया कि पलामू में तिलहन और दलहन की खेती को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए स्टोरेज और प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने के लिए जिला प्रशासन को प्रस्ताव भेजा गया है।

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किसानों को परंपरागत खेती से आगे बढ़कर व्यवसायिक खेती अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि धान और गेहूं की परंपरागत खेती से किसानों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा है। किसानों को ड्रैगन फ्रूट, मशरूम और स्ट्रॉबेरी जैसी उच्च मूल्य वाली फसलों की ओर बढ़ना चाहिए। इससे उनकी आय में वृद्धि होगी और कृषि **शेष पेज 11 पर**



### मंत्री ने अधिकारियों को मंच पर लगाई फटकार

वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारियों की लापरवाही पर नाराजगी जताई। उन्होंने लातेहार के जिला कृषि पदाधिकारी को किसानों की कम उपस्थिति पर फटकार लगाई और कार्य में ईमानदारी बरतने की हिदायत दी। इसके अलावा, उन्होंने पलामू जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. प्रभाकर सिन्हा को मंच पर बुलाकर डाटा उपलब्ध नहीं कराने पर फटकार लगाई। उन्होंने पशुपालन विभाग के कम उत्पादकता वाले कार्यों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जो अधिकारी अपने कार्य में सुधार नहीं करेंगे, उन्हें पलामू से जाना होगा।

### 23 साल से फरार झारखंड का नक्सली रह रहा था महाराष्ट्र में

## यवतमाल में गिरफ्तार हुआ डिवीजनल कमांडर



- फर्जी आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस के सहारे कर रहा था ट्रक चालक का काम

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**

**रांची।** महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में स्थित यवतमाल जिले के लकड़गंज इलाके से पुलिस ने झारखंड और छत्तीसगढ़ के एक फरार नक्सली कमांडर तुलसी उर्फ दिलीप महतो को गिरफ्तार किया है। वह फर्जी आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस के आधार पर पिछले 23 वर्षों से यवतमाल में रहते हुए ट्रक चालक के रूप में काम कर रहा था। पुलिस पिछले दो महीने से उस पर कड़ी नजर रख रही थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यवतमाल जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कुमार चिंता ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि उनकी टीम को गोपनीय जानकारी मिली थी कि तुलसी उर्फ दिलीप महतो फर्जी आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस जैसे दस्तावेज के आधार पर पिछले 23 वर्षों से यवतमाल में ट्रक चालक के रूप में रह रहा था। पुलिस पिछले दो महीने से उसपर कड़ी नजर रख रही थी। तुलसी वर्ष 1993 में झारखंड में नक्सली समूह में भर्ती हुआ था। वर्ष 1997 में उसे 'भितिया दलम' का डिवीजनल कमांडर नियुक्त किया गया था। उसने 12 सशस्त्र नक्सलियों का नेतृत्व किया था। वह कई हिंसक गतिविधियों में शामिल रहा है, जिनमें सुरक्षा बलों पर हमले, जबरन वसूली और सरकारी संपत्ति की तोड़फोड़ शामिल है। एसपी चिंता ने बताया **शेष पेज 11 पर**

## कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की एकाउंटेंट ने की आत्महत्या

- पलामू जिले के पाटन स्थित विद्यालय की घटना, पुलिस जांच में जुटी

**पाटन।** पाटन स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में बुधवार को एकाउंटेंट प्रियंका कुमारी (28) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रियंका ने विद्यालय के शिक्षक क्वार्टर में दुपट्टे से फांसी लगाई। घटना के समय उनका मोबाइल फोन वीडियो कॉल पर सक्रिय था, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। प्रियंका की नियुक्ति इस विद्यालय में सात महीने पहले हुई थी। उनकी शादी पांच साल पहले कंचन कुमार रजक से हुई थी, जो रांची में रोजगार सेवक के पद पर कार्यरत हैं। उनकी एक तीन वर्षीय बेटी भी है। घटना के दिन, प्रियंका सुबह 11 बजे के बाद स्कूल पहुंचीं और सीधे क्वार्टर में चली गईं। दोपहर करीब 12 बजे, उनके पति ने स्कूल के गार्ड को फोन किया, क्योंकि प्रियंका उनका कॉल रिसीव नहीं कर रही थीं। गार्ड ने क्वार्टर का दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद वार्डन सुषमा कुमारी और अन्य शिक्षकों को बुलाया गया। लगभग एक घंटे की कोशिश के बाद, मिस्त्री की **शेष पेज 11 पर**

### डॉ. इरफान अंसारी ने डुमरिया पंचायत में सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास, कहा-

# जामताड़ा में 300 बेड का बनेगा अस्पताल

**बोले स्वास्थ्य मंत्री**

- मेंझिया में मेडिकल कॉलेज की होगी स्थापना
- हर पंचायत में बनाई जाएगी हाई-टेक लैब

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री एवं जामताड़ा के विधायक डॉ इरफान अंसारी ने बुधवार को कमार्टांड़ प्रखंड की डुमरिया पंचायत के कबरी बरमुंडी मोड़ से कबरी नीचे टोला तक तीन किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस बहुप्रतीक्षित सड़क का निर्माण आदिवासी बहुल क्षेत्र के विकास और वहां के निवासियों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने जनता को संबोधित करते हुए कहा, ग्रामीणों की यह मांग वर्षों से लंबित थी। मैंने वादा किया था कि यह सड़क जरूर बनेगी, और आज मैं अपना वादा निभा रहा हूं। यह सड़क न केवल यातायात को सुगम बनाएगी, बल्कि क्षेत्र में विकास के नए रास्ते भी खोलेगी। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें राज्य के स्वास्थ्य मंत्री की जिम्मेदारी दी है और वह बीमार मुक्त झारखंड के निर्माण में संकल्प के साथ काम कर रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में अब मरीजों के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जा रहा है। किसी भी अस्पताल में अब मरीज की मृत्यु के बाद पैसे की मांग **शेष पेज 11 पर**



## इंडिया | जातीय जनगणना का धुंवा जेएमएम की जमीन और विकास की धूम

**बिहार चुनाव की आहट**



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

बिहार में छह महीने बाद विधानसभा चुनाव होंगे जिसकी अघोषित तैयारी चल रही है खबर यह है कि अपनी ऐतिहासिक विजय से उत्साहित झामुमो इस बार बिहार में पूरी तैयारी से उतरेगा जिससे खेल दिलचस्प होने की संभावना है।राजनीतिक रूप से सक्रिय बिहार की जनता के साथ पक्ष और विपक्ष-दोनों ने चुनावी समर के लिए कमर कस ली है। इन तैयारियों के बीच एक बात तय है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए फिर नीतीश कुमार की ही अगुआई में चुनावी मैदान में उतरेगा । नीतीश और लालू के मिलने की कानाफूसी जनाधार और समीकरण को प्रभावित करता उससे पहले अमित शाह और बीजेपी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने नीतीश के ही चेहरे पर चुनाव लड़ने घोषणा कर लड़ाई को स्पष्ट कर दिया। बीमारी के बावजूद विपक्षी खेमे की कमान लालू यादव ने अपने हाथ में ले ली है। जनता दल से अलग होकर जब से नीतीश कुमार ने अपनी अलग राह चुनी है, बिहार में अधिकांश चुनावी युद्ध लालू और नीतीश के बीच ही हुआ है। जब यह लड़ाई सीधी होती है तब लालू का जंगलराज के भूत का डर बिहार के लोगों को सताने लगता है। जबकि बिहार को बदलने वाले नीतीश का चमकदार और सुलझा हुआ सामने आ जाता है और सियासी बाजी नीतीश की अगुआई वाले गठबंधन के ही हाथ लगती रही है। एनडीए अगर बिहार की सत्ता से अतीत में कभी दूर हुआ भी है तो उसकी वजह खुद नीतीश का उसका साथ छोड़ना रहा है। नीतीश कुमार की अगुआई में 2005 में बिहार की सत्ता पर एनडीए के आरोहण के बाद बिहार की अराजक छवि में तेजी से बदलाव हुआ। शासन की गाड़ी पटरी पर लगातार आती गई। नीतीश के पहले बिहार में बिजली के दर्शन हफ्तों या छठे छमाहे होते थे, लेकिन अब उल्टा है । बिहार की सड़कें देश और दुनिया में अपनी बदहाली के लिए जानी जाती थीं, लेकिन लगभग सारे गांव जुड़े हैं। लड़कियों को स्कूल जाने के लिए साइकिलों से लेकर आरक्षण तक मिला । कभी माफिया, अपहरण और वसूली के लिए बदनाम बिहार की छवि बदलने वाले नीतीश कुमार को नया नाम भी मिला, सुशासन कुमार। विभिन्न कारणों से पंद्रह साल बाद हुए विधानसभा चुनावों में नीतीश की पार्टी की सीटें घटीं। उनके कुछ बयानों पर सवाल भी उठे, इसके बावजूद बिहार की राजनीति का सबसे चमकदार चेहरा आज भी नीतीश कुमार ही हैं। एनडीए और जनता दल यू का आकलन है कि नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा सबसे बड़ा जिताऊ मंत्र हो सकता है। इसलिए सत्ताधारी दल की ओर से एक तरफ जहां विकास को मुद्दा बनाने की तैयारी है, तो इसमें नए आयाम जोड़ने को लेकर तेजी से काम हो रहा है। सड़क और पुल निर्माण जैसे विकास कार्यों की यह यात्रा बिहार के निचले स्तर के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। क्योंकि नीतीश सरकार की नीतियों की वजह से पहले से ही समूचे राज्य में बुनियादी सुविधाओं में तेजी से सुधार हो रहा है। अपनी सरकार की उपलब्धियों के साथ ही लोगों की राय जानने के लिए कुछ दिनों पहले से नीतीश कुमार ने राज्य में प्रगति यात्रा की। इस यात्रा के दौरान नीतीश ने जिलों में लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए सुनवाई की जगह पर ही अधिकारियों को सीधे निर्देश दिए। इस यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने बिहार के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। विशेष रूप से सड़क निर्माण, बाईपास और उच्चस्तरीय रेलवे ओवर ब्रिज की योजनाओं पर जोर दिया गया, ताकि राज्य में आवागमन की सुगमता बढ़े और यात्रा समय में कमी आए।प्रगति यात्रा के ही दौरान नीतीश कुमार ने 20,000 करोड़ रुपये की 188 योजनाओं की घोषणा की, जिनमें 121 योजनाओं को मंत्रिपरिषद की मंजूरी मिल चुकी है और उन्हें धरातल पर उतारने को लेकर तेजी से काम शुरू हो चुका है। इनमें से कई योजनाएं ग्रामीण सड़कों को बेहतर बनाने, उनका पुनर्निर्माण करने और उनकी हालत पहले की तुलना में और बेहतर बनाने को लेकर है। सत्ताधारी एनडीए का दावा है कि नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच से लगभग हर गांव को बेहतर पक्की और चौड़ी सड़कों से जोड़ा जा रहा है। जिससे बिहार के किसी भी कोने से पहले की तुलना में राजधानी पटना पहुंचना कहीं ज्यादा आसान हुआ है। वैसे शराबबंदी नीतीश के लिए चुनौती बनी हुई है क्योंकि भ्रष्ट सरकारी तंत्र के कारण शराब की तस्करी बढ़ी है। शराबबंदी से महिलाएं खुश हैं तो शराब की कमाई से करोड़पति बनने वाले और इसके आदी नाखुश है। इसी कारण प्रशांत किशोर जैसे उनके पुराने साथी विपक्षी खेमे की ओर से इसे बड़ा मुद्दा बना रहे हैं। यह भी सच है कि जातिवाद से ग्रस्त बिहार की राजनीति पर विकास की राजनीति भारी पड़ती रही है। पर दिल्ली हार से हिली कांग्रेस के राहुल जातीय जनगणना का जिन्न निकालने के अलावा कोई रोडमैप दिखा नहीं रहे जिससे इंडी गठबंधन दिख नहीं रहा।



## ईडी ने एनआरएचएम घोटाले के किंगपिन प्रमोद को किया गिरफ्तार

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** ईडी ने झारखंड में नेशनल रूरल हेल्थ मिशन (एनआरएचएम) में करीब 13 साल पहले हुए घोटाले के किंगपिन धनबाद निवासी प्रमोद कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। एजेंसी ने उन्हें रांची स्थित पीएमएलए कोर्ट (धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत कोर्ट) में पेश करते हुए उससे पूछताछ के लिए सात दिनों का रिमांड देने का आग्रह किया। कोर्ट ने तीन दिनों का रिमांड मंजूर किया है। प्रमोद कुमार सिंह को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के रांची स्थित जोनल ऑफिस की ओर से अब तक 12 समन भेजे गए थे, लेकिन वह किसी समन पर उपस्थित नहीं हुआ। इसके बाद एजेंसी ने उसे धनबाद से गिरफ्तार किया। इसके पहले सितंबर 2024 में ईडी ने प्रमोद और उसके परिवार की 1.63 करोड़ की संपत्ति जब्त की थी। प्रमोद पहले एनआरएचएम में कांट्रैक्ट के आधार पर अकाउंट मैनेजर के तौर पर काम करता था। अब उसका कोयले का बड़ा कारोबार है। झारखंड के एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने नेशनल रूरल हेल्थ मिशन में पीएचसी (प्राइमरी हेल्थ सेंटर) के लिए वर्ष 2011-12 में आवंटित छह करोड़ 97 लाख 43 हजार रुपए से अधिक की राशि के गबन का मामला पकड़ में आने के बाद 10 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। इनमें प्रमोद प्रमुख अभियुक्त था। आरोप है कि उसने पीएचसी के लिए आवंटित राशि अपने खाते में मंगवाकर खर्च की। उसके खातों में पीएचसी के 10 अकाउंट की राशि ट्रांसफर की गई थी। उसकी पत्नी प्रिया सिंह के अकाउंट में भी गलत तरीके से पैसे ट्रांसफर किए गए थे। घोटाला सामने आने के बाद प्रमोद सिंह को बर्खास्त कर दिया गया था। वर्ष 2023 में ईडी ने **शेष पेज 11 पर**

**खनन टास्क फोर्स की बैठकः बालू उत्खनन और परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध का निर्णय**

# अवैध उत्खनन पर प्रशासन सख्तः सीओ और थाना प्रभारियों पर गिरेगी गाज!



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में बुधवार को अनुमंडल कार्यालय के सभागार में प्रभारी एसडीओ सह भूमि उप समाहर्ता गौरांग महतो की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की आवश्यक बैठक हुई। इसमें अनुमंडल क्षेत्र के सभी सीओ व थाना प्रभारी मौजूद थे। बैठक के दौरान एसडीओ गौरांग महतो ने कहा कि पलामू डीसी के निर्देश पर अवैध बालू उत्खनन एवं प्रेषण पर रोक लगाने हेतु सभी बालू घाटों पर जाने वाले रास्तों पर ट्रेंच कटिंग एवं ब्रेकेटिंग करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि 31 जनवरी 2025 को जिला मुख्यालय में आयोजित खनन ट्रांसपोर्ट की बैठक में सभी नदियों से अवैध बालू खनन पर रोक लगाने हेतु निर्देश दिए गए थे। इसमें नदी की ओर जाने वाले सभी रास्तों पर ट्रेंच कटिंग कर अनिवार्य रूप से ब्रेकेटिंग करने और चौकीदारों की प्रतिनियुक्ति करने का निर्णय लिया गया था, जिससे बालू के अवैध उत्खनन पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाया जा सके। एसडीओ गौरांग महतो ने सभी सीओ व थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे अपने क्षेत्र में बालू घाट, अवैध रूप से संचालित क्रशर, मोरम सहित किसी भी तरह के अवैध उत्खनन पर कड़ी नजर रखें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी क्षेत्र में अवैध उत्खनन की सूचना मिलती है, तो वहां के सीओ व थाना प्रभारी पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। बैठक में हुसैनाबाद सीओ पंकज कुमार, हैदरनगर सीओ संतोष कुमार, मोहम्मदगंज असीओ रणवीर कुमार, हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार, दंगवार ओपी प्रभारी सोनू कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद थे। अनुमंडल के प्रधान सहायक अशोक कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी भी बैठक में उपस्थित रहे।

## ग्रामीण कौशल योजना उन्मुखीकरण कार्यक्रम आज

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड सभागार में गुरुवार को दोपहर 12 बजे से दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए बीडीओ रणवीर कुमार ने इसमें उपस्थिति को अनिवार्य बताते हुए पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने जिला पार्षद,प्रखंड प्रमुख, 20 सूत्री समिति अध्यक्ष,सांसद व विधायक प्रतिनिधि, सभी मुखिया,पंसस, वार्ड सदस्य,पंचायत सचिव और प्रखंडकर्मियों को ससमय उपस्थित होने का आग्रह किया है। इस कार्यक्रम के अनुपालन के लिए जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक को भी सूचित किया है।

## न्यूज बॉक्स

### सीओ ने चिमनी ईंट भट्ठा को जेसीबी से किया क्षतिग्रस्त




**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के पूर्णाडीह में संचालित एआरबी चिमनी भट्ठा को सीओ सह बीडीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने बुधवार को जेसीबी मशीन से क्षतिग्रस्त कर दिया। सीओ ने बताया कि चिमनी भट्ठा संचालित कर रहे प्रोपराइटर से पेपर की मांग की गई थी,इसके लिए नोटिस भी जारी किया गया था। जिला से भी जांच की गई थी। पेपर नहीं दिए जाने पर इसे अवैध मानते हुए कार्रवाई कर चिमनी ईंट भट्ठा को ध्वस्त किया गया है। चुकी चिमनी इंट भट्ठा बड़ा है। इसलिए उसे क्षतिग्रस्त किया गया है। पूरा गिराने के लिए विस्फोटक का इस्तेमाल करना पड़ेगा। ग्रामीणों के अनुसार सीओ के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान तैनात थे। ईंट भट्ठा के चारों तरफ जगह-जगह पर ईंट भट्ठा के दीवार के साथ पकने के लिए लगाये गये इंट भी क्षतिग्रस्त किया गया है। ईंट भट्ठा मालिक राजन सिंह से इस संबंध में उनका पक्ष जानने के लिए मोबाईल फोन से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

### गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में कदाचार मुक्त परीक्षा हुई



**छतरपुर।** मैट्रिक व इंटर की परीक्षा गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में बुधवार को कदाचारमुक्त वातावरण में हुई। केंद्राधीक्षक प्रो. राजकिशोर लाल ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते हुए परीक्षार्थियों व वीक्षकों को सख्त निर्देश दिए। कहा कि कदाचार करते हुए पकड़े जाने पर संबंधित छात्र को तुरंत निष्कासित कर दिया जाएगा। मजिस्ट्रेट पंकज गुप्ता ने भी परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर छात्रों को चेतावनी दी कि वह शांतिपूर्ण और अनुशासित ढंग से परीक्षा दें। एक अच्छे विद्यार्थी का परिचय दें। उन्होंने कहा कि यदि कोई परीक्षार्थी नकल करते हुए पकड़ा जाता है, तो उन्हे सीधे परीक्षा से वंचित कर जेल भेज दिया जाएगा। इंटर साइंस संकाय के गणित विषय की आयोजित परीक्षा में 527 परीक्षार्थी में से 523 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। 4 अनुपस्थित रहें। परीक्षा केंद्र में पुलिस, सीसीटीवी, पानी, मेडिकल किट जैसे तमाम सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

## बिजली चोरी के आरोप में छह पर केस, 88 हजार का जुर्माना लगा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** थाना क्षेत्र विभिन्न गांवों में बुधवार को बिजली विभाग की की टीम ने विशेष छापेमारी अभियान चलाया। सहायक विद्युत अभियंता राम प्रसाद महतो के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के दौरान 6 लोगों को बिजली चोरी के आरोप में पकड़ा गया। इसमें गोड़ाडीह के रुद्र प्रताप सिंह, आजादनगर के अजहर खान, बटौवा की हुस्नआरा खातून, बरडंडा की रौशन बीबी, सबनवा के असगर अंसारी और डाली के जावेद इकबाल के खिलाफ बिजली चोरी का मामला दर्ज किया गया है। इन पर कुल 88 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। छापेमारी अभियान में विद्युत विभाग के जितेंद्र ठाकुर, ललितेश्वर मेहता, मंटू मुंडा, रंजय कुमार और ऊर्जा साथी रविशंकर सिंह शामिल थे।

## लेस्लीगंज के युवक की महुआडांड़ में सड़क दुर्घटना में मौत

- परिजनों ने ससुराल पक्ष पर लगाया हत्या का अरोप
- पुलिस मामले की कर रही छानबीन



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम सोनबरसा निवासी यदुनंदन ठाकुर के 35 वर्षीय पुत्र सुरेंद्र ठाकुर का 17 फरवरी को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। बताया जाता है कि सुरेंद्र अपने मामा ससुर के घर शादी समारोह में महुआडांड़ गया था। खाना खाने के बाद तीन किलोमीटर दूर घर पर अपने बाइक से रात्रि विश्राम करने जा रहे थे। इस बीच रास्ते में 9:30 बजे मोटरसाइकिल से गिरकर घायल हो गए। उसकी पत्नी और उसके साथ ससुर ने देखा कि रास्ते में उसका दामाद गिरा है, तब आनन-फानन में उसे महुआडांड़ हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। वहां डॉक्टर ने उसे बेहतर इलाज के लिए गुमला भेज दिया। इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। युवक का शव मंगलवार को रात्रि लेस्लीगंज थाना के सोनबरसा पहुंचते ही शव देखते ही परिजनों ने ससुराल वाले पर हत्या का आरोप लगाया। कहा कि ससुराल वाले ने ही हमारे बेटे को जान से मार दिया है। योगेंद्र की मां ने बताया कि शादी के लगभग 7 वर्ष हो गए। उसके बाद में भी हमारे बहू अपने मायके में रहती थी। एक-दो दिन के लिए आई थी और फिर झगड़ा-लड़ाई कर अपने मायके चली जाती थी। बार-बार ससुराल वाले ने हमारे बेटा के मारने पीटने के बात करते थे। इसके लेकर दर्जनों बार गांव में पंचायत हुई थी। बावजूद सुधार नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि एक्सीडेंट का कोई लक्षण नहीं है। अगर एक्सीडेंट होता तो पुलिस को भी सूचना मिलती। पुलिस को सूचना नहीं दी गई है। चेहरे पर और शरीर पर मारपीट के कई जख्म भी है। परिवार वालों ने पोस्टमार्टम कराने की मांग की है। इसके बाद लेस्लीगंज थाना के हस्ताक्षेप के बाद शव महुआडांड़ थाना भेजा गया है। इस घटना से गांव में कोहराम मच गया है। परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की पत्नी ने बताया कि मेरे पति शराब के नशे में रहते थे और दूसरे लड़की के साथ में बात करते थे।

## मातृ शक्ति की सम्मान से खुशहाली आएगीः मनोज कृष्ण



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पोल्डीह-जगदीश पुर गांव में देवी मां प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ के तीसरे दिन देवी मां की अधिवास की प्रक्रिया पूरी की गयी। यज्ञाचार्य धर्मराज पांडेय के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उक्त अनुष्ठान पूरी की गयी। महायज्ञ के चौथे दिन बुधवार को नगर भ्रमण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। परिक्रमा करने वाले भीड़ रही। महायज्ञ के दौरान श्री धाम वृंदावन से पधारे पंडित मनोज कृष्ण जी महाराज ने प्रवचन के दौरान कहा कि माता देवी का प्राण प्रतिष्ठा की अनुष्ठान जारी है। हमें समाज को सशक्त बनाने के लिये मातृ शक्ति को सम्मान करने की जरूरत है। घर समाज मे खुशहाली के लिये यह सनातन संस्कृति की अहम फैसला है। उन्होंने कहा कि जो मां को समझ गया। उसे परम पिता परमेश्वर की समझ हो जाएगी। उन्होंने कहा कि परम पिता परमेश्वर हर जगह हैं। देखने की नजरिया हो, वहीं सांध्य आरती को संबोधित करते हुए कहा कि सुखमय जीवन का आधार मन को शांत रखना है। आज भौतिक संसाधनों के पीछे भाग रहा है। कुमार्ग पर चलकर धन संग्रह में जुटा है। लेकिन ऊपर की अदालत में यह काम नहीं आएगा। किया गया पूण्य ही साथ जाएगा। वहीं उन्होंने परिक्रमा व अधिवास की वैज्ञानिक व आध्यात्मिक महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में महायज्ञ समिति व समस्त ग्रामीण सक्रिय हैं। 21 फरवरी को महा भंडारा के साथ महायज्ञ का समापन होगा।

## प्रशिक्षु आईपीएस को हैदरनगर थाना का मिला प्रभार



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** स्थानीय थाना कार्यालय हैदरनगर में बुधवार को भारतीय पुलिस सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी दिव्यांश शुक्ल ने हैदरनगर के थाना प्रभारी का प्रभार ग्रहण किया है। इनके प्रभार थाना प्रभारी अफजल अंसारी, एसआई विवेक कुमार सहित अन्य पदाधिकारी ने उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इनके नेतृत्व में स्थानीय पुलिस को उच्च और बेहतर कार्य अनुभव का लाभ मिलेगा। प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी दिव्यांश शुक्ल ने कहा कि स्थानीय पुलिस बल के समन्वय व सशक्ति के साथ थाना क्षेत्र के सभी मामलों का आसानी से निपटाने के हरसंभव प्रयास किये जायेंगे।

## आजादी के बाद से अब तक मुख्य सड़क से नहीं जुड़ा है किशुनडीह गांव, पगडंडी ही सहारा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय के पंचायत अंतर्गत काशीसोत नदी के किनारे पर स्थित किशुनडीह गांव आजादी के इतने सालों बाद भी मुख्य सड़क से नहीं जुड़ सका है। ऐसे में पगडंडियों के सहारे ही कुछ ही दूरी पर स्थित मुख्य सड़क तक पहुंचने का राह आसान नहीं है। दलित बहुल इस गांव के करीब 25 घरों की आबादी 300 से अधिक की बताई जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि इस गांव से होकर ही पदारथडीह, राजनडीह, झरीवा, नदीपर, गोलापत्थर सहित अन्य कई गांव के लोगों के मुख्य सड़क, रविवारीय साप्ताहिक हाट के साथ ही श्मशानघाट तक जाने का रास्ता है। जाड़ा और गर्मी के मौसम में तो राह आसान होता है, मगर बरसात में होने वाली परेशानी को समझा जा सकता है। बावजूद इसके न ही जनप्रतिनिधियों और न अधिकारियों के स्तर से इस समस्या के समाधान को गंभीरता से लिया गया है। इसका उनको मलाल है। उन्होंने अब नवनिर्वाचित विधायक से इस समस्या के समाधान की अपेक्षा की है।

## पदाधिकारियों के आश्वासन के बाद भाजपा नेता का अनशन समाप्त



**समर्थन में व्यवसायियों ने बंद रखी थी अपनी-अपनी दुकानें**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड अंचल सह नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं के समाधान करने के आश्वासन पर प्रखंड परिसर में भाजपा नेता सह समाज सेवी राजीव रंजन का 11 सूत्री मांगों को लेकर तीन दिनों से जारी आमरण अनशन बुधवार की देर शाम समाप्त हो गया। बीडीओ परितोष प्रियदर्शी, सीओ मनीष कुमार सिन्हा, कार्यपालक पदाधिकारी फैजुर रहमान अंसारी, सिटी मैनेजर नजीबुल्लाह अंसारी, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने संयुक्त रूप से अनशन कर रहे राजीव रंजन तथा जेपी गुप्ता को नारियल पानी पिलाकर अनशन तुड़वाया। इससे पहले पदाधिकारियों ने अनशन स्थल पर आकर आवास योजना में आवेदन वसूली की जांच के लिए कमेटी बनाने, नगर पंचायत क्षेत्र में विभिन्न विकास योजनाओं की स्वीकृति दिलाने, जन्म, जाति, आवासीय प्रमाण पत्र बनाने में सरलीकरण करने, शहरी स्वास्थ्य केंद्र खुलवाने, कचरा का निस्तारण कराने सहित विभिन्न समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। मालूम हो कि आमरण अनशन के समर्थन में शहर के व्यवसायियों ने अपनी दुकान बंद रखी। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विपुल गुप्ता, महामंत्री ज्योति पांडेय ने अनशन स्थल पर पहुंच कर आंदोलन का समर्थन किया। साथ ही आंदोलनकारियों का हौसला बढ़ाया। राजीव रंजन ने कहा कि अश्वासन के बावजूद जनहित की समस्याओं का समाधान नहीं होने पर पुनः अनशन करेंगे। मौके पर पूर्व प्रमुख प्रदीप सिंह, अखिलेश मेहता, सतेंद्र मेहता, मृत्युंजय सिंह, विश्वदीप कुमार, अजय सिंह, विजय शौंडिक, शंभू यादव, मुकेश मेहता, रामवृक्ष मस्ताना, संजय जायसवाल, जानू चौधरी, उदय मेहता,अखिलेश मेहता, धनंजय मेहता,अरविंद बोस, राजेश दास, अजय स्वर्णकार, दिनेश स्वर्णकार, कृष्णा क्रांतिकारी, सत्येंद्र पासवान, दिनेश गुप्ता, पूर्व मुखिया सुरेश चौधरी, शंभू सिंह, सहित कई लोग उपस्थित थे।

## चार पंचायत स्वयं सेवकों को बनाया गया पंचायत सहायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** बीडीओ विश्व प्रताप मालवा के निर्देश पर बुधवार को हैदरनगर प्रखंड के बभंडी पंचायत सचिवालय में पंचायत स्तरीय आमसभा मुखिया जितेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में हुई। पंचायत सेवक शैलेन्द्र कुमार ने उपस्थित लोगों को बताया कि इस सभा में सरकार के गाइडलाइन के अनुसार पंचायत सेवकों को पंचायत सहायक के रुप में प्रभार देने व वित्तीय वर्ष 2025- 2026 के लिये सबकी योजना-सबका विकास के तहत योजना का प्रस्ताव लेना है। उन्होंने बताया कि इस पंचायत के बभंडी, गोल्हना, ईटवा, खरडीहा के पूर्व से कार्यरत पंचायत सेवक अरुण कुमार, पूजा सिंह, प्रदीप कुमार व छोटे लाल को ही सर्वसम्मति से पंचायत सहायक के पद का प्रभार दे दिया गया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न गांवों से ग्रामीणों की संख्या कम रहने से सबकी योजना-सबका विकास योजना के तहत प्रस्ताव लेने का काम स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस पंचायत के विभिन्न गांवों में पुनः ग्राम स्तर पर ग्रामीणों को जागरुक कर ग्रामसभा करायी जायेगी। जिसकी तिथि ग्रामवार सुविधानुसार तय कर घोषणा की जायेगी। इसके बाद पंचायत स्तरीय आमसभा में प्राप्त योजनाओं के प्रस्तावों का अनुमोदन करने का कार्य किया जायेगा। बैठक में राजद जिला सचिव लल्लू सिंह, अरविन्द सिंह सहित कई ग्रामीण व महिलाएं शामिल थीं।

## सीएसपी से दो मोबाइल की लूट



**हैदरनगर।** स्थानीय बाजार क्षेत्र के जवाहर पथ हैदरनगर स्थित सद्दाम के सीएसपी में लुटेरों ने एक बार फिर पैसे लूटने का प्रयास किया, किन्तु पैसा तो नहीं मिलने पर काउंटर पर रखे दो मोबाइल सेट लेकर लुटेरे भाग निकले। बता दें कि बाजार क्षेत्र के बभंडी स्थित शिवकुमार प्रसाद के सीएसपी में अपराधियों ने धावा बोलकर 80 हजार रुपए लूट ली थी। इससे स्पष्ट है कि इनका सुराग नहीं मिलने से वर्तमान में भी अपराधियों के हौसले बुलंद है। सूचना मिलते ही पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

**आस्था**

## संत रविदास की प्रतिमा की स्थापना, शोभायात्रा में उमड़े भक्त

### संत रविदास ने समाज में ऊंच नीच के भेदभाव को मिटाने का संदेश दिया : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** लटपौरी में बुधवार को संत रविदास मंदिर में उनकी प्रतिमा स्थापित की गई। इससे पहले शोभायात्रा निकाली गई। इसमें भारी संख्या में शामिल भक्तों ने लटपौरी और माली गांव की गलियों सहित कादलकुर्मी-जपला मुख्य पथ से चलकर प्रखंड मुख्यालय के दैनिक बाजार में स्टेशन रोड का भ्रमण किया। वापस लौटकर नवनिर्मित मंदिर में प्रतिमा को स्थापित किया। भक्तों के जयकारे से शोभायात्रा शोभायमान हो गया था। प्रतिमा का अनावरण विधायक संजय कुमार सिंह ने माल्यार्पण कर किया। इस मौके पर उन्होंने संत रविदास के आदर्शों को अपनाने का आह्वान करते हुए शिक्षित समाज के निर्माण के लिए काम करने की संदेश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी महापुरुष की पूजा के साथ उनके मार्ग का अनुशरण करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धा है। संत रविदास ने समाज में ऊंच नीच के भेदभाव को मिटाने का संदेश दिया है। समाज के शिक्षित होने से ऊंच-नीच के भेदभाव की भावना मिट जाएगी। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामजन्म राम और बीडीओ रणवीर कुमार के अलावा उमेश राम मुखिया, राजद नेता कलामुद्दीन खान, मनोज कुमार सिंह, सिद्धार्थ कुमार व अन्य कई लोग शामिल थे। बोधगया के महंत भिक्खु शिशमणि के सन्मार्ग में शोभायात्रा के साथ संत रविदास की 648 वीं जयंती पर प्रतिमा स्थापित करने का कार्यक्रम पारंपरिक तरीके से पूरा किया गया। बाद में प्रीतिभोज का आयोजन किया गया। इसके बाद रात में ब्यास राजमुनि झारखंडी और सुनील चट्टान के बीच संत की जीवनी और संदेश पर आधारित गायिकी का मुकाबला हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में हरि यादव, बबन देव भारती, सुनील राम, दिनेश कुमार, संजय राम, सचिन कुमार, लवकुश कुमार, वकील राम, भोला राम और प्रभात कुमार सहित अन्य कई लोगों ने अहम किरदार निभाया। इस दौरान लोगों के बीच श्रद्धा, उत्साह और उमंग का माहौल बना हुआ था।

## विद्यालय कंप्यूटर रूम का ताला तोड़कर चोरी

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के अली नगर उत्क्रमित मध्य विद्यालय अलीनगर के कंप्यूटर रूम का ताला तोड़कर चोरी करने का मामला सामने आया है। इस चोरी की घटना के मामले में विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदेश्वर राम ने चोरों के खिलाफ लिखित आवेदन दिया है। थाना को दिये गये आवेदन में कहा है कि जब 18 फरवरी को स्कूल पहुंचा तो देखा की कंप्यूटर रूम का ताला टूटा है। जब अंदर देखा तो उसमें रखे मोनिटर, माउस, स्टेपलाइजर, सीपीयू, डोंगल, चार्जिंग मशीन आदि गायब है। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर चोरी की घटना की छानबीन शुरू कर दी गई है।

### प्रमंडल स्तरीय किसान मेला सह उद्यान प्रदर्शनी में उमड़ी भीड़

# कृषि मंत्री ने किया परिसंपत्तियों का वितरण, वित्त मंत्री ने किसानों के लिए नई योजनाओं पर दिया जोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में एकदिवसीय प्रमंडल स्तरीय किसान मेला सह उद्यान प्रदर्शनी का आयोजन शिवाजी मैदान में बुधवार को किया गया। इस दौरान मेले में 35 स्टॉल लगाए गए थे। मेले में कई किसानों के बीच विभिन्न परिसंपत्तियों का वितरण किया गया, जबकि तीनों जिलों से आए किसानों के लिए गोष्ठी का आयोजन कर उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि मंत्री के अलावा वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी, जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, पलामू डीडीसी शब्बीर अहमद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। डीडीसी शब्बीर अहमद ने स्वागत भाषण में कहा कि इस किसान मेला सह उद्यान प्रदर्शनी में तीनों जिलों के किसानों की भागीदारी है। आज भी 70% आबादी कृषि पर निर्भर है। कृषि विभाग के अंतर्गत मत्स्य, सहकारिता समेत कई अन्य विभाग कार्यरत हैं, जो किसानों को केसीसी लोन, प्रशिक्षण और उन्नत खेती के लिए जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं।



**सिंचाई व्यवस्था पर जोर :** जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने कहा कि पलामू में भूगर्भ जल की उपलब्धता के बावजूद निकास की व्यवस्था नहीं है, जिससे कृषि योग्य भूमि का सीमित उपयोग हो पा रहा है। उन्होंने कृषि मंत्री से हर पंचायत में कृषि केंद्र खोलने का अनुरोध किया ताकि किसानों को पंचायत स्तर पर लाभ मिल सके। पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी ने कहा कि पलामू हमेशा से अकाल और सुखाड़ की मार झेलता आया है। उन्होंने हेमंत सरकार से सिंचाई व्यवस्था को दुरुस्त करने और किसानों के लिए विशेष प्रयास करने की अपील की। मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि कृषि मंत्री की सोच के कारण ही इस तरह का प्रदर्शन मेला आयोजित हो रहा है। उन्होंने कहा कि लातेहार जिले की स्थिति और भी बदतर है। पलामू टाइगर रिजर्व के गांवों में जल संकट की समस्या का जिक्र करते हुए उन्होंने वित्त मंत्री से सोलर पंप के माध्यम से डीप बोरिंग उपलब्ध कराने का आग्रह किया, जिससे किसानों को सिंचाई की सुविधा मिल सके।

**विभिन्न विभागों और संस्थाओं के स्टॉल आकर्षण का केंद्र :** किसान मेले में 35 से अधिक स्टॉल लगाए गए, जिनमें अधिकांश कृषि विभाग और सहकारी संस्थाओं से संबंधित थे। किसानों ने विभिन्न स्टॉलों पर जाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी ली। भूमि संरक्षण विभाग के स्टॉल पर मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना समेत अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई। जिला गव्य विकास कार्यालय के स्टॉल पर मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की जानकारी प्रदान की गई। झारखंड माटी कला बोर्ड के स्टॉल पर मिट्टी से बने तवा, पानी की बोतल, कड़ाही, कप-प्लेट और कुल्हड़ बिक्री के लिए उपलब्ध थे, जिन्हें लोगों ने खूब पसंद किया। सहकारिता विभाग के स्टॉल में काला चावल, काली हल्दी, काला आलू, काला अदरक, बाजरे और ज्वार का आटा बिक्री के लिए उपलब्ध थे।

**16 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण :** किसान मेले में प्रमंडल के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे किसानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान 16 लाभुकों के बीच विभिन्न परिसंपत्तियों का वितरण कृषि मंत्री द्वारा किया गया। गढ़वा से आई अपर्णा कुमारी ने बताया कि वह अन्य महिलाओं के साथ मिलकर स्वयं सहायता समूह चला रही हैं। इस कार्यक्रम में आकर उन्हें सरकार की कई योजनाओं की जानकारी मिली, जिससे उन्हें भविष्य में लाभ मिलेगा। लातेहार के चंदवा से आए रंजीत मेहता ने कहा कि विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है, लेकिन इन्हें धरातल पर भी लागू किया जाना चाहिए ताकि किसानों को इसका सीधा लाभ मिल सके। पलामू की पंडवा से आई जीवन ज्योति स्वयं सहायता समूह की सदस्य कालिंदी पांडेय, भागमती देवी, रीना देवी सहित अन्य महिलाओं ने प्रदर्शनी में मिली जानकारी पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व में वे पारंपरिक खेती करती थीं, लेकिन सरकार की योजनाओं से प्रेरित होकर अब मशरूम और अन्य व्यावसायिक खेती कर रही हैं, जिससे उन्हें अच्छी आमदनी हो रही है।

## उपायुक्त की पहल: अनुमंडल स्तर पर स्थापित होगा कैंप कार्यालय, जनता को मिलेगा त्वरित लाभ

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त शशि रंजन की पहल से अब आमजन को सरकारी योजनाओं और प्रशासनिक कार्यों के लिए जिला मुख्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उपायुक्त की सकारात्मक सोच के तहत अनुमंडल स्तर पर कैंप कार्यालय स्थापित किए जाएंगे, जिससे विभिन्न विभागीय कार्यों का त्वरित निष्पादन संभव हो सकेगा। उपायुक्त ने इस संबंध में आवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं, और तैयारियां भी शुरू हो चुकी हैं।

प्रत्येक माह के द्वितीय गुरुवार को छतरपुर तथा चतुर्थ गुरुवार को हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय परिसर में कैंप कार्यालय संचालित किया जाएगा। इन दिनों संबंधित अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय असैनिक एवं तकनीकी पदाधिकारी कैंप कार्यालय में उपस्थित रहकर विभागीय कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारियों को कैंप कार्यालय के संचालन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

उपायुक्त ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक तेजी से पहुंचाने और उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के लिए यह पहल की गई है। इससे न सिर्फ सरकारी योजनाओं का लाभ तेजी से लोगों तक पहुंचेगा, बल्कि प्रशासनिक कार्यों में भी सुगमता आएगी। उपायुक्त ने आशा जताई कि इस पहल से समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचेगा और उनका जीवन स्तर बेहतर होगा।

## सोना सोबरन योजना के तहत लाभुकों के बीच धोती, लूंगी, साड़ी का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद/हैदरनगर।** प्रखंड सभागार में सोना-सोबरन योजना के क्रियान्वयन में अधिकारियों से लेकर प्रतिनिधियों के सहयोग से योजना के गति में तेजी आई है। प्रखंड सभागार में इस योजना के तहत विभिन्न पंचायतों से जुटे सैकड़ों राशन कार्डधारी व लाभुकों को धोती-साड़ी देकर लाभान्वित किया है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने करते हुए कहा कि चार दिनों पूर्व ही सभी पंचायतों में इस योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने के लिखित निर्देश जारी किए गए हैं। इस योजना के धरातल में लाने को लेकर कार्यक्रम में उपप्रमुख पप्पू कुमार पासवान, राजद के प्रदेश सचिव मो. रिजवान खान, जिला सचिव लल्लू सिंह, अनुमंडल अध्यक्ष खुर्शीद अहमद व प्रखंड अध्यक्ष शमीम अहमद, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ. अजय जयसवाल, मो. अशरफ, साबिर अली, मुखिया सुदर्शन पासवान, फैयाज अहमद, लाली यादव, रामसुंदर मेहता , एआर रहमान, राजेश्वर यादव, शब्बीर आलम ने सक्रिय भूमिका के साथ वास्तविक लाभुकों को इसका लाभ दिलाने में सहयोग किया है। प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमरेश कुमार ने उपस्थित प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को अपने प्रतिष्ठान पर अविलंब व यथाशीघ्र इस कार्य को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया है। उधर बीडीओ के दिशा निर्देश के आलोक में परता पंचायत में इस योजना से आवंटित धोती साड़ी का वितरण मां शेरा वाली पीडीएस समूह परता के प्रतिष्ठान से पंसस गुप्तेश्वर ने शुरू किया गया है। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्र परता 3 में बच्चों को पोशाक, जूता, कॉपी, पेंसिल देने के बाद एमडीएम के भोजन में अंडा, हलुवा व अन्य व्यंजन स्वयं परोसकर खिलाया। जिसमें सेविका अनीता कुंवर, समाजसेवी राजनाथ साह, मीना देवी, आसमा बीबी सहित कई अभिभावक शामिल थे।

## विधायक ने विकास योजनाओं में लूट पर चिंता जाहिर की

**रंका।** समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं को पहुंचाने में कानून के साथ व्यवहारिक पक्ष का ख्याल रखना बेहतर होगा। ये बातें भाजपा विधायक सतेंद्रनाथ तिवारी ने बुधवार को रंका प्रखंड कार्यालय में अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में कही। उन्होंने कहा कि वह अपने सार्वजनिक जीवन में पूरी ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। साथ ही यह उम्मीद प्रखंड व अंचल के पदाधिकारियों एवं कर्मियों से भी रखते है। गरीबों की आह लेकर बहुत रूपया कमाने वाला व्यक्ति अंततः बहुत ही कष्टमय हो जाता है। उदाहरण देते हुए कहा कि कई लोग गरीबों का आह लेने के कारण उनका संपूर्ण वंश का नाश हो गया। रंका प्रखंड के सभी 14 पंचायतों में मनरेगा, 15वीं वित्त समेत अन्य विकास योजनाओं में हो रही लूट पर चिंता जाहिर की। उन्होंने शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई करने की नसीहत प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया। कहा कि कल तक क्या हो रहा था, वह मायने नहीं रखता, आज समाज के अंतिम व्यक्ति को यह महसूस होना चाहिए कि सरकारी योजनाओं का लाभ उसे मिला है।

## पलामू ने कोलकाता को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई

**▸▸ जंतु लकड़ा बने मैन ऑफ द मैच, खेल प्रेमियों की उमड़ी भीड़**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पुलिस लाइन स्टेडियम में वीर शहीदों की पावन स्मृति में आयोजित अंतर्राज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट के चौथे मैच में पलामू की टीम ने कोलकाता को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जंतु लकड़ा को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। बुधवार को हुए इस मुकाबले में मुख्य अतिथि समाजसेवी रामदास साहू मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि शहीदों की याद में इस तरह के आयोजन करना सराहनीय प्रयास है और यह देशभक्ति की भावना को प्रकट करता है।

**मैच का रोमांचक सफर :** मैच से पूर्व खिलाड़ियों का परिचय अतिथियों से कराया गया। खेल के पहले हाफ में दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकीं। 69वें मिनट में पलामू के जंतु लकड़ा ने पहला गोल दागा, जबकि 82वें मिनट में काली ने दूसरा गोल कर बढ़त को मजबूत किया। कोलकाता के कृष्णा मांडी ने 83वें मिनट में गोल कर मैच को रोमांचक बना दिया, लेकिन अंततः पलामू ने जीत दर्ज की। मैच के दौरान भारी संख्या में दर्शक स्टेडियम में मौजूद रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।


**सम्मान समारोह और अन्य आयोजन :** इस अवसर पर आयोजन समिति के सचिव मनोहर कुमार लाली ने मुख्य अतिथि को मोमेंटो, अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथियों को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

मैच के दौरान सुनील टोप्पो ने मुख्य रेफरी की भूमिका निभाई, जबकि जफर आलम, अब्दुल मजीद और तबरेज आलम सहायक रेफरी रहे। कमेंट्री का संचालन धनु नाग और जिला बल के वेद प्रकाश ने किया, जबकि मंच संचालन मनोहर कुमार लाली ने किया। इस मौके पर एएसपी राकेश कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक दीपक कुमार, पूर्व उपमहापौर राकेश कुमार सिंह, संरक्षक विभाकर नारायण पांडेय, प्रभारी मेजर सुरेश राम, पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार सिन्हा, सार्जेंट मैरी खलखो, विक्रांत दुबे, रिंकू सिंह, नागेंद्र चौधरी, प्रसेनजीत दास गुप्ता सहित हजारों दर्शकों की भीड़ स्टेडियम में उमड़ी।

## एमएमसीएच के नए भवन में मधुमक्खियों का आतंक

**● मरीजों और परिजनों को हो रही परेशानी, प्रशासन ने कार्रवाई का दिया आश्वासन**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर स्थित मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एमएमसीएच) के नए भवन में मधुमक्खियों के छत्तों की बढ़ती संख्या से मरीजों और उनके परिजनों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। नए भवन के मेटरनिटी वार्ड, पोस्टपार्टम रिकवरी वार्ड और अन्य वार्डों की खिड़कियों के पास मधुमक्खियों ने कई छत्ते बना लिए हैं, जिससे खिड़कियां बंद रखनी पड़ती हैं। इससे वार्डों में उमस बढ़ जाती है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को असुविधा हो रही है।

अस्पताल की नर्सों ने बताया कि मधुमक्खियों के छत्ते खिड़कियों के पास होने के कारण उन्हें खोलना संभव नहीं है।

**खाद्य सुरक्षा उल्लंघन मामला पर प्रशासन सख्त**

## 8 प्रतिष्ठानों पर 2.65 लाख रुपये का जुर्माना

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** खाद्य सुरक्षा मानकों को बनाए रखने और सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा के मद्देनजर, न्याय निर्णयन पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने जनवरी माह से अब तक खाद्य सुरक्षा उल्लंघन के मामले में 8 प्रतिष्ठानों पर कुल 2,65,000 रुपये का जुमार्ना लगाया है।

अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने बताया कि घटिया और मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने तथा भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक नियमों का उल्लंघन करने वाले विक्रेताओं के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है। इससे पूर्व इन प्रतिष्ठानों से लिए गए खाद्य नमूनों को जांच के लिए रांची स्थित स्टेट फूड टेस्टिंग लैबोरेट्री भेजा गया था।

फूड सेफ्टी ऑफिसर गुलाब लकड़ा द्वारा समय-समय पर खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्रित किए जाते हैं, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाता है।

न्याय निर्णयन पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने जनवरी 2025 से अब तक 8 प्रतिष्ठानों पर कुल 2,65,000 रुपये का जुर्माना लगाया है। इन प्रतिष्ठानों में राजेन्द्र प्रसाद होटल (सतबरवा), हॉट लिप्स रेस्टोरेंट (तिनकोनिया गैरेज, मेदिनीनगर), बिट्टू तिलकुट भंडार (अमला टोली, मेदिनीनगर), अर्चना होटल (रेड़मा), कुमार स्वीट्स (रेड़मा), शिव भोजनालय (रेड़मा), अरबन रेस्टोरेंट (पुलिस लाइन रोड, मेदिनीनगर), और संतोष होटल (सतबरवा) शामिल हैं। इन पर घटिया और मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने तथा भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक नियमों का उल्लंघन करने का आरोप है। फूड सेफ्टी ऑफिसर गुलाब लकड़ा द्वारा समय-समय पर इन प्रतिष्ठानों से खाद्य नमूने एकत्रित कर रांची स्थित स्टेट फूड टेस्टिंग लैबोरेट्री में जांच के लिए भेजे गए थे। अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने बताया कि खाद्य सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि जनता को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध हो सकें।

## एमएमसीएच में बालाजी कंपनी के कर्मचारियों का वेतन कटा, असंतोष बढ़ा

**▸▸ कर्मचारियों ने वेतन कटौती पर जताई नाराजगी, समाधान नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम स्थित एमएमसीएच (मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल) में कार्यरत आउटसोर्सिंग कंपनी बालाजी के कर्मचारियों और सफाई कर्मियों के वेतन में भारी कटौती की गई है। अस्पताल में कार्यरत लगभग सभी कर्मियों के वेतन से 2000 रुपये से लेकर 3000 रुपये या उससे अधिक की कटौती की गई है, जिससे वे नाराज हैं।

वेतन कटौती से परेशान कर्मी शुक्रवार को अपनी शिकायत लेकर अस्पताल अधीक्षक डॉ. डी. कुमार के पास पहुंचे। अधीक्षक ने कर्मियों को आश्वासन दिया कि शाम तक बालाजी कंपनी के मालिक से बात कर कटौती के कारणों का पता लगाया जाएगा।

इस संबंध में अस्पताल में बालाजी कंपनी के सुपरवाइजर अर्जुन तिवारी ने कहा कि उन्हें वेतन कटौती का कोई कारण नहीं बताया गया है। उधर, कर्मियों ने चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान जल्द नहीं हुआ तो वह आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## जिला अनुकंपा समिति की बैठक में अहम फैसले मृत सरकारी कर्मियों के आश्रितों को मिलेगा लाभ

- **एसीपी और एमएसीपी : 16 कर्मियों को मिला प्रमोशन का तोहफा**
- **8 आवेदकों को अनुकंपा पर नियुक्ति हेतु समिति की अनुशंसा**
- **मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों की अनुकंपा नियुक्ति पर निर्णय**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों की अनुकंपा नियुक्ति को लेकर चर्चा की गई। समिति के समक्ष प्रस्तुत 10 आवेदनों की विस्तृत जांच की गई, जिसमें आवेदकों द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता, आवासीय प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, विभागीय निर्देश, एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की समीक्षा की गई। जांच उपरांत, पात्रता पूरी कर रहे 8 आवेदनों को स्वीकृत कर अनुकंपा नियुक्ति हेतु अनुशंसा की गई। वहीं, एक आवेदन अस्वीकृत कर दिया गया, जबकि एक अन्य मामले में निर्णय को लंबित रखते हुए आवेदक को आवश्यक दस्तावेज पूर्ण करने तथा सत्यापन हेतु निर्देश दिया गया। उपायुक्त शशि रंजन ने संबंधित विभागों से रिक्त पदों की जानकारी ली एवं अनुशंसित आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश स्थापना उपसमाहर्ता को दिया।

इसके अतिरिक्त, कर्मचारियों को एसीपी एवं एमएसीपी का लाभ देने को लेकर भी बैठक में चर्चा की गई। प्राप्त 21 आवेदनों की समीक्षा के उपरांत 16 आवेदन स्वीकृत किए गए। बैठक में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा, स्थापना उप समाहर्ता सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पुलिस ने नौ एकड़ से अधिक अवैध अफीम खेती नष्ट की

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में बुधवार को अवैध अफीम और पोस्ता की खेती के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस और प्रशासनिक टीम ने कई स्थानों पर अवैध रूप से उगाई गई फसल को नष्ट किया।

छतरपुर थाना क्षेत्र के बैरगाय गांव के जंगल में करीब चार एकड़ में फैली अफीम की खेती को नष्ट किया गया। वहीं, पिपराटांड़ थाना क्षेत्र में गिडी-कुंदा बॉर्डर के पास वन भूमि पर दस कट्ठा में उगाई गई अफीम और पोस्ता की अवैध खेती को भी नष्ट कर दिया गया। पांकी थाना क्षेत्र के जांजो और पोरसम गांवों में करीब पांच एकड़ में फैली अफीम और पोस्ता की खेती को विशेष अभियान के तहत समाप्त किया गया। पलामू पुलिस अवैध नशे के कारोबार और इसकी खेती के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। साथ ही, आम जनता से अपील की गई है कि वे अवैध खेती और नशे के व्यापार से जुड़ी किसी भी गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समाज को नशामुक्त और सुरक्षित बनाया जा सके।

तीन दिवसीय ग्राम स्तरीय जलछाजन परियोजना जागरूकता अभियान का समापन

# वर्षा जल का संरक्षण व भू- जल को बढ़वा देना उद्देश्य: विधायक



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** जल है तो कल है और मिट्टी है तो जीवन है, उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए 'जल लाए धन-धान्य' थीम के साथ चिनियां प्रखंड में तीन दिवसीय ग्राम स्तरीय जलछाजन परियोजना जागरूकता अभियान का समापन हो गया। कार्यक्रम में मुख्य भाजपा गढ़वा विधायक सतेंद्रनाथ तिवारी, उपायुक्त शेखर जमुआर, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी, वन प्रमंडल एबिन बेन्नी एब्राह्म ने मौजूद थे। यह कार्यक्रम भूमि संसाधन विभाग भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत झारखंड राज्य जलछाजन मिशन, ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार द्वारा आयोजित जलछाजन कार्यक्रम, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी वन प्रमंडल द्वारा चिनियां प्रखंड में क्रियान्वित किया गया। वाटरशेड यात्रा महोत्सव का शुभारंभ केंद्रीय ग्रामीण विकास शिवराज सिंह चौहान ने 5 फरवरी 2025 को मध्य प्रदेश के शिवहर जिले से किया था। इस क्रम में झारखंड जलछाजन मिशन ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार द्वारा रांची से इसका शुभारंभ किया गया।

**6 पंचायतों के 17 गांव को शामिल किया गया है :** गढ़वा जिला के चिनियां प्रखंड अन्तर्गत संचालित जलछाजन परियोजना कुल 6 पंचायतों के 17 गांवों में कुल 5977.55 हेक्टेयर भूमि में ग्रामीण विकास विभाग अन्तर्गत जलछाजन परियोजना क्रियान्वित की जा रही है। इसके तहत प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, आजीविका समवर्धन तथा उत्पादन क्षमता प्रणाली जैसे घटकों के माध्यम से कृषि उत्पादकता तथा आय में बढ़ोतरी होगी। इस कार्यक्रम में भोला यादव, गनेश्वर यादव, राजू परहिया सहित अन्य को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा कौशल आजीविका सखी मंडल समूह, उमा, सरिता, जयंती आदि समूह को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुखिया चिनियां, जिला तकनीकी विशेषज्ञ प्रमोद सेठ, डीआरडीबी के कार्यालय प्रबंधक मिथिलेश कुमार, सहायक मुकेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### जागरूकता अभियान

इस यात्रा-महोत्सव का मुख्य उदेश्य मृदा व जल संरक्षण के लिए लोगों में जन भागीदारी के माध्यम से जलछाजन के बारे में जागरूकता लाना है। ग्रामीणों की सहभागिता बढ़ाने, प्राकृतिक संसाधनों के तहत उपजाऊ मिट्टी, भू-गर्भ जल, जंगल, पशुधन का उचित प्रबंधन करने, खेती व आजीविका को बढ़ाकर लोगों के जीवन स्तर में सुधार करना है। इस यात्रा के तहत जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर समाहरणालय परिसर से परियोजना क्षेत्र चिनियां के लिए प्रस्थान करते हुए तीन दिनों का ग्राम स्तरीय जागरूकता अभियान चलाया गया। जलछाजन परियोजना (प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0) का संचालन भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, भारत सरकार द्वारा राज्य के सहयोग से क्रियान्वित की जा रही है। इसके तहत गढ़वा जिला में एक परियोजना चिनियां प्रखंड के कुल 6 पंचायतों के 17 गांवों में परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी वन प्रमंडल पदाधिकारी, दक्षिणी वन प्रमंडल गढ़वा द्वारा क्रियान्वित किया गया। इस परियोजना के अन्तर्गत कई मदों के माध्यम से कार्य किया गया, जिसमें मुख्य रूप से प्रवेश मूलक कार्य, क्षमतावर्धन मद, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, आजीविका संबर्धन, उत्पादन क्षमता प्रणाली आदि थे। गढ़वा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने जलछाजन कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताते हुए कहा कि इसके द्वारा जल, जंगल, जानवर, जन तथा जमीन का उचित संरक्षण एवं विकास करना। परिस्थितिकी में सही संतुलन स्थापित करना। मिट्टी के कटाव को रोकना। प्राकृतिक तथा वनस्पतियों को पुनर्जीवित करना। वर्षा जल का संरक्षण तथा भू-जल को बढ़वा देना। मिश्रित खेती तथा खेती के नई तकनीकों को बढ़वा देना। टिकाउ जीविकोपार्जन पद्दती को बढ़वा देना हैं। उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि यह एक भू जलीय इकाई है। जहां विभिन्न स्त्रोतों से एकत्रित जल एक साझा बिन्दु से प्रवाहित होकर नदी नाला में बहकर चला जाता है। झारखंड की भौगोलिक संरचना विशेष कर गढ़वा जिला, जहां अनियमित वर्षा के कारण अधिकांश क्षेत्र सूखा तथा कृषि कार्य को प्रभावित करती है। इसके कारण जलछाजन कार्यक्रम की प्रासंगिकता और बढ़ जाती है। इस कार्यक्रम द्वारा संसाधनों का सही उपयोग तथा वर्षा जल का समुचित प्रबंधन कर ग्रामीण क्षेत्र का सवार्गीण विकास संभव है।

## पीएम किसान सम्मान निधि की जांच की मांग



**गढ़वा।** विशुनपुरा प्रखंड जिला परिसद सदस्य शंभू राम चंद्रवंशी ने पीएम सम्मान निधि में प्रखंड के लाभुक किसान के जगह पर दूसरे प्रखंड, जिला व राज्य से बाहर लोगों का नाम विशुनपुरा प्रखंड में कैसे आया। इसकी जांच के लिए गढ़वा डीसी व डीडीसी को आवेदन देकर जांच की मांग की है। वह गांव-गांव जाकर लाभुक का सत्यापन भी कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि हमने एक पंचायत सरांग का सर्वे किया, जिसमें हमने काफी गड़बड़ी मिली। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी संख्या में सरांग पंचायत में मुस्लिम परिवार की इतनी तादाद कैसे बढ़ी। इस पंचायत में एक भी मुस्लिम परिवार नहीं रहता था। इन बाहरी लोगों के चलते विशुनपुरा के किसानों का पीएम सम्मान निधि का लाभ नहीं मिल रहा।

## न्यूज बॉक्स

### चार माह बाद भी पीडीएस की जांच नहीं

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र के खाद आपूर्ति विभाग में लाभुक अपने मामले की शिकायत करते-करते थक गए हैं। गांव के लाभुक जमीदार बैगा, नसीम अंसारी, मानमती देवी, शकीला बीवी ,क्यूम अंसारी ,बचन भुइयां, अनिल भुइयां, दयानंद भुइयां ने अपने जनवितरण दुकानदान के खिलाफ 4 माह पूर्व एमओ यशवंत नायक के पास लिखित शिकायत किया था। लाभुकों ने जांच के बाद पीडीएस डीलर के खिलाफ नियम संगत कार्रवाई की मांग की थी। अभी तक एमओ ने जांच का काम शुरू नहीं किया है। एमओ नेक कहा कि समय अभाव के कारण उनके आवेदन के आलोक में अभी तक जांच में नहीं कर पाया हूं। उन्होंने कहा कि लाभुकों का आरोप निराधार है।

### आवासीय विद्यालय में नामांकन के लिए वार्डेन ने किया संपर्क

**केतार।** झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय केतार में सत्र 2052-26 में वर्ग छह में नामांकन के लिए विद्यालय कि वार्डेन अमिता पांडेय व विद्यालय कि शिक्षिका प्रखंड क्षेत्र के मुकुन्दपुर, मायर, सिंहपुर, ताली, परसोडीह सहित अन्य गांवों में घूम- घूम कर अभिभावकों से संपर्क कर रही है। इस तरह लोगों की बच्चियों का नामांकन के लिए जागरूक करते हुए नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय में नामांकन कि अंतिम तिथि 20 फरवरी है। वार्डेन अमिता ने बताया कि इस अवधि में इच्छुक छात्राएं विद्यालय आकर फार्म जमा कर नामांकन करा सकती हैं। उन्होंने बताया कि योग्यता के अनुसार 50 छात्राओं का नामांकन कक्षा छह में किया जायेगा। उन्होंने बताया कि छात्राओं को विद्यालय में निःशुल्क शिक्षा, छात्रवृत्ति, छात्रावास की सुविधा, भोजन, कंप्यूटर की शिक्षा के अलावा लाइब्रेरी और खेलकूद की सुविधा दी जाएगी। उन्होंने प्रखंड के लोगों से निर्धारित तिथि तक अपने बच्चियों का नामांकन कराने की अपील की।

### भेड़ चोरी का मामला दर्ज

**श्री बंशीधर नगर।** थाना क्षेत्र के कुशदंड ग्राम स्थित छेरियाहा टोला निवासी उमेश पाल ने थाना में आवेदन देकर 50 भेड़ो की चोरी होने की शिकायत दर्ज करायी है। आवेदन में कहा गया है कि अपने घर से लगभग 300 फीट की दूरी पर हर दिन की तरह 18 फरवरी की रात में जाल से घेरकर भेड़ को रखे थे। वह भी वहीं पर सोए थे। सुबह उठकर भेड़ को खिलाने के लिये गिनती करने लगे तो 50 भेड़ कम हो गया। चोरों ने भेड़ो की चोरी कर लिया गया है। इससे तीन लाख रुपये का नुकसान हो गया है।

## एक नजर

### सेंट्रल बैंक ने दिया बीमा का लाभ



**श्री बंशीधर नगर।** जेएसएलपीएस से जुड़ी महिला की मृत्यु के बाद पीएम जेजेबीवाई बीमा योजना के तहत उसके पति को दो लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की पुरैनी शाखा द्वारा झारखंड लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी अंतर्गत संचालित समूह संतोषी आजीविका सखी मंडल के पिंडरिया ग्राम निवासी घुरबिगन प्रसाद की पत्नी सरस्वती देवी की मृत्यु हो गई थी। उक्त बीमा के तहत दो लाख रुपये का चेक मृतका के पति घुरबिगन प्रसाद को बीडीओ रौशन कुमार तथा बैंक के शाखा प्रबंधक संजीव लंग ने प्रदान किया। बीडीओ रौशन कुमार ने सभी महिलाओं को समूह से जोड़कर उन्हें आजीविका मिशन से जोड़ने की अपील की। उन्होंने पुरुषों को भी पीएम एसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई, एपीवाई बीमा कराने की जानकारी विस्तार से दिया। मौके पर जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अविनाश कुमार शुक्ल, फील्ड मैनेजर अम्बर कुमार मंडल, सामुदायिक समन्वयक राज कुमार राम,अनुज सिंह, नीरज मिश्रा, जाबिर अंसारी, सखी प्रीति देवी, ममता देवी,कृति राय, पूनम देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में 5 घायल,एक गंभीर



नवीन मेल संवाददाता

**रंका।** दुर्जन गांव से रामानुजगंज जा रही स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर चुटिया मुख्य सड़क स्थित एक पेड़ में टकराने से पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना दोपहर की बतायी जा रही है। ग्रामीण ने बताया कि वह सभी दुर्जन गांव से रामानुजगंज शादी समारोह में जा रहे थे। चुटिया मुख्य सड़क के महुआ पेड़ में वाहन अनियंत्रित होकर महुआ के पेड़ में टकरा गई। दुर्घटना में भूपेंद्र कुमार नागवंशी खामोशियां कुअंर, सुरेश मांझी, राम सुंदर, राजू कुमार सहित पांच लोग घायल हो गए हैं। चुटिया गांव के ग्रामीण के सहयोग से 108 से सभी घायलों को रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सक गोरखनाथ पांडेय सभी बेहतर उपचार के लिए गढ़वा रेफर कर दिया। चिकित्सक गोरखनाथ पांडेय ने बताया कि उपेंद्र नागवंशी को गंभीर चोट लगी है। उन्हें बाहर भी जाना पड़ सकता है।

### मोटरसाइकिल चोरी

**बड़गड़।** थाना क्षेत्र अंतर्गत टेंगारी गांव निवासी सुमन किस्पोट्टा की मोटरसाइकिल मंगलवार की रात्रि चोरी हो गई। मोटरसाइकिल घर के आंगन में खड़ी थी। इस संबंध में भुक्तभोगी सुमन चोरों के विरुद्ध बड़गड़ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दिए गए आवेदन में उन्होंने कहा कि उनकी मोटरसाइकिल चोरों मंगलवार की रात्रि चोरी कर ली है।

## विधायक ने किया सुंडीपुर मध्य विद्यालय का निरीक्षण

**ग्रामीणों की समस्याओं से भी हुए अवगत**



नवीन मेल संवाददाता

**कांडी।** जिला के कांडी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमति मध्य विद्यालय सुंडीपुर का नव निर्वाचित विश्रामपुर के राजद विधायक नरेश प्रसाद ने निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं से भी अवगत हुए। मंच संचालन पंचायत के मुखिया प्रतिनिधी नीरज सिंह ने कहा किया। विधायक ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से मिशन जनकल्याण के तहत ईश्वर ने जो शक्ति और औकात दिया था, उसके अनुसार विधानसभा के सातों प्रखंड में कार्य किया हूं। अब पांच वर्ष कार्य करने का मौका मिला है। कांडी,बरडीहा, मंझियाआंव में जितने भी चापानल और जालमीनार लगे हुए हैं, उसे ठीक कराना प्राथमिकता है। विधानसभा क्षेत्र में पानी की समस्या है, उसे ठीक करना है। उन्होंने कहा कि तीनों प्रखंड में डॉक्टर का अभाव है। वह जिला के दिशा मीटिंग में तीनों प्रखंडों के लिए डॉक्टर का मांग किए हैं। प्रखंड के कर्मचारियों के साथ बैठक करने पर 10 प्रतिशत सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि आने वाले चार महीने में सभी प्रखंड और अंचल में सुधार होगा यह उनका वादा है। 24 तारीख को विधानसभा सत्र शुरू होने वाला है, जिसमें वह इस क्षेत्र के सभी ज्वलंत मुद्दों को प्राथमिकता से उठाने का प्रयास करेंगे।

कार्यक्रम

## एसडीएम के निमंत्रण पर कॉफी पर पहुंचे श्रमिक, किया संवाद

# श्रमिकों के सभी समस्याओं का निपटारा किया जायेगा: एसडीएम



**11 श्रमिकों का त्वरित निबंधन, चार को मौके पर दिया गया श्रमिक कार्ड**

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत इस सप्ताह के 'कॉफी विद एसडीएम' में आमंत्रित समूह के रूप में क्षेत्र के असंगठित क्षेत्र के दिहाड़ी मजदूर समुदाय के लोगों ने भाग लिया। बुधवार पूर्वाह्न 11 से 12 बजे के बीच आयोजित हुए इस कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने गढ़वा क्षेत्र के श्रमिकों के साथ अपने सभाकक्ष में कॉफी के दौरान संवाद किया। श्रमिकों में महिला व पुरुष दोनों का प्रतिनिधित्व रहा। इस दौरान आमंत्रित लोगों ने अपनी निजी समस्याओं के अलावा मजदूर कल्याण से जुड़े कुछ सामूहिक विषयों को रखा। एसडीओ ने उपस्थित सभी को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं और शिकायतों का यथासंभव निस्तारण करने का प्रयास किया जाएगा।

**कल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी :** 'कॉफी विद एसडीएम' की इस कड़ी में मुख्य आमंत्रित अतिथि के रूप में जिला परिवहन पदाधिकारी सह जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश, श्रम अधीक्षक संजय आनंद भी मौजूद थे। आमंत्रित अतिथियों में परिवहन विभाग, कल्याण विभाग तथा श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास से संबंधित कल्याणकारी योजनाओं के बारे में सभी श्रमिकों को विस्तार से आम बोलचाल की भाषा में जानकारी दी। एसडीएम व श्रम अधीक्षक ने आमंत्रित सभी श्रमिकों के माध्यम से जिले के श्रमिकों से अपील की कि वह अपना निबंधन जरूर करवा लें। श्रमिक निबंधन से क्या-क्या फायदे होते हैं, इस बारे में भी सभी को समझाया गया। श्रमिकों से जुड़ी योजनाओं जैसे कि श्रमिक सेफ्टी किट, औजार सहायता योजना, पुत्र पुत्री हेतु छात्रवृत्ति योजना, झारखंड निर्माण कर्मकार सहायता योजना, चिकित्सा प्रतिपूर्ति योजना, मातृत्व सुविधा योजना, विवाह सहायता योजना, पेंशन योजना आदि के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम के दौरान ही चार श्रमिकों सत्येंद्र राम, सदाश रजवार, शीलवंती देवी व राजेश कुमार को श्रमिक कार्ड उपलब्ध कराया गया। वहीं 11 अन्य श्रमिकों का मौके पर ही निबंध करवाया गया। इन श्रमिकों के निबंधन का निबंधन शुल्क एसडीएम के द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान सावित्री गोंड, राजकुमारी देवी, अंजू देवी, ललिता देवी, मुंशी देवी, सुशीला पासवान, अमरेश मेहता, धर्मेंद्र कुमार, शिव शंकर, मनोज कुमार, रामवृक्ष, विक्की कुमार, राजेश कुमार, राकेश कुमार, सदास रजवार, विनोद राम आदि ने अपनी बात रखी।

### अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया

कार्यक्रम में पहुंचे श्रमिकों को अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया और समाज में उनके योगदान को रेखांकित किया। इस पर आमंत्रित लोगों ने प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उन्हें पहली बार इस प्रकार सम्मान दिया जा रहा है।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

### आवश्यक सूचना

**(चोरी गई सुपर स्पलेण्डर मोटर साईकिल रंग-लाल)**

गढ़वा थाना कांड सं0–384/24 दिनांक–18.07.24 धारा–303(2) बी0एन0एस0 2023 में चोरी गयी सुपर स्पलेण्डर मोटर साईकिल (रंग–लाल) जिसका रजि0 नं0– JH14G4992 इंजन नं0– JA05EGJ9F06709 का अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 346752 Police (24-25)_D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा

**अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0:–28/2024–25**

**निविदा शुद्धी पत्र**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विभाग का नाम | :– भवन निर्माण विभाग। |
| 2 | विज्ञापन दाता का नाम | :– कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 3 | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय | :–25/02/2025 को (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक) |
| 4 | मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | :– 27/02/2025 को अपराह्न 03:00 बजे तक। |
| 5 | मुहरबंद निविदा प्राप्ति खोलने की तिथि एवं समय | :– 27/02/2025 को 03:30 बजे अपराह्न से। |
| 6 | परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान | :– 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में। 2. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में। |
| 7 | निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान | :– क्रमांक–6 के क्र0सं0–1 के स्थान पर। |
| 8 | कार्य का विवरण:– | |

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, खरौंधी (BPHU के भवन निर्माण योजना) | Rs 49,97,900.00 | Rs 1,00,000.00 | Rs 5000.00 | 06 माह |
| 2. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, केतार (BPHU के भवन निर्माण योजना) | Rs 49,97,900.00 | Rs 1,00,000.00 | Rs 5000.00 | 06 माह |
| 3. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कांडी (BPHU के भवन निर्माण योजना) | Rs 49,97,900.00 | Rs 1,00,000.00 | Rs 5000.00 | 06 माह |
| 4. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बरडीहा (BPHU के भवन निर्माण योजना) | Rs 49,97,900.00 | Rs 1,00,000.00 | Rs 5000.00 | 06 माह |
| 5. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रमना (BPHU के भवन निर्माण योजना) | Rs 49,97,900.00 | Rs 1,00,000.00 | Rs 5000.00 | 06 माह |
| 6. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बिषुनपुरा (BPHU के भवन निर्माण योजना) | Rs 49,97,900.00 | Rs 1,00,000.00 | Rs 5000.00 | 06 माह |
| 7. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सगमा (BPHU के भवन निर्माण योजना) | Rs 49,97,900.00 | Rs 1,00,000.00 | Rs 5000.00 | 06 माह |
| 8. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चिनियां (BPHU के भवन निर्माण योजना) | Rs 49,97,900.00 | Rs 1,00,000.00 | Rs 5000.00 | 06 माह |
| 9. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, डंडा (BPHU के भवन निर्माण योजना) | Rs 49,97,900.00 | Rs 1,00,000.00 | Rs 5000.00 | 06 माह |
| 10. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रमकंडा (BPHU के भवन निर्माण योजना) | Rs 49,97,900.00 | Rs 1,00,000.00 | Rs 5000.00 | 06 माह |
| 11. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बरगड़ (BPHU के भवन निर्माण योजना) | Rs 49,97,900.00 | Rs 1,00,000.00 | Rs 5000.00 | 06 माह |

निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

नोटः– ***Updated Character PAN, GST Return File Latest,*** पंजीकरण प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति तथा बैंक ड्राफ्ट पर संवेदक का नाम अंकित होना अनिवार्य है उसके फलस्वयप जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र निर्गत किया जायेगा। कार्य अनुभव प्रमाण–पत्र (भवन निर्माण कार्य का कार्य अनुभवन प्रमाण–पत्र ही मान्य होगा)

**नोट–निविदा की प्रक्रिया ऑफलाईन होगा।**

**PR 346465 (Building)24-25(D)**

**PR 346761 Building(24-25)#D**

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा


## आंगनबाड़ी केंद्रों में अनियमितता बच्चों को नहीं मिल रहा समुचित लाभ



नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में अनियमितता उजागर हो रही है। आंगनबाड़ी केंद्रों पर आने वाले बच्चों को समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। सेविका व सहायिका अनुपस्थित रहती हैं। साथ ही बच्चों को पोषाहार समय पर नहीं दिया जाता। गड़ेरियाडीह आंगनबाड़ी केंद्र पर बुधवार को मात्र दो बच्चे मौजूद थे। सहायिका संध्या देवी ने बताया कि बच्चे आए थे, लेकिन घर चले गए। निमियां टोला आंगनबाड़ी केंद्र पर सेविका अनिता देवी और सहायिका उपस्थित थीं। 10 बच्चे मौजूद थे। खिचड़ी बनाया जा रहा था। पत्थलकुदवा आंगनबाड़ी केंद्र पर सेविका रेखा देवी केंद्र में मौजूद नहीं थी। उनकी अनुपस्थिति में सहायिका वीण देवी केंद्र चला रही थीं। 14 बच्चे उपस्थित थे, लेकिन चीनी उपलब्ध नहीं होने के कारण सूजी का हलवा नहीं बनाया गया। इसकी जगह खिचड़ी बनाई जा रही थी। बरवाबांध आंगनबाड़ी केंद्र में दोपहर 12:15 बजे इस केंद्र पर कोई भी बच्चा मौजूद नहीं था, सेविका भी अनुपस्थित थीं। सहायिका सुनीता देवी ने बताया कि बच्चे आए थे, लेकिन उन्हें घर का काम था, इसलिए 12 बजे ही सभी को वापस भेज दिया। बसेरियालेवा आंगनबाड़ी केंद्र पर 14 बच्चे उपस्थित थे, लेकिन सेविका मौजूद नहीं थीं। सहायिका लीलावती देवी उपस्थित थीं। बच्चों को सुबह में सूजी का हलवा नहीं दिया गया था, केवल खिचड़ी बनाई गई थी। इसी तरह हरिजन टोला, बुका आंगनबाड़ी केंद्र, पनियाही टोला आंगनबाड़ी केंद्र की स्थिति भी काफ खराब थी। कहीं पर भी पोषाहर ठीक से नहीं बंट रहा था। बीडीओ सह सीडीपीओ नंदजी राम ने बताया कि सभी केंद्र नियमित संचालित हो रहा है। कहीं परेशानी है तो उसकी जांच कराया जाएगा।


## अभिहित अधिकारी–सह–अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी का कार्यालय, लातेहार।
(खाद्य सुरक्षा–शाखा)

fssai

### आम सूचना।

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 (Food Safety and Standard Act,2006) के तहत् खाद्य सुरक्षा एवं मानकों से जुड़े मामलों को नियंत्रित करने वाला कानून है। इस कानून के तहत् खाद्य पदार्थों के विनिर्माण, भंडारण, वितरण, बिक्री और आयात को नियंत्रित किया जाता है। इस अधिनियम के तहत् खाद्य सुरक्षा एवं मानकों के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण(FSSAI) की स्थापना की गयी है। इस अधिनियम के तहत् खाद्य व्यवसाय शुरू करने से पहले लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन लेना अनिवार्य है।

1. FSS Act-2006 की धारा–63 के तहत् सभी खाद्य कारोबारियों को (जैसे–किराना दुकान, खुदरा विक्रेता, थोक विक्रेता, उत्पादक, वितरक, पूर्तिकार, प्रसंस्करणकर्त्ता, भण्डारक, पैकेजिंग, परिवाहक, मीट, मछली एवं चिकन बिक्री कर्त्ता, होटल, ढ़ाबा, रेस्टोरेन्ट, दवाखाना, मिठाई बिक्री कर्त्ता, फल और सब्जी दुकान, राईस मिल, आटा मिल, तेल मिल, पानी पैकेजिंग, चाय दुकान, गन्ना जूस, फुचका–चाट–छोला दुकान इत्यादि) को बिना वैध FSSAI License/Registration के कारोबार करना दंडनीय अपराध है, एवं इसमें धारा–63 के तहत् 10 लाख रूपये तक का जुर्माना किया जा सकता है।
2. FSSAI Registration के लिए आवश्यक दस्तावेज– पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, पैन कार्ड और दुकान का बिजली बिल लेकर आना सुनिश्चित करेंगे।
3. FSSAI License के लिए आवश्यक दस्तावेज– आधार कार्ड और दुकान का बिजली बिल, FSMS Plan form, Self Declaration form, GST Certificate, और पैन कार्ड लेकर आना सुनिश्चित करेंगे। सभी मीट, मछली एवं चिकन दुकान के लिए स्थानीय पंचायत या नगर निगम से आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर आना सुनिश्चित करेंगे।
4. सभी होटल/रेंस्टोरेंट संचालक को सूचित किया जाता है कि खाद्य पदार्थ में उपयोग किये जाने वाले पानी की गुणवत्ता किसी भी FSSAI/ NABL Accredited Notified Lab से जाँच करा कर जाँच प्रतिवेदन प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे।
5. FSSAI एवं स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एंव परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड के आदेश संख्या–226(F) दिनांक–11.10.20219 के आदेशानुसार सभी तरह के खाद्य कारोबारकर्त्ता को FoSTaC का प्रशिक्षण लेना अनिवार्य है। सभी खाद्य कारोबारी FoSTaC का प्रशिक्षण लेना सुनिश्चित करें। FoSTaC प्रशिक्षण हेतु आयोजन की सूचना खाद्य सुरक्षा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी,
लातेहार।

अभिहित अधिकारी–सह–
अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 346763 (Food Public Distribution and Consumer Affairs) 24-25 (D)

## शबरी पूजा सह भुइयां मिलन समारोह आज



**कुंदा (चतरा)।** अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में 20 फरवरी को यज्ञ मैदान मे शबरी पूजा सह भुइयां मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह समारोह हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जाएगा और इसमें प्रखंड अध्यक्ष संजय भारती, अजय भारती, समेत अन्य का विशेष सहयोग रहेगा। इस अवसर पर भुइयां समाज के लोग शबरी पूजा मनाएंगे और अपनी संस्कृति और परंपराओं को प्रदर्शित करेंगे। समारोह में गढ़वा से आए हुए कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे,जिसमें नृत्य गान शामिल होंगे।अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति के प्रखंड अध्यक्ष संजय भारती ने बताया कि यह समारोह भुइयां समाज के लोगों को एक मंच पर लाने और उनकी संस्कृति और परंपराओं को प्रदर्शित करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह समारोह भुइयां समाज के लोगों के बीच जागरूकता एकता और सौहार्द को बढ़ावा देने में मदद करेगा।

### एसएलआरएम प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

# राज्य मंत्री ने पूर्ण सहयोग का दिया आश्वासन

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय टॉउन हॉल में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) के तहत 10 दिवसीय आवासीय जलसहिया, मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि लातेहार झारखंड का पहला जिला होगा, जहां सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार हर संभव सहयोग प्रदान करेगी। मंत्री ने घोषणा की कि वह 45-50 दिनों के अंदर लातेहार दोबारा आएंगे और इस कार्यक्रम की प्रगति को देखेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पर्यावरण विशेषज्ञ सी श्रीनिवासन ने अपशिष्ट प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि उद्यान अपशिष्ट, मछली बाजार अपशिष्ट, सब्जी अपशिष्ट आदि का प्राथमिक पृथक्करण स्रोत पर और द्वितीयक पृथक्करण एसएलआरएम केंद्रों पर किया जाता है। तृतीयक पृथक्करण एक सामान्य केंद्र पर होता है। प्रधान सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, मस्त राम मीणा ने कहा



कि आज के समय में पर्यावरण संरक्षण हेतु ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन की तकनीकों को अपनाना अनिवार्य है। उन्होंने हरित एवं स्वच्छ झारखंड के लक्ष्य को साकार करने के लिए कचरा प्रबंधन की आधुनिक प्रक्रिया अपनाने पर बल दिया। स्वच्छ भारत मिशन की निदेशक डॉ. नेहा अरोड़ा ने कहा कि लातेहार जिला पूरे राज्य के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। उन्होंने कहा कि लातेहार, एक विकसित पर्यटन स्थल के रूप में पहचाना जाता है, और ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन आज की आवश्यकता बन गई है। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने जिले को शून्य-अपशिष्ट बनाने के लक्ष्य पर बल दिया। कहा कि इस अभियान के तहत जिले को एक स्वच्छ, हरा-भरा और कचरा मुक्त क्षेत्र बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

### 230 जल सहिया व 60 एसएचजी महिलाओं को मिल रहा प्रशिक्षण

10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के सभी पंचायतों से 230 जल सहिया एवं नगर पंचायत की 60 एसएचजी महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षु मास्टर ट्रेनर के रूप में अपने-अपने क्षेत्रों में अन्य लोगों को भी प्रशिक्षित करेंगे, जिससे यह कार्यक्रम जमीनी स्तर तक प्रभावी रूप से लागू हो सके। इस अवसर पर झारखंड सरकार के पेयजल व स्वच्छता, उत्पाद व मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद, विभाग के प्रधान सचिव मस्त राम मीणा, स्वच्छ भारत मिशन की डायरेक्टर डॉ. नेहा अरोड़ा, भारतीय हरित सेवा के परियोजना निदेशक एवं सलाहकार सी श्रीनिवासन का पौधा देकर स्वागत किया गया। इससे पूर्व उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, डिप्टी डायरेक्टर पीटीआर ब्रजेश कांत जेना, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगरई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेम्ब्रम,उपनिर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन,कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता दीपक महतो, गोपनीय पदाधिकारी श्रेयांस सहित अन्य उपस्थित थें।

## न्यूज बॉक्स

### वाहन के टक्कर से युवक घायल, रेफर

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बारियातु डाढा मोड़ के पास अज्ञात वाहन के टक्कर से शत्रुधन लोहरा (23) पिता कलेश्वर लोहरा ग्राम + पंचायत टोटी निवासी बुरी तरह घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगों के सहयोग से एम्बुलेंस बुलाकर समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बालुमाथ पहुचाया गया, जहां डॉ. धुर्व सत्य महतो ने उसका प्राथमिक उपचार किया व स्थिति के गंभीरता को देखते हुए, बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

### चेन्नई कमाने गया मजदूर दो महीने से लापता, परिजन परेशान



**बालूमाथ।** चेन्नई काम करने गए धनेश्वर गंझू (52वर्ष) पिता सहादेव गंझू 2 महीने से लापता है। धनेश्वर गंझू बालूमाथ थाना क्षेत्र के ग्राम आरा पोस्ट गणेशपुर थाना बालूमाथ जिला लातेहार झारखंड का रहने वाला है। वह दिसंबर माह में चेन्नई में काम करने के लिए गया था। जिस दिन गया उसी शाम को वह वहां से गायब हो गया। इसकी सूचना मिलने पर उनके परिजन तलाश कर रहे हैं। अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। धनेश्वर के भाई मुराली गंझू ने जानकारी देते हुए कहा कि जब से यह चेन्नई से गायब हुए हैं, चेन्नई स्थित थाने में मामला दर्ज कराई गई है। दो महीना बीत जाने के बाद भी भाई घर नहीं पहुंचा है। भाई मुराली ने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि यह व्यक्ति किसी को दिखाई दे, तो तुरंत इसकी सूचना 8084018017 या नजदीकी थाना को जानकारी दें। जानकारी देने वाले को सम्मान पूर्वक कुछ राशि भी मुहैया कराने की बात कही है।

### छात्र हत्या केस की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में हो : महेंद्र साहू

**चंदवा।** भाजपा नेता महेंद्र प्रसाद साहू ने नेतरहाट में हुए 10 वर्षीय क्षितिज शर्मा की हत्या पर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए हत्याकांड के आरोपी के खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से प्रतिदिन सुनवाई करने और उन्हें जल्द से जल्द फांसी की सजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि छात्र की नृशंस हत्या ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। एक मासूम की निर्मम हत्या के अपराधी का इस सभ्य समाज में कोई जगह नहीं है। दोषी को अविलंब कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए, जिसके कारण इस केस को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाना चाहिए। महेंद्र साहू से सरकार से भी मांग की है कि प्रावधान के मुताबिक शोकाकुल परिजन को उचित मुआवजा प्रदान करते हुए दोषी को सजा दिलाने का काम करें, ताकि आमजन अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सके।

### सालेपुर में पुलिस ने 7 एकड़ में लगे अफीम की खेती को किया नष्ट

**बालूमाथ।** थाना पुलिस व अंचलाधिकारी ने संयुक्त रूप से अफीम के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की है। थाना क्षेत्र के बालू पंचायत अंतर्गत सालेपुर ग्राम से सेट जंगल में लगाए गए अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया गया है। इसके बारे में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने कहा कि लातेहार एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर बालूमाथ अंचलाधिकारी विजय कुमार के साथ पुलिस की एक टीम गठित कर उक्त स्थान पर अभियान चलाया गया। 6 से 7 एकड़ में लगे अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया गया है। इस अवैध खेती करने वालों पर कार्रवाई के लिए चिह्नित की जा रही है। मामला दर्ज करते हुए पुलिसिया अनुसंधान किया जा रहा है। इन दिनों लातेहार जिला के विभिन्न प्रखंडों में अफीम की खेती के खिलाफ लातेहार एसपी व उपायुक्त ने एक अभियान छेड़ रखा है। इस अभियान के तहत पिछले 15 दिनों से बालूमाथ, चंदवा, हेरहंज, बारियातू थाना क्षेत्र के जंगली इलाकों में सैकड़ों एकड़ में लगे अफीम की खेती को नष्ट किया जा चुका है।

## नवीन मेल में छपी खबर का असर: मगध सीसीएल के अधिकारियों ने पीसीसी के टुकड़ों को हटाया

**बालूमाथ।** मगध-बालूमाथ सीसीएल सड़क जरी के पास जगह-जगह सड़क पर रखे पीसीसी के टुकड़ों को मंगलवार को हटा दिया गया। जर्सल मगध सीसीएल पीसीसी पथ जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसे मगध सीसीएल द्वारा रिपेयरिंग संवेदक के माध्यम से कराई जा रही है। रिपेयरिंग के दौरान जगह-जगह पर पीसीसी पथ का कंक्रीट किया गया था। कंक्रीट पर कोई गाड़ी क्षतिग्रस्त न कर दे, जिसके चलते उसके ऊपर पीएससी का बड़ा टुकड़ा सड़क पर रख दी गई थी। जिस सड़क से प्रतिदिन हजारों ट्रक और हाइवा के अलावा रेलवे निर्माण कार्य में लगे कंपनी के गाड़ियों का आवागमन में दिक्कत होता था। साथ ही हमेशा जाम लग जाता था। इस समस्या को प्रमुखता से राष्ट्रीय नवीन मेल हिंदी दैनिक अखबार में प्रकाशित हुई थी। जिस पर मगध सीसीएल के वरीय अधिकारी ने सड़क पर रखे टुकड़े को हटाने का संवेदक को निर्देश दिया था। संवेदक द्वारा पुनः सड़क पर रखे पीसीसी के बोल्डर-मिट्टी को हटा लिया गया, जिससे वाहनों का आवागम में पुनः सहूलियत हुई। सीसीएल पथ पर चलने वाले ट्रक, हाइवा व रेलवे निर्माण कार्य में लगी कंपनी सीसीएल अधिकारी को साधुवाद दिया है।

## शंख व डमरू की ध्वनि से गूंजा इटखोरी महोत्सव

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** चतरा जिले के इटखोरी में तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का बुधवार को उद्घाटन किया गया। महोत्सव का आगाज विश्व प्रसिद्ध शंख व डमरू वादक डॉ विपिन मिश्रा के स्त्रोत वादन के साथ किया गया।

महोत्सव में शंख व डमरू के साथ स्त्रोत वादन की उपस्थित लोगों ने जमकर सराहना की। डॉ विपीन मिश्रा व उनके सहयोगी ने वैदिक परंपरा का निर्वहन करते हुए अपनी प्रस्तुति दी। समारोह के उद्घाटन के दौरान उन्होंने वैदिक स्त्रोत गायन के बीच शंख और डमरू से संगीत और भक्ति की समां बांध दी। 2015 से लेकर वे अब तक हर इटखोरी महोत्सव का गवाह बन रहे हैं। वहीं चतरा उपायुक्त रमेश घोलप और एसपी विकास पांडे ने उन्हें स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट कर सम्मानित किया।



## प्रखंड में बढ़ रही है छिनतई व लूट की घटना

### - नशेड़ियों का गैंग सक्रिय, घटनाओं को दे रहे अंजाम

**महुआडांड़ (लातेहार)।** प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रोजेक्ट विद्यालय होते हुए रेंज ऑफिस जाने वाले मार्ग पर पिछले कुछ दिनों से लगातार छिनतई व लूट की घटना बढ़ी है। बाइक सवार आज्ञात युवकों द्वारा स्नैचिंग और लूट जैसी घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा हैं। किसी का मोबाइल तो किसी का पर्स छीनकर अपराधी फरार हो जा रहे हैं। विशेष कर बाजार के दिन ये अपराधी लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। सोमवार बाजार कर अपने गांव चिरो लौट रहे दो युवकों सरोज नगेसिया व जयराम नगेसिया के साथ भी इन अपराधियों ने छिनतई की घटना को अंजाम दिया। लूट के दौरान उनके साथ मारपीट भी की गई, जिसमें दोनों युवक घायल हो गए। इस संबंध में घायल युवकों ने बताया कि बाइक से आए दो युवकों ने पहले तो चाकू दिखाया, फिर मारकर घायल कर दिया। इसके बाद मोबाइल व पर्स छीनकर फरार हो गए। इसके पूर्व भी अन्य दर्जनों लोगों के साथ लूट की घटना को अंजाम दे चुके हैं। जिससे लोगों में भी भय का माहौल है। स्थानीय ग्रामीण बताते हैं कि नशे की हालत में युवक नकाब लगाकर ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग किया है कि जल्द से जल्द ऐसे अपराधिक तत्वों पर अंकुश लगाया जाए।

## मदरसा गुलशन ए सैयदना ने किया जलसा ए दस्तार बंदी का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** अलौदीया पंचायत के शुक्रबाजार स्थित मदरसा गुलशन ए सैयदना द्वारा मंगलवार की रात पैगाम ए इंसानियत कॉन्फ्रेंस सह जलसा ए दस्तार बंदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक,जिप सदस्य सरोज देवी,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान,कांग्रेस नेता बाबर खान,पुअनि ललन सिंह द्वारा सामूहिक रूप से फीता काटकर कर किया गया। अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक ने कहा कि मदरसा में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चे पढ़ाई में विशेष ध्यान दें और परिवार के साथ साथ समाज का भी नाम रौशन करें। जिप सदस्य सरोज देवी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से वातावरण सुद्ध होता है। उन्होंने जलसा में उपस्थित लोगों से कहा कि हम सभी को मिलकर समाज को शिक्षित बनाने का प्रयास करना है। उन्होंने मदरसा में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना भी की। जलसा की शुरूआत कुरान ए पाक की तिलावत से की गई। मौलाना ने अपने तकरीर में बताया कि हिफ्जे कुरान की दौलत दुनिया की सबसे बड़ी दौलत है। कुरान के पढ़ने और पढ़ाने वाले दोनों खुशनसीब हैं। उन्होंने कहा कि अल्लाह और उसके रसूल के बताएं मार्ग पर चलकर ही लोगों को कामयाबी मिल सकती है। दुनियावीं तालीम के साथ साथ दीनी तालीम भी हासिल करनी चाहिए , जिससे दुनियां के साथ आखिरत की भी तैयारी हो सके। मदरसे में कुरान शरीफ मुकम्मल कर चुके चार बच्चों की दस्तार बंदी की गई। जलसा में मुख्य अतिथि के रूप में सैयद नोमान कलामी कादरी,गुलाम रब्बानी नश्तर इलाहाबादी,मौलाना अब्दुल हन्नान फैजी चतुर्वेदी मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कांग्रेस नेता बाबर खान, मुफ्ती अब्दुल मन्नान कलामी, अब्दुल कलाम कादरी, मौलाना वसीम मिस्वाही,मो अब्दुल, मो बबलू,अफरोज अलाम, शाहरुख खान, मो शाहिद, अशरफ टेलर, मो खुर्शीद, मो काशीद, जलसा में अलौदीया मुखिया प्रतिनिधि संदीप टोप्पो समेत बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे।

## भोला व थोलवा टाना भगत की जयंती मनाई गई

**नवीन मेल संवाददाता**



**चंदवा।** प्रखंड के डुमारो पंचायत अंतर्गत निंद्रा कारीटांड़ में अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत समिति द्वारा स्वतंत्रता सेनानी स्व भोला टाना भगत की 149 वीं व स्व थोलवा टाना भगत के 129 वीं जयंती मनाई गई। स्वतंत्रता सेनानी स्मृति चौक निन्द्रा कारीटांड में आयोजित समारोह की शुरूआत मुख्य अतिथि डुमारो मुखिया सुनीता खलखो, चारोराज टाना भगत,रामदेव टाना भगत द्वारा संयुक्त रुप से नौ स्वतंत्रता सेनानी स्मारक स्थल पर सेनानियों के प्रतिमा के समक्ष श्रद्धासुमन अर्पित कर माल्यार्पण किया गया। इससे पूर्व चरखा चिन्ह ध्वज फहराकर राष्ट्र गान गाया गया। समारोह में अतिथियों ने कहा कि देश के प्रति टाना भगतों के त्याग और बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है। हम उनके आदर्शो व पद चिन्हों का अनुशरण कर ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं। इससे पूर्व टाना भगत समुदाय के नौ स्वतंत्रता सेनानी भोला टाना भगत, बिरसा टाना भगत, शनि टाना भगत, मकु टाना भगत, साधु टाना भगत, एतवा टाना भगत, ठीबरा टाना भगत, थोलवा टाना भगत, छोटया टाना भगत के प्रतिमा पर स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों द्वारा माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया। परंपरागत टाना विधि आधारित कलश स्थापित कर पूजन कार्य किया गया। समारोह में मुख्य रूप से मनोहर गोप, रामभजन सिंह, बसंत मिस्त्री, भुनेश्वर प्रजापति, करन लोहरा, आदित्य गोप, चारो उरांव, राम चरितर टाना भगत, रामधनी टाना भगत, चंद्रमा टाना भगत, छोटया टाना भगत, सुशील उरांव, रमेश टाना भगत,सुखराम टाना भगत, यशोदा टाना भगत,धर्म दास टाना भगत, बिरसा टाना भगत, सम्पति टाना भगत, सीमन्ती टाना भगत, रंथी टाना भगत सहित बड़ी संख्या मे लातेहार, चतरा, रांची से टाना भगत समुदाय के स्वतंत्रता सेनानियों के परिजन व ग्रामीण उपस्थित थे।

### सरयू में स्पॉन्सरशिप योजना : जुटाई 20 बच्चों की भागीदारी

# अनाथ बच्चों के लिए हितकारी है यह योजना : कुंदन गोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** सरयू प्रखंड कार्यालय के सभागार में बाल कल्याण समिति व बाल संरक्षण इकाई के संयुक्त तत्वावधान में स्पॅन्सरशिप योजना को लेकर कैंप लगाया गया। कैंप में सरजू प्रखंड और गारु प्रखंड के 20 बच्चों को स्पॉसरशिप योजना से जोड़ने के लिए बाल कल्याण समिति के सदस्य कुंदन गोप के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी आशा साहू ने बताया कि यह योजना उन बच्चों के लिए बहुत हितकारी है, जो अनाथ या आवश्यकता वाले बच्चे है। सरजू प्रखंड में इस तरह के बच्चों की पहचान की जाएगी।



उन्हें इस योजना से लाभ दिलाया जाएगा। साथ ही सभी अभिभावकों को बताया गया कि जो राशि मिलेगी उसे बच्चे के शिक्षा पोषण में ही खर्च करना सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त लातेहार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,अध्यक्ष बाल कल्याण समिति के निर्देश पर वैसे बच्चे, जो बाल कल्याण समिति लातेहार के समक्ष उपस्थित होने में असमर्थ होते हैं, उनकी सहूलियत के लिए बाल कल्याण समिति प्रखंड मुख्यालय अपना कैंप कर उनकी समस्याओं का निराकरण करेगी।

**क्या है स्पॉसरशिप योजना :** झारखंड राज्य के अधीन विषम परिस्थिति में मौजूद 0-18 वर्ष के बच्चे को स्वास्थ ,शिक्षा ,पोषण ,पालन पोषण व देखरेख हेतु स्पोंसरशिप योजना संचालित है। इसके तहत वैसे बच्चे जो अनाथ है या एकल अभिभावक के बच्चे, बीमारी, दिव्यांग के बच्चे इत्यादि इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। स्पॉसरशिप योजना के अंतर्गत 3 वर्ष तक अथवा बच्चों के 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक 4000 प्रतिमाह आर्थिक सहयोग दिया जाता है। कैंप में बाल कल्याण समिति सदस्य कुंदन गोप, संरक्षण पदाधिकारी एम रजा, समाजिक कार्यकर्ता जियाउल हक, रामकुमार सिंह, 20 सूत्री सदस्य उमेश प्रसाद, मुखिया सहित अन्य उपस्थित थे।


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, पलामू**

**दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला 2025**

दिनांक : 21/02/2025 सूचना समय—10 बजे पूर्वा0 से 4 बजे अप0 तक
स्थान : जिला नियोजनालय स्थित मैदान, डालटनगंज।

राज्य के बेरोजगार युवकों एवं युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने के उद्देश्य से **जिला नियोजनालय स्थित मैदान, डालटनगंज में दिनांक 21/02/2025** को **समय पूर्वा0 10 बजे से अप0 4 बजे तक दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजनान्तर्गत एक दिवसीय "रोजगार मेला"** का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :—

| S. No | Company Name | Name of the Post | No. of Vacancy | Qualification | Experience | Age | Salary: Net Pay after deduction | Salary: Monthly CTC | Salary: Other Allowance | Place of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | SIS Limited | Sec. Guard | 50 | 10th Pass | -- | 19-40 | 15000-20000 | | PF, ESI, Bonus etc. | All India |
| | | Sec. Supervisor | 10 | 12th Pass | -- | 20-40 | 20000-27000 | | | |
| | | Dog Handler /Cash Custodian | 10 | 10th Pass | -- | 20-40/ 19-30 | 15000-22000/- 14000-18000/- | | | |
| 2 | Bharat Finance Inclusion Ltd. | Loan Officer | 20 | 12th with DL | -- | 18-28 | 12000-16500 | 13390-18220 | Fuel, Insurance, Bonus etc. | All over Jharkhand |
| 3 | Aashi Care Hospital Daltonganj | Nursing Staff | 04 | ANM/GNM | 2 Yrs | 23-45 | Negotiable/ Competitive Salary Pkg | | As per Hospital Policies | Daltonganj |
| | | X-Ray Technician | 02 | Diploma in X-Ray Technician | 2 Yrs | 23-45 | | | | |
| | | OT Technician | 02 | Diploma in OT Technician | 2 Yrs. | 23-45 | | | | |
| | | Pharmacist | 02 | B-Pharma/ D-Pharma | 2 Yrs | 25-45 | | | | |
| | | Guard | 02 | Matric | 2 Yrs | 23-45 | | | | |
| 4 | Credit Access Gramin Ltd. | TKM | 30 | 12th Pass | -- | 18-30 | 9355/- | 12255/- | PF,ESI, etc. | All over Jharkhand |
| 5 | Millennium Skill by G4S Security | Sec. Guard | 100 | 10th Pass | -- | 18-40 | 14500-22000/- | | PF.ESI etc. | Gujrat, Noida |
| 6 | VSS Enterprises :- Honda Motor Cycle & Scooter | Bike Assembler | 100 | ITI | -- | 18-29 | 15107/- | 21800/- | PF,ESI,Bonus etc. | Bangalore |
| 7 | Chaitanya India Fin Credit Pvt Ltd. | CRE | 60 | Inter/ITI | -- | 18-30 | 12770/- | -- | PF, ESI,Bonus | Palamu, Garhwa, Latehar |
| 8 | LIC of India | Agent | 60 | Matric | -- | 18+ | 7000+Commission | | | Palamu |
| 9 | Svatantra Microfin Pvt Ltd. | Field Officer | 50 | 10th+ | -- | 18-30 | 12770/- | 15003/- | PF,ESI, Insurance | Palamu |
| | | Collection Officer | 10 | 10th+ | -- | 18-35 | 12770/- | 15003/- | PF,ESI, Insurance | Palamu |
| 10 | GSA Foundation | CNC/VMC Machine Operator | 100 | 10th/12th/ITI/ Diploma | -- | 18-36 | 15720/- | 18000/- | PF,ESI, Insurance, Bus | Ahemdabad |
| 11 | Needs Manpower Support Service Pvt Ltd. | Trainee | 40 | ITI | 0-2 | 18-26 | 15200/- | 17400/- | PF,ESI, Insurance, Bus | Kolar, Karnataka |
| | | Trainee | 25 | Diploma | 0-2 | 18-26 | 15300/- | 18950/- | | |
| 12 | Satin Credit Network Ltd. | TCSO/ACSO / SQO SPO | 30 | 10th/12th | -- | 18-30 | 17000/- | 19000/- | PF, ESI,Bonus | Palamu, Garhwa, Latehar |
| 13 | Moneytree Credit, Zero while, Patna :- | RM,PO,RO | 85 | 12th to PG | -- | 20-26 | 4 Lack to 5.5 PA | | | Pan India |
| | Bank & MNC Sector | Supervisor Technician | 15 | ITI | -- | 18-23 | 14520/- | -- | -- | Ahmadabad |
| | | Labor | 50 | 10th | -- | 18-35 | 24000/- | 26000/- | -- | Ahmadabad |
| 14 | Svamaan Financial Service | Field Assistant Trainee | 50 | 12th Pass | -- | 18-28 | 10000-16169/- | -- | -- | Palamu & Garhwa |

मेला में भाग लेने के ईच्छुक अभ्यर्थी को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व में निबंधित नहीं है तो रोजगार मेला के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में निश्चित रूप से कर लें। अभ्यर्थी स्वयं भी अपना निबंधन विभाग के अधिकृत पोर्टल jharniyojan.jharkhad.gov.in पर कर सकते हैं। रोजगार मेला के दिन कार्यालय में निबंधन/नवीकरण का कार्य स्थगित रहेगा। सभी आवेदनकर्त्ता अपना बायोडाटा, फोटो, शैक्षणिक प्रमाण—पत्र, स्थानीय प्रमाण प्रत्र एवं नियोजनालय का निबंधन कार्ड के साथ इस मेला में चयन हेतु उपस्थित होंगे। नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तों के लिए वे उत्तरदायी हैं। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहा है।

इस हेतु कोई भी मार्ग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
पलामू

PR 346734 District(24-25)#D

# न्यूज बॉक्स

## सांसद ने वीर बुधू भगत जयंती समारोह को सफल बनाने के लिए सभी का किया आभार



**लोहरदगा।** लरका आंदोलन के प्रणेता अमर शहीद भगत की जयंती समारोह मैंना बगीचा में भव्य रूप से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित जतरा एवं विकास मेला में हजारों लोगों के साथ-साथ सैकड़ो खोड़हा दल के नृत्य मंडली ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत एवं आयोजन समिति के सदस्यगण, इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मंत्री श्रीमती दीपिका पांडे सिंह, राज्य समन्वय समिति के सदस्य राजेश ठाकुर, कृषि विपणन के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती अनुपमा भगत, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिद्धार्थ, पूरे जिले एवं अन्य जिले से आए हुए पाहन पूजार, सभी खोड़हा दल के सदस्यगण, विकास मेला से संबंधित विभाग के पदाधिकारीगण, लोहरदगा अनुमंडल पदाधिकारी, लोहरदगा पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी, लोहरदगा, गुमला, रांची, जमशेदपुर जिला से आए हुए अतिथि गण, भरनो से नृत्य मंडली, उर्सलाइन विद्यालय के बच्चियां, उड़ीसा एवं छत्तीसगढ़ के नृत्यमंडली के साथ-साथ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार प्रकट करते हैं एवं अगले वर्ष होने वाले जयंती समारोह में इसी तरह का सहयोग का अपेक्षा रखते हैं।

## सांसद सुखदेव भगत शोकाकुल परिवारों से मिलकर गहरी संवेदना प्रकट की



**लोहरदगा।** लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत बुधवार को किस्को प्रखंड के मेरले गांव पहुंचकर कुछ दिन पूर्व मेरले गांव के सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र भगत एवं महिला कांग्रेस के सोईनमत उरांव का निधन हो गया था उसके परिजनों से मिलकर अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट करते हुए सांसद ने कहा कि इस दुख के घड़ी में हुए वे शोकाकुल परिवारों के साथ खड़े हैं। मौके पर शोक व्यक्त करने वालों में अनमोल उरांव,मनोज सोन तिर्की भी शामिल थे।

## स्कूली बच्चों और ग्रामीणों की आंखे जांच की गई



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित समदायिक स्वस्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ. शशिकांत कुमार द्वारा जिला के सुदूर पहाड़ी क्षेत्र दुंदरु ग्राम में स्कूली बच्चे बच्चियों और ग्रामीणों का आंख जांच किया गया। आंख जांच के दौरान आंख लाल होना, आंख से पानी गिरना, धुंधलापन दिखाई देना, आंख में खुजली होने सहित अन्य सभी तरह का बीमारियों का जांच किया गया। वही डॉ. शशिकांत कुमार ने आंख जांच करने के उपरांत बताया कि अधिकांश बीमारी विटामिन की कमी से आंख में बीमारी होता है। हरा साग सब्जी, दूध, फल,अंडा और पपीता का सेवन करने से विटामिन की कमी को दूर किया जा सकता है.साथ ही जिन्हें चश्मा की जरूरत है.वैसे लोगों को मुफ्त में चश्मा दिया जायेगा। वही जांच के पश्चात सभी लोगों को आई ड्रॉप दवा दिया गया। मौके पर जयनाथ उरांव,काजल कुमारी, शिवानी कुमारी, आदित्य उरांव, पवन उरांव, हरि उरांव, कमला उरांव, रामजीत उरांव समेत अन्य ग्रामीण महिला पुरुष व छात्र-छात्राएं तथा शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## लोहरदगा क्रिकेट एसोसिएशन ने पूर्व क्रिकेटर सूरज उर्फ सेंटी के निधन पर जताया दुःख

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले के पूर्व क्रिकेटर 50 वर्षीय सूरज कुमार सिन्हा उर्फ सेंटी का कल दिनांक 18 फरवरी 2025 को रांची में आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से लोहरदगा क्रिकेट एसोसिएशन दुख प्रकट करती है, एवं दिवंगत पुण्य आत्मा



की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करती है। सूरज उर्फ सेंटी लोहरदगा की ओर से पहला सेंचुरी मारने वाले खिलाड़ी थे, जिन्होंने हेमन ट्रॉफी प्रतियोगिता में सन 1988-89 में मोतिहारी में खेले गए मैच में टीम की ओर से शतक लगाए थे। उनके निधन पर दुख प्रकट करने वालों में लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सह पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू, कार्यकारी अध्यक्ष भास्कर दास गुप्ता, सचिव आलोक राय, कोषाध्यक्ष नेयाज मलिक, रंजीत दे, नयन रंजन दत्ता, सुकेश शर्मा, मुकेश दुबे, प्रवीण प्रसाद, विशाल महेंद्रू, किशोर कुमार वर्मा, दुर्गा प्रजापति, अभय भारती, सरोज कुमार, आशीष कुमार, जितेंद्र कुमार, अमित कुमार समेत जिले के क्रिकेट प्रेमी शामिल हैं।

## पंचायत समिति की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

**कैरो / लोहरदगा।** प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव की अध्यक्षता में बुधवार को पंचायत समिति की बैठक हुई। मौके पर पिछले बैठक की विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा पर की गई करवाई पर चर्चा की गई।प्रखण्ड प्रमुख ने कहा कि अब से पंचायत समिति के द्वारा एक पंचायत से दूसरे पंचायत को जोड़ने वाली या लाभ पहुंचाने वाली योजनाओ को प्राथमिकता देना है। अधूरे पड़े योजनाओ को यथाशीघ्र पूर्ण कराए।पूर्ण योजनाओ का अभिलेख बंद करने का निर्देश दिया साथ ही सरकार के द्वारा दी जाने वाली प्रधामनंत्री आवास योजना के तहत आवास प्लस में वैसे जरूरतमंद व्यक्तियों का सूची तैयार कर अपने सबंधित पंचायत के जनसेवक को दे। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भटाचार्य, पंचायत समिति सीमा भगत, मधुलिका रानी, सुखमनी देवी, शुशीला लकड़ा, अगनु टाना भगत, पंचायत सचिव अधिस खाखा, आनंद सिंह आदि उपस्थित थे।

## एमआरएम के राष्ट्रीय प्रचारक डॉ इंद्रेश कुमार का जन्मदिन धूमधाम से मना

**लोहरदगा।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच उलेमा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सहसंयोजक मौलाना जिया उल हक अशरफी ने मुस्लिम राष्ट्रीय मंच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय प्रचारक डॉक्टर इंद्रेश कुमार का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। किस्को अनुमंडल स्वास्थ्य केंद्र में कुपोषित बच्चों बच्चियों एवं आम मरीज के बीच फल फ्रूट का वितरण किया गया। मौलाना अशरफी ने कहा भाई साहब डॉक्टर इंद्रेश कुमार का जन्मदिन की बधाई हो और उनकी आयु लंबी हो और हमेशा स्वस्थ रहें।

मौलाना अशरफी ने कहा एक हिंद जय हिंद का नारा गूंजता रहे। ताकि देश का ताना-बाना बनें रहे। राष्ट्र की एकता और अखंडता हम सबको विकसित भारत के लिए पूर्ण रूप से आगे बढ़ने का अवसर देता है। यह पैगाम भी डॉक्टर इंद्रेश कुमार जी की रहनुमाई में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच हमेशा आगे है। ताकि भारत सरकार दबे कुचले वंचितों पीड़ितों पसमांदा समाज के लोगों को भी सरकार में काम करने का अवसर प्राप्त हो। हम सबको संकल्प लेना चाहिए की स्वास्थ्य शिक्षा पर्यावरण समाज के अंतिम व्यक्तियों तक पहुंच कर लाभ पहुंचाएं। देश की उन्नति में भागीदारी सुनिश्चित करें।

### 10 दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

# बकरी पालन से स्वावलंबी बन सकते हैं ग्रामीण : जिला प्रबंधक

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान लोहरदगा द्वारा 10 दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक नितिन किशोर, डीएम जेएसएलपीस बीपीन चंद्र और आरसेटी निदेशक सुरेश भगत के द्वारा सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र दिया गया। श्री किशोर ने कहा की बकरी पालन एक ऐसा स्वरोजगार है जिससे लोग अपनी आर्थिक स्थिति को और मजबूत एवं स्वावलंबी बना सकतें है, आज इस दौर में बकरी पालन की अपार सम्भावनाएँ व्यक्त की जा रही है, बस जरूरत उचित मार्गदर्शन में बकरी पालन करने की है। इस स्वरोजगार से समय-समय पर बकरियों का विक्रय कर अपना परिवारिक जरूरत को पूरा किया जा सकता है एवं जीवन स्तर को सशक्त एवं मजबूत किया जा सकता है।

बकरी को बेचने में कभी भी कहीं भी कोई समस्या नहीं आती है। उन्होंने बैंक द्वारा हर संभव मदद दिलाने की बात भी कही। श्री विपिन ने कहा की बकरी पालन में शुरूआत का खर्च बहुत ही सामान्य होता है जिसे आर्थिक रूप से कमजोर तबका भी वहन कर सकता है। उन्होंने सभी को सीखे गए बातों को अपने बकरी पालन में अपनाने को कहा साथ ही सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की, आरसेटी निदेशक ने बकरी को गरीबों की गाय कहा , उन्होंने बैंक के बारे में विस्तृत जानकारियाँ दी साथ ही आरसेटी द्वारा दी जाने वाली निशुल्क प्रशिक्षण की जानकारियाँ भी दी। संस्थान के संकाय दीपक कुमार ने स्वरोजगार से संबंधित विस्तृत जानकारी दी मौके पर लोहरदगा जिला के 20 प्रशिक्षु उपस्थित थे।

### गुरदरी में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का हुआ शुभारंभ

## महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर आर्थिक रूप से सबल बन सकेंगी : अभिजीत

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** हिण्डाल्को के सीएसआर के तहत गुरदरी बॉक्साइट माइंस में महिलाओं के कौशल विकास हेतु सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस केंद्र का उद्घाटन कॉरपोरेट उरफ प्रमुख अभिजीत कुमार के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्लस्टर सीएसआर प्रमुख श्वेता उपाध्याय व खान प्रभाग सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण केंद्र में अब तक 40 महिलाओं एवं युवतियों को पंजीकरण किया गया है, जिन्हें सिलाई के बुनियादी ज्ञान के साथ-साथ बच्चों के ड्रेस, स्वीट पेट आदि बनाने की जानकारी दी जाएगी। इस मौके पर सीएसआर हेड (कॉर्पोरेट) अभिजीत कुमार ने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाएं स्वरोजगार के लिए सक्षम बन सकेंगे। वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर भी बन सकेंगे। हिंडाल्को की इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को रोजगारपरक कौशल प्रदान कर उन्हें आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ाना है। उद्घाटन समारोह में उपस्थित अधिकारियों ने महिलाओं को प्रशिक्षण का पूरा लाभ उठाने और अपने हुनर को निखारने के लिए प्रेरित किया। आज सीएसआर हेड (कॉर्पोरेट) अभिजीत कुमार के अगवाई में कुजाम, चिरोडीह, अमतीपानी आदि खनन क्षेत्रों में मौजूदा समय में संचालित विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रमों जिनमें सोलर संचालित पेयजल योजना, आंगनवाड़ी, आवासीय विद्यालय अवलोकन किया। साथ ही विद्यालय प्रांगण में स्कूली बच्चों के साथ पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। मौके पर सीएसआर विभाग के राकेश तिवारी, मनोज कुमार, दीपक सिंह, प्रबंधक, खान कर्मी, महिला समूह, ग्रामीण आदि मौजूद रहे।

## तहरीक-ए-अमन सोसायटी के द्वारा आयोजित कव्वाली सह मेला प्रोग्राम में मंत्रियों के होंगे जमावड़े





**वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, हफिजूल हसन व मंत्री चमरा लिंडा को सोसायटी के पदाधिकारियों ने दी निमंत्रण, मंत्रियों ने शामिल होने की जताई सहमति**

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड के पवित्र धरती से जन्म लेने वाले वीर सपूत राज्य और देश की जनता को आजादी दिलाने को लेकर अंग्रेजों से आखरी दम तक संघर्ष और लड़ाई लड़कर झारखंड प्रदेश के रामगढ़ जिले के चुटूपाली स्थित बरगद पेड़ पर अंग्रेजी हुकूमत से हार नहीं मानकर हंसते-हंसते अपने प्राणों की देशहित में आहुति देने वाले महान क्रांतिकारी शहीद शेख भिखारी को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित हो इसे लेकर तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह द्वारा उनकी शान में एक शाम शहीदों के नाम पर मुकाबला कव्वाली सह मेला प्रोग्राम का आयोजन आगामी 25 फरवरी को आयोजित किया जा रहा है। उक्त प्रोग्राम में हिंदुस्तान ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में अपनी खास पहचान बनाने वाले मुम्बई के मशहूर कव्वाल रईस अनीश साबरी और इंडियन आइडल विजेता मेवत महाराष्ट्र के सलमान अली शहीद शेख भिखारी की शान में अपनी बेहतर प्रस्तुति देंगे। यहां पर बता दें कि तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह के जेरे निगरानी में धुर्वा मोड़ में आयोजित कव्वाली सह मेला प्रोग्राम को सफल बनाने में हरदिल अजीज गरीबों के मसीहा सर्वधर्म को एकसूत्र में पिरोकर चलने वाले महान शख्सियत पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू और अंजुमन ए इस्लामिया लोहरदगा के नाजिम ए आला हाजी अब्दुल जब्बार के सार्थक प्रयास से उक्त प्रोग्राम को भव्य बनाने हेतु तहरीक-ए-अमन सोसायटी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने पूरी तरह से कमर कस ली है। इधर लोहरदगा अंजुमन ए इस्लामिया के नाजिम ए आला हाजी अब्दुल जब्बार व तहरीक-ए-अमन सोसायटी के अध्यक्ष एकरामुल अंसारी महासचिव रौनक इकबाल उपाध्यक्ष साकिर अंसारी जियाउल अंसारी सह सचिव रेयाज अंसारी अकबर अंसारी कुर्से अंजुमन ए इस्लामिया के सेक्रेटरी हातिम अंसारी व नसीम अंसारी के द्वारा प्रोग्राम में शामिल होने हेतु झारखंड सरकार के चार मंत्रियों से मिलकर निमंत्रण पत्र सौंपा गया। यहां पर सोसायटी के पदाधिकारियों ने झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ इरफान अंसारी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफिजूल हसन और अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री चमरा लिंडा से मुलाकात कर मुकाबला कव्वाली प्रोग्राम में शामिल होने हेतु निमंत्रण पत्र सौंपा गया। साथ ही कई अन्य मंत्री के आने की भी संभावना व्यक्त किया गया है। इस बीच सोसायटी के पदाधिकारियों ने बताया कि सभी मंत्रियों ने प्रोग्राम में शामिल होने की अपनी सहमति दे दी है। इधर सोसायटी के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रोग्राम में लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव व झारखंड प्रदेश के विभिन्न विस क्षेत्र के दर्जन भर विधायक भी शामिल होंगे। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रोग्राम में झारखंड प्रदेश समेत देश के विभिन्न हिस्सों से पचासों हजार से अधिक लोगों के आगमन होने की संभावना है। सोसायटी के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रोग्राम को सफल बनाने हेतु इंतजामिया कमेटी का भी गठन किया गया है, जो अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निर्वहन करेंगे।

## कव्वाली सह मेला प्रोग्राम स्थल का एसडीपीओ ने लिया जायजा

नवीन मेल संवाददाता



**किस्को/ लोहरदगा।** शहीद शेख भिखारी की शान में आगामी 25 फरवरी को तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह के जेरे निगरानी में जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नवाडीह पंचायत के धुर्वा मोड़ में आयोजित होने वाले मुकाबला कव्वाली सह मेला प्रोग्राम स्थल का अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा व किस्को थाना प्रभारी सुमन मिंज के द्वारा निरीक्षण कर बारीकी से वस्तु स्थिति का मुआयना किया गया। इस बीच एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने कहा कि तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह के द्वारा आयोजित कव्वाली सह मेला प्रोग्राम को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराए जाने और प्रोग्राम में किसी तरह की गड़बड़ी ना हो इसे लेकर लोहरदगा पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी। एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने कहा कि प्रोग्राम में खलल डालने और कानून को अपने हाथों में लेने वाले वैसे लोगों शरारती और असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रोग्राम को आपसी भाईचारा और अनेकता में एकता को बरकरार रखते हुए मनाएं, किसी तरह की कोई व्यवधान उत्पन्न होने की संभावना की सूचना मिलने पर तत्काल इसकी सूचना स्थानीय थाना पुलिस और लोहरदगा पुलिस प्रशासन को दें, ताकि वैसे लोगों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की जा सके। एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने कहा कि शहीद शेख भिखारी की याद में आयोजित होने वाले कव्वाली सह मेला प्रोग्राम को सफल बनाने में सभी की सहभागिता सुनिश्चित हो।


**कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू**
**(समाज कल्याण शाखा)**
Email ID - dswopalamau@gmail.com

**सेविका / सहायिका चयन संबंधी प्रेस विज्ञप्ति**

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प 05 / म0स0 / आँ0के0 उत्क्र0 –472 / 2022–2529, दिनांक 09.07.2024 एवं निदेशक, समाज कल्याण, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 3046 / स0क0, दिनांक 27.11.2024 के आलोक में पलामू जिला अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में रिक्त 19 सेविका एवं 44 सहायिका के पद पर चयन के मद्देनजर दिनांक–20.02.2025 से 24.04.2025 तक आमसभा हेतु तिथि का निर्धारण किया गया है, जिसे जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.palamau.nic.in अथवा जिला समाज कल्याण कार्यालय, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। सेविका / सहायिका चयन हेतु आयोजित आमसभा में चयन समिति के अध्यक्ष बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं संयोजिका महिला पर्यवेक्षिका, होगें। संबंधित क्षेत्र में महिला स्वास्थ्य परिदर्शिका अथवा ए0एन0एम0 / संबंधित पोषण क्षेत्र में आँगनबाड़ी केन्द्र से नजदीकी प्राथमिक / मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं संबंधित ग्राम पंचायत के मुखिया चयन समिति के सदस्य होगें। विभागीय अधिसूचना संख्या 2238 / दिनांक 30.09. 2022 में दिये गये दिशा–निर्देश के आलोक में चयन समिति द्वारा आँगनबाड़ी सेविका / सहायिका का चयन किया जायेगा।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, पलामू।
PR.NO.346787 District(24-25):D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**
**(नोटिस)**

नाम–(1) मृत्युंजय भुईयां उर्फ मिथुन जी, पे0–बाबूलाल भुईयां, सा0–चकलवा नावाडीह, थाना–छीपादोहर, जिला–लातेहार, राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप भण्डरिया थाना कांड सं0–88 / 2020, दिनांक–08.12.2020 धारा–385, 387, 120बी, भा0द0वि0 एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट के अप्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। माननीय न्यायालय, अनुलिका कुमार, प्रथम श्रेणी न्यायिक दण्डाधिकारी, गढ़वा के द्वारा आपके विरुद्ध इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक– 27.01.2025 को आपके स्थाई पते के घर में इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने स्थाई पता से भी फिरार है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय, अनुलिका कुमार, प्रथम श्रेणी न्यायिक दण्डाधिकारी, गढ़वा झारखण्ड के न्यायालय में आप अविलंब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा
PR 346750 Police(24-25)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा**

**अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण–सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय का कार्य सूचारू रूप से संचालन हेतु The engine, alternator, controller system and Battery, manufactured from same brand. इत्यादि का क्रय किया जाना है।

अतः इच्छुक आपूर्तिकर्ता The engine, alternator, controller system and Battery, manufactured from same brand. इत्यादि का न्यूनतम दर मूहरबंद लिफाफे में दिनांक 01.03.2025 के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित कर सकते है, जो दिनांक 01.03.2025 पूर्वाह्न 11:30 बजे दरदाता या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोला जायेगा।

उक्त The engine, alternator, controller system and Battery, manufactured from same brand. इत्यादि की सूची एवं शर्तें कार्यालय के सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0का0वि0,कार्य प्रमंडल, गढ़वा
PR 346749 (Rural Development)24-25*D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।**

**आवश्यक सूचना।**
**(चोरी गई पिकअप वैन रंग–उजला)**

गढ़वा थाना कांड सं0–14 / 25 दिनांक–09.01.25 धारा–303(2) बी0एन0एस0 2023 में चोरी गयी पिकअप वैन (रंग–उजला) जिसका रजि0 नं0–JH14C5054 इंजन नं0–GHD1J78862 एवं चेचिस नं0– MA1ZN2GHKD1J71883 का अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।
PR 346751 (Police) 24-25 (D)



**कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)**
Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com
GOVERNMENT OF JHARKHAND
URBAN DEVELOPMENT OF DEPARTMENT, NAGAR PARISHAD, BISHRAMPUR

**E-PROCURMENT NOTICE (VERY SHORT TERM NOTICE)**
**Request for Proposal / E-procurement Notice**

*Request for Proposal no: - UDD/NPB/23/2024-25 (2nd Call)* *Date : 15.02.2025*

Request for Proposal are invited on behalf of **Nagar Parishad Bishrampur (NPB)** Jharkhand for work on DBOT basis from reputed and eligible Companies / Firm / Consortium / Joint Ventures having sound Technical and financial capability for the following works:

| SL. | Discription of Package | ESTIMATE COST (Rs. In Lakh) | EARNEST MONEY (Rs. In Lakh) | TENDER FEE | COMPLETION PERIOD |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | (1% OF ESTIMATE COST) | | |
| 1 | Door to Door Collection and Source Segregation of Municipal Solid Waste, setting up and operation of material recovery facility, transfer station and transportation facility, developing and operating a wet and dry waste processing facility and engineered sanitary landfill facility in municipal area as per SWM rules 2016 and SBM 2.0 guidelines, for Bishrampur Nagar Parishad on a long-term design, Build, Operate and Transfer (DBOT) basis with 20 Years O&M. | 897.71 & 9492.20 | 8.97 | 25000.00 | 16 Months Construction & 20 Yrs. O&M |
| 2 | Date Of Publication of Tender on Website | 18.02.2025 at 11:00 AM | | | |
| 3 | Last Date for Receiving Queries | 22.02.2025 at 02:00 PM | | | |
| 4 | Pre Bid Meeting | 25.02.2025 at 02:00 PM | | | |
| 5 | Last Date/Time Of Online Submission Of Bids | 01.03.2025 at 02:00 PM | | | |
| 6 | Date Of Bid Opening | 03.03.2025 at 11:00 AM | | | |
| 7 | Name & Address of Office Inviting Tender | EXECUTIVE OFFICER NAGR PARISHAD BISHRAMPUR | | | |
| 8 | Contact No. Of Procurement Officer | 9113473868 | | | |
| 9 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 06584 299971 | | | |

NOTE : -
1. Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website https://jharkhandtenders.gov.in/nicgep/app.
2. Contractors should be registered in appropriate class as per NIT.

प्रशासक,
नगर परिषद् बिश्रामपुर
PR 346736 District (24-25)_D

### चैनपुर प्रखंड में पेयजल संकट जलमीनारों की दयनीय स्थिति से ग्रामीण परेशान

# जलमीनार चालू हैं, वे भी भगवान भरोसे चल रहे



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के कई गांवों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में जमगई गांव के लोगों ने संवाददाता को सूचित किया कि जल संकट की समस्या बढ़ती जा रही है। इस पर हमने समाचार प्रकाशित किया, जिसके बाद विभाग ने त्वरित कार्रवाई की, लेकिन ग्रामीणों की समस्याएं अभी भी बरकरार हैं।मालम के तिग्गावल गांव में तीन पियाव के खराब होने की समस्या सामने आई है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि नाल जल योजना के तहत बने अधिकांश पियाव अब खराब हो चुके हैं। इसके अलावा, मुखिया फंड से बने पियाव की स्थिति भी बहुत खराब है। जब ग्रामीणों ने मुखिया से शिकायत की, तो उनका कहना था कि मरम्मत के लिए उनके पास पर्याप्त फंड नहीं है और वे गांव में चंदा इकट्ठा करने का सुझाव दे रहे हैं।चैनपुर प्रखंड में अधिकांश जलमीनार अब हाथी के दांत साबित हो रहे हैं, क्योंकि रखरखाव की कमी के कारण ये खराब हो चुके हैं। यह सवाल उठता है कि मुखिया की जिम्मेदारी होने के बावजूद ग्रामीणों को ऐसी कठिनाइयों का सामना क्यों करना पड़ रहा है। प्रखंड के हर पंचायत में दस से अधिक जलमीनार मृत अवस्था में पड़े हैं, और जो जलमीनार चालू हैं, वे भी भगवान भरोसे चल रहे हैं। ग्रामीणों की उमंग और प्रशासन से अपेक्षा है कि इस गंभीर मुद्दे पर हस्तक्षेप किया जाए। सभी जलनल योजनाओं और जलमीनारों की जांच की जानी चाहिए और उन्हें जल्द से जल्द सही किया जाना चाहिए। गर्मी का मौसम नजदीक है, और अगर इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो ग्रामीणों का जीवन बिना पानी के बर्दाश्त करना बेहद कठिन होगा। तिग्गावल निवासी बालमोहन भगत ने बताया कि मालम मुखिया को पानी की समस्या से अवगत कराया गया है, लेकिन उनकी प्रतिक्रिया निराशाजनक रही है। उनके अनुसार, मुखिया ने कहा कि आप सभी चंदा करके बनवा लें। तिग्गावल के लोग दो किलोमीटर दूर जाकर पानी लेने को मजबूर हैं और नदी और बांध का पानी पीने में विवश हैं। ग्रामीण महिलाओं, जैसे माहेश्वरी देवी, सोनिया देवी, सरिता देवी, और जितनी देवी ने बताया कि रात हो या दिन, हम सभी सुबह जल्दी उठकर पानी भरते हैं। तभी जाकर अपने बच्चों को स्कूल भेज पाते हैं। हमें डर तो लगता है, लेकिन पानी की कमी के कारण हमें यह सब करना पड़ता है। सरकार द्वारा हर घर नल जल योजना का संचालन किया जा रहा है, लेकिन चैनपुर प्रखंड में अधिकांश गांवों में लगाए गए जलमीनार साल-दो साल में ही खराब हो जाते हैं। यह स्थिति स्पष्ट रूप से दशार्ती है कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में भी लीपा-पोती का कार्य किया जा रहा है, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने सरकार से अपील की है कि जल्द से जल्द जलमीनारों की मरम्मत की जाए, ताकि उन्हें गर्मी में राहत मिल सके। यदि इस मुद्दे पर ध्यान नहीं दिया गया, तो ग्रामीणों का जीवन और भी कठिनाईयों से भरा होगा।

# दो वाहन आपस में भिड़े, एक ही ब्लैक स्पॉट पर दुर्घटना की सेंचुरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**बसिया(गुमला)।** विगत एक वर्ष में दुर्घटनाओं का शतक पूरा करनेवाले दक्षिणी कोयल नदी के बसिया स्थित पुल में आज फिर से दो ट्रक आपस में भिड़ गए। इस दुर्घटना के कारण जानमाल की किसी प्रकार की कोई क्षति तो नहीं हुई परन्तु राँची सिमडेगा पथ पर घंटो सड़क जाम लगा रहा। मिली जानकारी के अनुसार बसिया स्थित यह पुल काफी संकरा है और आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इस पुल पर आज भी रांची की ओर से आ रहे एक ट्रेलर की टक्कर विपरीत दिशा से आ रहे हाइवा से हो गई। इन दोनों वाहनों के बीच हुई जोरदार टक्कर के बावजूद किसी को कोई गंभीर चोटें तो नहीं आई परंतु बीच पुल में दोनों ट्रकों के फंस जाने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया और पुल के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। इस पुल पर यह कोई पहली दुर्घटना नहीं है। बार बार हो रही दुर्घटनाओं के कारण ब्लैक स्पॉट बना यह पुल न केवल स्थानीय प्रशासन के लिए सिरदर्द बन गया है बल्कि स्थानीय लोग भी इसे लेकर खौफजदा हैं। बताते चलें कि पथ निर्माण विभाग इस पुल को लेकर संजीदा नहीं है और विभाग की इस असंवेदनशीलता के लोगों में क्षोभ व्याप्त है। इस क्षोभ के कारण आज फिर से क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों ने जिला प्रशासन से इस अभिशापित पुल के दोनों छोरों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की मांग की है।

# 30 युवाओं को इलेक्ट्रिकल व इलेक्ट्रॉनिक्स प्रशिक्षण शुरू




**नवीन मेल संवाददाता**

**बिशुनपुर (गुमला)।** 32वीं वाहिनी सीमा सशस्त्र बल (एसएसबी) बनारी के द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत बुधवार को विकास भारती बिशुनपुर सभागार में इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक कार्य प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एसएसबी के उपमहानिरीक्षक मानवेंद्र नेगी, कमांडेंट राजेश सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडारी और विकास भारती के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस 25 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में बिशुनपुर प्रखंड के अति सुदूरवर्ती और नक्सल प्रभावित क्षेत्र के 30 छात्र-छात्राओं को इलेक्ट्रिकल व इलेक्ट्रॉनिक्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को तकनीकी दक्षता देकर स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाना है। कार्यक्रम में एसएसबी उपमहानिरीक्षक मानवेंद्र नेगी ने कहा कि आज के समय में इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स का ज्ञान बहुत जरूरी है। यह प्रशिक्षण युवाओं को न सिर्फ हुनरमंद बनाएगा, बल्कि उन्हें अपने गांव में ही रोजगार स्थापित करने का अवसर देगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडारी ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनने और सीखे गए कौशल से अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रेरित किया। विकास भारती के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत ने कहा कि ग्रामीण युवाओं को कम से कम इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रिकल कार्य का ज्ञान अवश्य होना चाहिए, जिससे वे अपने गांव में ही रोजगार प्राप्त कर सकें। गांवों में कुशल प्लंबर और इलेक्ट्रिशियन की भारी मांग है, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलने के साथ ही पलायन भी रोका जा सकेगा। इस मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक डॉ. संजय पांडे, कल्याण पदाधिकारी गणेशाराम महतो, एसएसबी के सहायक कमांडेंट अभिषेक कुमार गौरव और सुशांत गौरव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अवैध बालू खनन के खिलाफ कार्यवाही



**बसिया(गुमला)।** दक्षिणी कोयल नदी के सुकुरडा घाट से बालू के अवैध उठाव का एक मामला प्रकाश में आया है। विगत कई दिनों से लगातार मिल रही शिकायतों पर कारवाई करते हुए आज जिला खान निरिक्षक ने इस घाट पर गहन छापेमारी की। इस छापेमारी के दौरान बालू के अवैध उत्खनन एवं परिवहन में लगे एक जेसीबी मशीन और एक हाइवा को मौके पर ही जब्त कर लिया गया। इस संबंध में खान निरीक्षक नीरज कुमार सिंह ने बताया कि छापेमारी दल को देखते ही हाइवा (जेएच-01-एफएक्स-2526) का चालक गाड़ी छोड़ कर भाग गया जबकि रांची के लापुंग निवासी जेसीबी चालक कार्तिक उरांव को पकड़ कर बसिया थाने के सुपुर्द कर दिया गया। इसके अतिरिक्त बालू के अवैध परिवहन में संलिप्त जेसीबी एवं हाइवा के चालकों और मालिकों के विरुद्ध तत्संबंधी सुसंगत धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज करते हुए आगे की कार्यवाही की जा रही है। खनन प्रशासन की इस कार्यवाही के कारण बालू के अवैध धंधे से लगे लोगों के बीच यहाँ हड़कंप मच गया है।

# डुमरी में नाबालिग के साथ बलात्कार का मामला : पुलिस ने दर्ज की प्राथमिकी




**नवीन मेल संवाददाता**

**डुमरी (गुमला)।** डुमरी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग के साथ बलात्कार का गंभीर मामला सामने आया है। थाना प्रभारी अनुज कुमार ने पुष्टि की है कि पीड़िता के पिता द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर पॉक्सो एक्ट और भारतीय दंड संहिता की धारा 376 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

**परिजन ने बताया कि विवरण :** पिता ने बताया कि उनकी 13 वर्षीय पुत्री 13 फरवरी को अपनी सहेली के साथ महुआडंड मेला देखने गई थी। जब शाम को वह घर नहीं लौटी, तो परिवार ने चिंता जताई। 14 फरवरी को पिता और उनकी पत्नी ने महुआडंड जाकर अपनी बेटी को खोजने का प्रयास किया। वहां उन्हें अपनी बेटी और उसकी सहेली की बहन मिली, जिसने बताया कि रात होने के कारण वे वहीं रुक गए थे। घर लौटने के बाद, पीड़िता काफी डरी हुई थी और किसी से बात नहीं कर रही थी।

16 फरवरी को, उसने अपनी मां को बताया कि सहेली के घर में सोने के दौरान, उसकी सहेली का भाई रात में उसके बिस्तर में आ गया और उसके साथ जबरदस्ती बलात्कार किया।

**पीड़िता ने बताया कि इच्छा के विरुद्ध आरोपी ने किया दुष्कर्म :** पीड़िता ने बताया कि जब उसने विरोध किया, तो उसके मुंह को दबा दिया गया और जान से मारने की धमकी दी गई। आरोपी ने कहा कि यदि उसने किसी को बताया, तो उसके परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

**परिजनों ने कानूनी कार्रवाई की मांग :** पीड़िता के पिता ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी अनुज कुमार ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह घटना न केवल एक गंभीर अपराध है, बल्कि समाज में सुरक्षा और नाबालिगों के खिलाफ अपराधों के प्रति जागरूकता का भी सवाल उठाती है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी जल्द ही कानून के शिकंजे में होंगे। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में दहशत फैला दी है और परिवार को न्याय मिलने की उम्मीद है। पुलिस ने सभी संबंधित पक्षों से अपील की है कि वे मामले में सहयोग करें और किसी भी तरह की जानकारी साझा करें।

**क्या कहते है थाना प्रभारी डूमरी :** थाना प्रभारी अनुज कुमार ने कहा कि मंगलवार देर शाम उन्हें आवेदन प्राप्त हुआ है। एफआईआर दर्ज करने के बाद, एक छापेमारी दल गठित किया गया है और जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

### गुमला में अंडर-23 जेएससीए अंतर जिला क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज

# पलामू और सिमडेगा के बीच पहला मुकाबला




**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** शहीद तेलगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में गुरुवार से जेएससीए अंतर जिला अंडर-23 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ होगा। इस राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में गुमला को मेजबानी का गौरव मिला है, जिसके लिए जिला क्रिकेट संघ ने पूरी तैयारियां पूरी कर ली हैं। टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में पलामू और सिमडेगा की टीमें आमने-सामने होंगी। सेमीफाइनल तक गुमला में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में वेस्ट सिंहभूम, सिमडेगा, रामगढ़, दुमका, पलामू और खूंटी की टीमें भाग लेंगी। तीन फरवरी को क्वार्टर फाइनल और पांच फरवरी को सेमीफाइनल मुकाबले गुमला में खेले जाएंगे, जबकि सात फरवरी को टूर्नामेंट का फाइनल बोकारो में होगा। टूर्नामेंट को लेकर जेएससीए द्वारा प्रतिनियुक्ति टीम गुमला पहुंच चुकी है। इसमें टीआरडीओ पूर्व रणजी खिलाड़ी अनवर मुस्तफा, अंपायर ओपी राय और मनोरंजन कांजीलाल, स्कोरर संदीप रॉय और अनिकेतन राज, तथा एलओ अरुण राय शामिल हैं। राज्य स्तरीय क्रिकेट आयोजन को यादगार बनाने के लिए स्टेडियम को आकर्षक रूप से सजाया गया है। साइड स्क्रीन, प्लेयर सिटिंग एरिया और अन्य जरूरी सुविधाएं बहाल कर दी गई हैं। गुमला के क्रिकेट प्रेमियों के लिए यह टूर्नामेंट एक शानदार अवसर होगा, जहां वे राज्य के उभरते क्रिकेट सितारों का खेल देख सकेंगे।

### महाकुम्भ तीर्थ यात्रा 2025

# सिसई से तीन सौ श्रद्धालुओं का जत्था प्रयागराज के लिए हुआ रवाना




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई (गुमला)।** सिसई प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से 300 की संख्या में श्रद्धालुओं का जत्था छः बसों के द्वारा सिसई से महाकुम्भ तीर्थ यात्रा पर प्रयागराज महाकुम्भ में पवित्र स्नान करने के लिए रवाना हुए। त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगा कर अपने कुटुम्ब परिवार, गांव समाज व क्षेत्र वासियों के सुख समृद्धि के लिए गंगा मईया से प्रार्थना कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। महाकुम्भ के साथ साथ अन्य तीर्थ स्थलों अयोध्या, काशी एवं विंध्याचल कि यात्रा कर दर्शन पूजन करेंगे तत्पश्चात पांचवे दिन वापस सिसई लौटेंगे। इस धार्मिक यात्रा में मुख्य रूप से सुरेन्द्र जायसवाल, अमित कुमार दुबे, सुनिल कुमार साहू, अजय कुमार जायसवाल, सुनील कुमार सिंह, विकास दुबे, सीताराम, नारायण ताम्रकर, छोटेलाल ताम्रकर, दीपु, ममता, रवि साहू, मोंटी, बसंत, चरकू महतो, पिंकू ताम्रकर दीपा कुमारी, शौर्य कुमार, सीताराम भगत, सीमा देवी, राखी कुमारी, सरोज देवी, चिन्ता देवी, महावीर महतो शिल्वंती देवी, जोगेंद्र उरांव, गौतम वर्मा, रातरानी देवी, ममता कुमारी, दीपांशु साहू, दीपक साहू,सहित तीन सौ श्रद्धालुगण शामिल हैं।

# बोलबा प्रखंड में 3 दिवसीय माघ मेला का दूसरा दिन संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय स्थित गंझु टांड मैदान में तीन दिवसीय माघ मेला का दूसरा दिन संपन्न हुआ।बताया गया कि बोलबा प्रखंड मुख्यालय में माघ मेला हर साल की भांति इस वर्ष भी गंझु टांड मैदान में लगाया गया है। मेले में मिठाई कि दुकान, श्रृंगार की दुकान, झूला, मिकी माऊस, डोंगा, ट्रेन, खेल तमाशा सहित कई विभिन्न प्रकार के आकर्षक चीजे एवं दुकान लगाए गए हैं।इस मौके पर समसेरा पंचायत के मुखिया सूरजन बड़ाइक ने बताया कि इस वर्ष तीन दिन लगने वाले मेला को छः दिन लगाने का निर्णय लिया गया है जो रविवार तक लगेगा।वहीं बोलबा गंझू टांड़ मैदान में दिनांक 19.02.2025 से 26.02.2025 तक कृषि प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया है।जिसमें किसान भाइयों को अपने उपज पैदावार को कृषि मेला में लाने का आग्रह किया गया है।बताया गया कि कृषि प्रदर्शनी में अपने उपज के फसल लाने वाले सभी किसानों को प्रोत्साहित कर पुरस्कृत किया जाएगा।


**कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा मत्स्य निदेशालय झारखण्ड राँची के पत्रांक 268 दिनांक 11.02.2025 के आलोक में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना अन्तर्गत हैचरी संचालकों एवं स्थानीय **मत्स्य स्पॉन उत्पादकों/फार्मूलेटेड फीड/फ्राई कैचिंग नेट** आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में गढ़वा जिले के निबंधित मत्स्य बीज उत्पादकों एवं जलाशय तथा नदी छाड़न में कॉर्प मछलियों के मत्स्य स्पॉन, मास फीड (मत्स्य आहार) एवं फ्राई कैचिंग नेट वितरण किया जाना है। साथ ही बर्ड प्रोटेक्सन नेट, स्कैम्पी/स्कैम्पी फीड का क्रय किया जाना है। अतः आपूर्तिकर्ताओं से दिनांक 08.03.2025 के अप0 12:00 बजे तक मुहरबंद निविदा आमंत्रित किए जाते हैं। तकनीकी रूप से योग्य पाए जाने वाले निविदादाता का ही वित्तीय निविदा खोली जाएगी एवं उस पर विचार किया जाएगा अन्यथा उनकी निविदा को अयोग्य करार दिया जाएगा।

निविदा जमा करने का स्थान- जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा।
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय-08.03.2025 को अप0 12:00 बजे तक।
निविदा खुलने की तिथि एवं समय- 08.03.2025 को 1:00 बजे अप0।
निविदा खुलने का स्थान- उपायुक्त, गढ़वा के कार्यालय कक्ष।

**नोट :-** मत्स्य स्पॉन, मास फीड एवं फ्राई कैचिंग नेट की निविदा से संबंधित विवरणी www.garhwa.nic.in तथा कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,गढ़वा

PR 346768 (Fish)24-25*D


# भरनो बीडीओ ने नाजीर भवेश दुबे को किया कार्यमुक्त

### नशापान और अनुशासनहीनता के आरोप



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** भरनो प्रखंड कार्यालय के नाजीर भवेश कुमार दुबे को बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने कार्यमुक्त कर दिया। उन पर कार्य अवधि में नशापान करने, अनुशासनहीनता और सहकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार के आरोप लगे थे। बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि नाजीर भवेश दुबे के खिलाफ कार्यालय कर्मियों और स्थानीय लोगों से लगातार शिकायतें मिल रही थीं। उन्होंने अपने कार्यों का सही ढंग से निष्पादन नहीं किया, सहकर्मियों से समन्वय स्थापित करने में विफल रहे और गैर-तकनीकी बातों से लोगों पर धौंस जमाते रहे। इस मामले में जिला उपायुक्त को भी अवगत कराया गया है, और यदि जरूरत पड़ी तो उनके खिलाफ और सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### किसानों के लिए तीन दिवसीय फसल सुरक्षा प्रशिक्षण शुरू

# किसानों के लिए तीन दिवसीय फसल सुरक्षा प्रशिक्षण शुरू




**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** भरनो प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित कृषि तकनीकी केंद्र में बुधवार से पंचायत स्तरीय फसल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में किसानों को फसल प्रबंधन, कीट-पतंगों और बीमारियों से फसलों की सुरक्षा के साथ-साथ मिट्टी और बीज उपचार की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। विशेषज्ञों ने बताया कि खेतों की उर्वरा शक्ति लगातार घट रही है, जिससे पैदावार पर असर पड़ रहा है। ऐसे में मिट्टी और बीज उपचार की सही तकनीक अपनाकर किसान अपनी फसल को बेहतर बना सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजू कुमार, बीटीएम शशि शमा खलखो और एटीएम रोहित कुजर ने किसानों को आवश्यक जानकारी दी। इस अवसर पर किसान मित्रों और बड़ी संख्या में पंचायत के किसान उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रशिक्षण से नई कृषि तकनीकों को सीखने का लाभ उठाया।


**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य विकास)**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, लोहरदगा**

**-: प्रगतिशील/उत्कृष्ट दुग्ध उत्पादकों के लिए पुरस्कृत करने हेतु आम सूचना :-**

वित्तीय वर्ष 2024-25 में लोहरदगा जिले के प्रगतिशील/उत्कृष्ट दुग्ध उत्पादकों/लघु डेयरी उद्यमियों को राज्य स्तर एवं जिला स्तर पर पुरस्कार वितरण की योजना से लाभान्वित किया जाना है। इच्छुक प्रगतिशील दुग्ध उत्पादकों/लघु डेयरी उद्यमियों को सूचित किया जाता है कि कार्यालय दिवस में जिला गव्य विकास कार्यालय, लोहरदगा से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर विस्तृत सूचना यथा डेयरी फार्म में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल, हरा-चारा उत्पादन, डेयरी फार्म की साफ-सफाई, दुधारू पशुओं का रख-रखाव एवं जीविकोपार्जन व आर्थिक स्थिति मजबूत होने संबंधि सफलता की कहानी के साथ **दिनांक- 25.02.2025** तक स्वयं के हस्ताक्षर के साथ जिला गव्य विकास कार्यालय, लोहरदगा में जमा किया जा सकता है।

आवेदन के साथ निम्नलिखित कागजात संलग्न करने की आवश्यकता है :-

- दो प्रति में दुधारू गाय/भैंस सहित पशुशाला के साथ स्वयं का भी रंगीन फोटोग्राफ।
- आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति।
- दुग्ध उत्पादन व्यवसाय से संबंधित अपने सफलता की कहानी।

**नोटः-** अधूरे आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। विशेष जानकारी हेतु जिला गव्य विकास कार्यालय, लोहरदगा से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
लोहरदगा

PR 346792 (Lohardaga)24-25*D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

उद्देश्यहीन जीवन द्वारा नहीं, बल्कि एक नियमित एवं संतुलित जीवन द्वारा तुम महापुरुषों के आशीर्वाद प्राप्त कर सकोगे। तब माया कभी भी अपने माध्यम के रूप में तुम्हारा उपयोग नहीं कर पाएगी। **- श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

### दिल्ली भगदड़ से सीख ले स्थाई समाधान हो

प्रयागराज की ट्रेन पकड़ने के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर उमड़ी भीड़ में मची अफरा-तफरी के बाद के दृश्य अत्यंत लोमहर्षक हैं, जो एक बार फिर भारतीय रेल की व्यवस्थाओं पर गंभीर प्रश्न खड़े करते हैं। शुरुआती जांचों से यही पता चलता है कि यात्री महाकुंभ जाने के लिए प्रयागराज एक्सप्रेस की प्रतीक्षा कर रहे थे। इस बीच भुवनेश्वर राजधानी और स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस के विलंब के आने की सूचना से उनके यात्री भी वहां एकत्र होने लगे। तीनों ट्रेनों की भीड़ प्लेटफॉर्म-14 पर थी, तभी एक अन्य ट्रेन के प्लेटफॉर्म-16 पर आने की घोषणा हुई, तो एकाएक भीड़ दूसरे प्लेटफॉर्म पर भागी, एक यात्री सीढ़ियों से फिसलकर गिर गया और स्थितियां बेकाबू हो गईं। नई दिल्ली देश के व्यस्ततम रेलवे स्टेशनों में से एक है, जहां करीब पांच लाख यात्री रोज आते हैं। ऐसे में, किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए ठोस व्यवस्था होनी चाहिए थी, जिसका यहां अभाव दिखा। बताया जा रहा है कि हादसे के दिन एक घंटे के भीतर करीब 1500 जनरल टिकट बेचे गए, जिससे स्टेशन पर भीड़ बढ़ती गई और फिर स्थितियां काबू से बाहर हो गईं। महाकुंभ में मौनी अमावस्या के दौरान हुए हादसे के बाद भी क्या भारतीय रेल को ऐसी भीड़ का अंदाजा नहीं था और अगर था, तो ऐसी किसी अनहोनी की दशा में बचाव की क्या योजना बनाई गई थी? इसे विडंबना के सिवाय क्या कहा जाए कि स्टेशन पर हालात बेकाबू होने और लोगों की मौतों के बाद भी रेलवे के अधिकारी हादसे को अफवाह बताते रहे और देर रात तक उन्होंने आधिकारिक बयान देने की जरूरत तक नहीं समझी। इसके ठीक-ठीक कारण तो जांच के बाद ही पता चलेंगे-हालांकि ऐसे पिछले हादसों के ही क्या कारण पता चले और उनसे क्या सबक सीखा गया, कोई नहीं जानता। बावजूद इसके कि 2013 में भी कुंभ के दौरान प्रयागराज स्टेशन पर मची भगदड़ से 36 लोग मारे गए थे, रेल प्रशासन ऐसी किसी आशंका को लेकर सोया हुआ था, तो यह शर्मनाक लापरवाही ही कही जाएगी। हाथरस, बागपत और फिर मौनी अमावस्या वाले दिन प्रयागराज में-पिछले कुछ समय में जिस तरह से आए दिन भगदड़ की वजह से हादसे हुए हैं, उन्हें देखते हुए भगदड़ को एक ज्वलंत समस्या कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी। ऐसे में, एक समग्र भीड़ प्रबंधन फ्रेमवर्क विकसित करने की जरूरत है। रही बात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन हादसे की, तो गलती जहां भी हो, खोजी जानी चाहिए और सुधारी भी जानी चाहिए। विपक्ष तो अपनी मांग रखेगा ही, लेकिन रेल मंत्री कम से कम ऐसे कदम जरूर उठाएं, जिनसे ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। कहीं ऐसा न हो कि अन्य मामलों की तरह इसे भी मामूली घटना समझा जाए। इससे सीख लेने की आवश्यकता है और भविष्य के लिए सजग रहने की भी।

*नई दिल्ली देश के व्यस्ततम रेलवे स्टेशनों में से एक है, जहां करीब पांच लाख यात्री रोज आते हैं।*

## देश की बात

### भारत वैश्विक एआई प्रतिभा और कुशलता में अग्रणी

# मेट्रो शहरों से परे एआई प्रतिभा संभावनाएं और एआई शिक्षा

**पत्र सूचना कार्यालय**



इंडिया एआई फ्यूचर स्किल्स पहल के अंतर्गत एआई पाठ्यक्रमों को स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी कार्यक्रमों में विस्तारित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, शीर्ष 50 एन.आई.आर.एफ- रैंक वाले शोध संस्थानों में एआई पर शोध करने वाले पूर्णकालिक पीएचडी विद्वानों को फेलोशिप प्रदान की जा रही है। एआई शिक्षा तक समावेशी पहुंच सुनिश्चित करने के लिए, सरकार श्रेणी 2 और श्रेणी 3 शहरों में डेटा और एआई लैब स्थापित कर रही है। ये लैब व्यापक जनसांख्यिकी के लिए मूलभूत एआई पाठ्यक्रम प्रदान करेंगे। दिल्ली में राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईईएलआईटी) में एक मॉडल इंडियाएआई डेटा लैब पहले ही स्थापित की जा चुका है। भारत वैश्विक एआई कौशल पैठ में पहले स्थान पर स्टैनफोर्ड एआई इंडेक्स 2024 के अनुसार, भारत एआई कौशल पैठ में वैश्विक स्तर पर सबसे आगे है। भारत 2.8 के स्कोर के साथ एआई कौशल पैठ में विश्व स्तर पर पहले स्थान पर है, जो अमेरिका (2.2) और जर्मनी (1.9) से आगे है।भारत ने 2016 से एआई प्रतिभा संकेन्द्रण में उल्लेखनीय 263 प्रतिशत की वृद्धि देखी है, जिसने खुद को एआई में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया है। भारत महिलाओं के लिए एआई कौशल पैठ में भी 1.7 की प्रवेश दर के साथ अग्रणी है, इसके बाद अमेरिका (1.2) और इज़राइल (0.9) का स्थान है। यह उपलब्धि एआई कौशल विकास में लैंगिक असमानता को पाटने के लिए भारत के जारी प्रयासों को दर्शाती है। जब नवाचार और तकनीक की बात आती है, तो भारतीय युवा सर्वश्रेष्ठ में से एक हैं। भारत वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ने वाली डेवलपर आबादी के रूप में उभरा है, जो गिटहब पर पब्लिक जनरेटिव एआई प्रोजेक्ट्स में दूसरे स्थान पर है। भारत खुद को एआई के लिए एक नवाचार केन्द्र के रूप में स्थापित कर रहा है, जिसमें दुनिया की 16 प्रतिशत एआई प्रतिभाएं हैं और एआई कौशल को तेज़ी से अपनाया जा रहा है।भारत शीर्ष 5 सबसे तेज़ी से बढ़ते एआई प्रतिभा केन्द्रों में से एक व्हीबॉक्स द्वारा "इंडिया स्किल्स रिपोर्ट 2024" का अनुमान है कि भारत का एआई उद्योग 2025 तक 45 प्रतिशत सीएजीआर के साथ 28.8 बिलियन अमरीकी डॉलर तक पहुंच जाएगा। इसके अतिरिक्त, भारत में एआई-कुशल कार्यबल में 2016 से 2023 तक 14 गुना वृद्धि देखी गई है। सिंगापुर, फ़िनलैंड, आयरलैंड और कनाडा के साथ भारत शीर्ष पांच सबसे तेज़ी से बढ़ते एआई टैलेंट हब में से एक है। भारत में एआई पेशेवरों की अनुमानित मांग 2026 तक लगभग 1 मिलियन तक पहुंचने का अनुमान है। भारत का जेन एआई क्षेत्र वैश्विक मंदी के बीच उल्लेखनीय रूप से विकसित हुआ।नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्वेयर एंड सर्विस कंपनीज (नैसकॉम) की नवंबर 2024 में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक मंदी के बीच भारत का जनरेटिव एआई क्षेत्र उल्लेखनीय रूप से विकसित हुआ है।इसने कहा कि भारतीय जेन एआई स्टार्टअप फंडिंग, वित्तख वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में लगभग 51 मिलियन यूएस डॉलर थी, जिसमें बी2बी और एजेंटिक एआई स्टार्टअप्स के नेतृत्व में तिमाही-दर- तिमाही 6 गुना से अधिक वृद्धि देखी गई। प्रायोगिक उपयोग के मामलों से लेकर स्केलेबल, उत्पादन-तैयार समाधानों तक भारतीय जेन एआई क्षेत्र का विकास इसकी बढ़ती परिपक्वता में परिलक्षित होता है।

#### भारत एआई अपनाने में अग्रणी

बीसीजी द्वारा संकलित एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत एआई अपनाने में अग्रणी है, जिसमें 80 प्रतिशत कंपनियां एआई को मुख्य रणनीतिक प्राथमिकता के रूप में पहचानती हैं, जो वैश्विक औसत 75 प्रतिशत से अधिक है।रिपोर्ट में बताया गया है कि 69 प्रतिशत भारतीय कंपनियां 2025 में अपने तकनीकी निवेश को बढ़ाने की योजना बना रही हैं, इनमें से एक तिहाई कंपनियां एआई पहलों के लिए 25 मिलियन यूएस डॉलर से अधिक आवंटित करने वाली हैं। यह एक व्यापक डिजिटल परिवर्तन एजेंडे की दिशा में देश के अभियान को दर्शाता है रैंडस्टैड एआई और इक्विटी रिपोर्ट 2024 के अनुसार, एआई ने भारत में कार्यस्थलों में तेज़ी से पैठ बनाई है, 2024 में 10 में से सात कर्मचारी कार्यस्थल पर किसी न किसी रूप में एआई का उपयोग कर रहे हैं, जबकि एक साल पहले यह संख्या 10 में से 5 थी।

#### भारतीय एआई क्षेत्र का निरंतर उदय

स्वायत्त एजेंटों जैसी एआई-संचालित तकनीकों का लाभ उठाकर, छोटे और मध्यम आकार के व्यवसाय (एसएमबी), व्यक्तिगत ग्राहक अनुभव प्रदान करने और बैक-ऑफ़िस संचालन को अनुकूलित करने के कुशल तरीके खोज रहे हैं। 'सेल्सफोर्स' की एक रिपोर्ट के अनुसार, एआई का उपयोग करने वाले भारत में 78 प्रतिशत छोटे और एसएमबी में आय वृद्धि हुई है। सर्वेक्षण में शामिल 93 प्रतिशत भारतीय एसएमबी ने कहा कि एआई ने आय बढ़ाने में मदद की है।भारत में एआई बाज़ार की वृद्धि भारत का एआई बाज़ार तेजी से बढ़ रहा है, जैसा कि बीसीजी-नैसकॉम रिपोर्ट 2024 द्वारा उजागर किया गया है। एआई बाज़ार 25-35 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़ेगा, जो नवाचार और रोज़गार सृजन क्षमता पर भी जोर देगा।एआई नियमित कार्यों को स्वचालित करता है। साथ ही यह डेटा विज्ञान, मशीन लर्निंग और एआई-संचालित अनुप्रयोगों में नए रोज़गार के अवसर पैदा करता है। एक्सिलरेटर का बढ़ता नेटवर्क भारत में इस समय 520+ टेक इनक्यूबेटर और एक्सिलरेटर उपकरण है। दुनिया में एआई क्षेत्र में कुल सक्रिय कार्यक्रमों में भारत में इसकी तीसरी सबसे बड़ी संख्यान है, जिसमें पिछले पांच वर्षों में भारतीय स्टार्टअप की जरूरतों को पूरा करने के लिए 42 प्रतिशत कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। टी-हब मैथ जैसे एक्सेलेरेटर एआई स्टार्टअप को उत्पाद विकास, व्यावसायिक रणनीति और स्केलिंग पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। उदाहरण के लिए, 2024 के शुरुआती महीनों में, मैथ के पास 60 से अधिक स्टार्टअप थे, और उनमें से पांच वित्त पोषण के लिए विचारधीन है।

### स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मजबूत और रचनात्मक विपक्ष जरूरी

लोकतंत्र को मज़बूत बनाने के लिए सरकार और विपक्ष को मिलकर रचनात्मक रूप से काम करना होगा। लेकिन भारत में संसदीय बहसों में बढ़ते ध्रुवीकरण, बार-बार व्यवधान तथा गहन चर्चाओं पर टीका-टिप्पणी व हंगामे के कारण विधायी विचार-विमर्श की गुणवत्ता और भी खराब हो गई है। अपर्याप्त नीतिगत चर्चा सरकार और विपक्ष के बीच वास्तविक बातचीत में बाधा डालती है। पक्षपातपूर्ण मुद्दों का उपयोग अक्सर उन महत्त्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करने के लिए किया जाता है, जिनके लिए व्यापक राष्ट्रीय सहमति की आवश्यकता होती है, जैसे विदेश नीति और तकनीकी विकास। संसदीय चर्चाओं की प्रभावशीलता तब कम हो जाती है जब राजनीतिक दुश्मनी के कारण चर्चा के बजाय अशांति पैदा होती है। सरकार का विधायी एजेंडा और विपक्ष के साथ सार्थक तरीके से बातचीत करने की अनिच्छा यह दर्शाती है कि वह अपने कार्यों की जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। संसदीय प्रक्रियाओं द्वारा चर्चा और नीति सुधार को सुगम बनाया जाना चाहिए, लेकिन बढ़ती पक्षपातपूर्णता ने इन प्रक्रियाओं को कमजोर कर दिया है। महत्त्वपूर्ण नीतियों पर पूर्व-विधान परामर्श और चर्चाएँ अधिक प्रयास से नहीं हो पा रही हैं।

अलग बात



**प्रियंका सौरभ**

सरकार को नियंत्रण और संतुलन बनाए रखने के लिए मज़बूत विपक्ष की आवश्यकता है। इस बात को समझते हुए अमेरिकी संस्थापकों ने सरकार के कई स्तर स्थापित किये। वे सरकार को लेकर बहुत सतर्क थे, यही कारण है कि उन्हें लगता था कि इसे चलाना कठिन और जटिल है। वे अन्य सदस्यों द्वारा कानून पारित होने से रोकने के लिए वैध लेकिन अनैतिक साधनों के प्रयोग से अनभिज्ञ थे। "विधेयक पर बातचीत करते हुए उसे समाप्त कर देना" या "विधेयक पर बात न करना" का तात्पर्य अनावश्यक भाषणबाजी और समय की बर्बादी से है जिसका उद्देश्य किसी सार्थक विधेयक या कानून को वास्तव में पारित होने से रोकना होता है। विपक्ष सरकार में तोड़फोड़ कर सकता है और कानूनों को पारित होने से रोक सकता है, जिससे वे अप्रभावी हो जाएंगे। राजनीतिक बयानबाजी के बजाय नीति पर ज़ोर देना संसदीय कार्यप्रणाली में सुधार का एक तरीक़ा है। संसदीय चर्चाओं में पुराने ज़माने के दोषारोपण या चुनाव प्रचार की तुलना में शासन सम्बंधी मुद्दों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। विपक्ष और सत्तारूढ़ पार्टी के बीच लगातार, संगठित संपर्क से मुद्दा-आधारित संवाद को बढ़ावा मिल सकता है और टकराव से बचने में मदद मिल सकती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## बहन की बददुआ व गुरु के अभिशाप ने डुबोई केजरीवाल की लुटिया!

दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणाम सामने आ चुके हैं। दिल्ली देश की राजधानी है और विभिन्न कारणों से यहाँ की राजनीति को राष्ट्रीय फलक पर काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। यह एक बड़ा कारण है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम के विश्लेषण में जीत दर्ज करनेवाली भाजपा की चर्चा कम है और बड़बोले अरविंद केजरीवाल व उनकी आम आदमी पार्टी की हार को लेकर बाजार गर्म है।

उल्लेखनीय है कि चनावी हार जीत के कोई एक कारण नहीं होते और दिल्ली विधानसभा चुनाव भी इसका कोई अपवाद नहीं है। ऐसे में कई कारण गिनाए जा रहे हैं और सभी कारणों के अपने अपने तर्क हैं। इन तमाम तथ्यों में से जो एक तथ्य काफी वायरल हो रहा है उसकी मानें तो केजरीवाल की यह दुर्गति उनके बहन की बददुआ और गुरु के अभिशाप का परिणाम है। भारतीय जनमानस परंपरा में विश्वास करनेवाली कौम है। ऐसे में न बहन की बददुआ को कायदे से नकारा जा सकता है और न गुरु के गुरूत्व से इनकार किया जा सकता। इस संबंध में "आप" को छोड़कर बीजेपी में शामिल होनेवाली शाजिया इल्मी ने एक बड़ा बयान देकर इसे सार्वजनिक बहस का एक बड़ा मुद्दा बना दिया है। श्रीमती इल्मी की मानें तो तमाम तथ्यों के अतिरिक्त बददुआओं के कारण ही आम आदमी पार्टी की हार हुई है और ऐसी ही बददुआ के कारण अब वह टूटने की कगार पर भी है। शाजिया खुद "आप" के कोर टीम की सदस्य रही हैं और उनका नाम श्री केजरीवाल के काफी करीबी लोगों में शुमार था। यह एक बड़ा कारण है कि उन्हें "आप" की जमीनी हकीकत का सबकुछ मालूम है। अपने इन्हीं खूबियों के कारण दिल्ली चुनाव परिणाम के बाद आयोजित एक टीवी शो में शाजिया इल्मी के बयानों को काफी महत्वपूर्ण

आपकी बात



**केदारनाथ दास**



माना जा रहा है। उनके इस महत्वपूर्ण वक्तव्य की मानें तो कांग्रेस पार्टी की वजह से आम आदमी पार्टी नहीं हारी है क्योंकि आम आदमी पार्टी ही वह पार्टी है जिसने कभी कांग्रेस को सत्ता से बाहर किया था। अब जबकि भाजपा फ्रंटफुट पर है और आम आदमी पार्टी की राजनैतिक जमीन सिकुड़ने लगी है तो अभिशप्त केजरीवाल के सामने अपना अस्तित्व बचाने और "आप" को टूट से बचाने की चुनौती आ खड़ी हुई है। आम आदमी पार्टी से अलगाव के बाद शाजिया इल्मी भाजपा में शामिल हो गई थी। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की हार के बाद बतौर विश्लेषक इन्होंने एक डिबेट शो के दौरान याद दिलाया कि किस तरह एक बददुआ देकर उन्होंने पार्टी छोड़ी थी। इस शो में उन्होंने कहा कि उनके लिए केजरीवाल को छोड़कर "आप" से बाहर निकलना एक बड़ा जज्बाती कदम था क्योंकि वह अरविंद केजरीवाल को निरंतर राखी बांधा करती थी और उनके लिए वह सगी बहन से भी बढ़कर थी। भारतीय संस्कृति और परंपरा में यह एक पवित्रतम रिश्ता होता है। जब केजरीवाल इसकी पवित्रता भंग करने पर आ गए तो यही पवित्रता बददुआ में परिवर्तित हो गया और नतीजा सामने है। अभी जब दिल्ली के मतदाताओं ने भी श्री केजरीवाल को नकारते हुए उन्हें बददुआ दी है तब उन्होंने यह रहस्योद्घाटन किया है कि यह उनके लिए खुशी से भी बढ़कर है। शाजिया की मानें तो उनकी यह बद्दुआ थी कि कभी न कभी इनका सच जनता के सामने बाहर आए। केजरीवाल के साथ आखिरी बातचीत का हवाला देकर उन्होंने बताया कि विभव के माध्यम से हुई इस वार्तालाप में उन्होंने यह बददुआ दी थी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

### फेसबुक वॉल से




### एक्स से




### आज का दोहा

आपाधापी यूँ बढ़ी, चौराहे पर लोग।
अपनों से ही भिड़ गए, झूठे पड़े प्रयोग।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## हर जीवन को सम्मान, हर हाथ को काम

विश्व सामाजिक न्याय दिवस

समाज की असली शक्ति उसकी न्यायप्रियता, समता और गरिमा में निहित होती है। जब कोई वर्ग शोषण का शिकार होता है, जब श्रमिकों को उनके परिश्रम का उचित मूल्य नहीं मिलता, जब जाति, धर्म, लिंग या आर्थिक स्थिति के आधार पर भेदभाव किया जाता है, तब सभ्यता का आधार हिलने लगता है। विश्व सामाजिक न्याय दिवस (20 फरवरी) मात्र एक तिथि नहीं, बल्कि एक सशक्त संकल्प है-ऐसे समाज के निर्माण का, जहाँ अन्याय की बेड़ियाँ तोड़ी जाएँ और हर व्यक्ति को उसका हक मिले। यह दिवस हमें हमारी जिम्मेदारी का अहसास कराता है कि हम न केवल अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहें, बल्कि हर उस व्यक्ति की आवाज बनें, जिसे व्यवस्था ने हाशिए पर धकेल दिया है। सामाजिक न्याय का अर्थ केवल कानूनी संरचनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी व्यवस्था है, जहाँ हर व्यक्ति को समान अवसर, गरिमा और अधिकार प्राप्त हों। यह केवल संविधान की किताबों में दर्ज कोई सिद्धांत नहीं, बल्कि एक जीवंत विचारधारा है, जो हर इंसान को बराबरी का हक दिलाने की वकालत करती है। समाज में जातीय भेदभाव, लैंगिक असमानता, बाल श्रम, मानव तस्करी, शोषणकारी मजदूरी और शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं तक सीमित पहुँच जैसी समस्याएँ गहरी जड़ें जमा चुकी हैं। यदि इन विषमताओं का अंत करना है, तो सामाजिक न्याय को केवल एक आदर्श न मानकर, उसे क्रियान्वित करना होगा।

इस वर्ष, विश्व सामाजिक न्याय दिवस 2025 की थीम है- "एक स्थायी भविष्य के लिए एक न्यायसंगत परिवर्तन को मजबूत करना"। यह विषय इस बात पर केंद्रित है कि समाज में होने वाले बदलाव-विशेष रूप से रोजगार, जलवायु परिवर्तन नीतियों और आर्थिक संरचनाओं में-निष्पक्ष और समावेशी हों, ताकि कोई भी पीछे न छूटे। आज, दुनिया तेजी से बदल रही है, लेकिन यह बदलाव तभी सार्थक होगा जब इसका लाभ हर व्यक्ति तक समान रूप से पहुँचे। श्रमिकों को उनका अधिकार मिले, पर्यावरणीय नीतियाँ गरीब और पिछड़े वर्गों को नुकसान पहुँचाने के बजाय उन्हें लाभ दें, और आर्थिक सुधार ऐसे हों, जो समाज के सभी तबकों को सशक्त करें। यह थीम हमें समावेशी और न्यायपूर्ण विकास की ओर प्रेरित करती है।
संयुक्त राष्ट्र ने इस दिवस को मनाने का उद्देश्य यही रखा है कि हर व्यक्ति को उसके मौलिक अधिकार मिले और वह गरिमापूर्ण जीवन जी सके। यह समस्या किसी एक देश तक सीमित नहीं है; पूरी दुनिया में गरीबों और शोषितों को उनके अधिकारों से वंचित किया जाता है। विकसित देशों में भी श्रमिकों का शोषण होता है, महिलाएँ समान अवसरों से वंचित रहती हैं, और धार्मिक व जातिगत भेदभाव अभी भी कायम है। सामाजिक न्याय के लिए वैश्विक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं, जिनमें अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) द्वारा श्रमिक अधिकारों की रक्षा हेतु बनाए गए कानून, सामाजिक कल्याण योजनाएँ और संवैधानिक सुधार शामिल हैं। भारत जैसे विविधताओं से भरे देश में सामाजिक न्याय की अवधारणा और भी अधिक प्रासंगिक हो जाती है। भारतीय संविधान ने समानता, आरक्षण नीति, श्रमिक कल्याण, महिला सशक्तिकरण और शिक्षा के अधिकार जैसे कई उपाय किए हैं, ताकि समाज के हाशिए पर खड़े लोगों को मुख्यधारा में लाया जा सके। डॉ. भीमराव अंबेडकर, महात्मा गांधी और अन्य समाज सुधारकों ने सामाजिक न्याय की मजबूत नींव रखी, जिसे हमें और अधिक सुदृढ़ करना है। सामाजिक न्याय को स्थापित करने के लिए सबसे प्रभावी साधन शिक्षा और जागरूकता हैं। जब हर नागरिक शिक्षित होगा, तभी वह अपने अधिकारों के प्रति सजग हो पाएगा। सरकार को ऐसी नीतियाँ लागू करनी चाहिए, जो गरीब और वंचित वर्गों को आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से सशक्त करें। न्यूनतम मजदूरी का पालन, श्रमिकों के हितों की रक्षा, महिलाओं के लिए समान कार्यस्थल नीति, बच्चों के लिए शिक्षा का अनिवार्य प्रावधान-ये सभी कदम सामाजिक न्याय की दिशा में मजबूत आधार तैयार कर सकते हैं। आज की डिजिटल क्रांति ने अवसरों के नए द्वार खोले हैं, लेकिन इसके साथ ही डिजिटल असमानता भी बढ़ी है। गरीब और पिछड़े वर्गों के पास तकनीकी संसाधनों की कमी के कारण वे इस दौड़ में पीछे छूट रहे हैं। डिजिटल समावेशन अब सामाजिक न्याय का एक महत्वपूर्ण पहलू बन चुका है। तकनीकी संसाधनों तक सबकी पहुँच सुनिश्चित किए बिना, समान अवसरों की बात अधूरी रह जाएगी।

आज की बात



**प्रो. आरके जैन "अरिजीत"**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# महाकुंभ की धड़कन बने सीएम योगी, घर से लेकर ग्राउंड जीरो तक की खबर

**एजेंसी। महाकुंभ नगर**

महाकुंभ धीरे-धीरे अपने समापन की ओर बढ़ रहा है। 45 दिनों तक चलने वाला महाकुंभ सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारत की संस्कृति, परंपरा और आध्यात्मिक भव्यता का जीवंत प्रमाण है। सीएम योगी के नेतृत्व में यह महाकुंभ श्रद्धालुओं के लिए एक ऐतिहासिक और अविस्मरणीय अनुभव बनने जा रहा है। टेक्नोलॉजी, सुरक्षा और सुविधाओं के अद्भुत समन्वय से महाकुंभ विश्व स्तर पर अपनी छाप छोड़ रहा है। इसे अविस्मरणीय बनाने में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी विशेष योगदान रहा है। वह महाकुंभ की धड़कन बनकर पल-पल पूरे आयोजन को लीड करते नजर आए। 6 अक्टूबर 2024 को महाकुंभ का लोगो, वेबसाइट और मोबाइल ऐप लॉन्च करने के बाद से अब तक वह 16 बार प्रयागराज पहुंचे, हर व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया और तैयारियों को समय से पहले पूरा करने का संकल्प दोहराया। महाकुंभ की शुरुआत के बाद सीएम और सजग नजर आए और उन्होंने ग्राउंड जीरो पर उतरकर हर व्यवस्था, सुविधा को सुनिश्चित किया। अपने प्रयागराज दौरों पर सीएम योगी ने न सिर्फ तैयारियों, व्यवस्थाओं और सुविधाओं की समीक्षा की, बल्कि 13 अखाड़ों, प्रमुख संतों और धर्मगुरुओं से संवाद कर महाकुंभ को और भव्य बनाने के सुझाव लिए। श्रद्धालुओं की सुविधाओं से लेकर साधु-संतों के सत्कार तक, हर व्यवस्था का सीएम योगी ने खुद जायजा लिया। यही नहीं, अमृत स्नान और प्रमुख स्नान पर्वों पर सीएम योगी ने सरकारी आवास से रियल-टाइम मॉनिटरिंग कर उच्च अधिकारियों को निर्देश दिए, जिससे भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बेहतरीन बनी रहे। अपनी सतत निगरानी से उन्होंने महाकुंभ को संस्कृति, आध्यात्म और आधुनिकता का संगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। 6 अक्टूबर को महाकुंभ का लोगो, वेबसाइट और मोबाइल ऐप का लोकार्पण करने के बाद से मुख्यमंत्री योगी अब तक कुल 16 बार प्रयागराज आए। वहीं, महाकुंभ की शुरुआत से लेकर अब तक उन्होंने कुल 8 बार यहां का भ्रमण किया। इस दौरान तैयारियों की समीक्षा के साथ ही उन्होंने स्थलीय निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन भी किया। साधु-संतों के साथ संवाद स्थापित कर महाकुंभ को भव्य बनाने के लिए सुझाव भी लिए तो हर वर्ग और संप्रदाय के संतों का सत्कार कर दिल भी जीता। ग्राउंड जीरो के साथ ही मुख्यमंत्री ने लखनऊ में भी कई बार महाकुंभ को लेकर बैठक की और आवश्यक दिशानिर्देश दिए। रियल टाइम मॉनिटरिंग के जरिए उन्होंने ग्राउंड रियलिटी भी जानी।



### लखनऊ से भी रहे एक्टिव

- **29 अक्टूबर 2024 :** केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के साथ लखनऊ में महाकुंभ से संबंधित पर्यटन विकास परियोजनाओं की समीक्षा।
- **11 जनवरी :** लखनऊ में महाकुंभ को लेकर परिवहन विभाग की बैठक में आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

**समस्त अमृत स्नान, स्नान पर्वों पर अपने सरकारी आवास पर तड़के से ही रियल टाइम मॉनिटरिंग, उच्च अधिकारियों को निर्देश दिए।**

### महाकुंभ आयोजन को लेकर सीएम योगी की गतिविधियों की झलक

- **27 नवंबर 2024 :** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के 136वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। महाकुंभ से जुड़ी परियोजनाओं की समीक्षा भी की।
- **7 दिसंबर 2024 :** प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से पूर्व संत समाज को आमंत्रित किया। अरैल बंधा रोड, त्रिवेणी पुष्प, फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट और शिवाजी पार्क का स्थलीय निरीक्षण करने के साथ ही पीएम मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की और दिशानिर्देश दिए। साथ ही जनप्रतिनिधियों से मुलाकात और अस्थायी पुलिस लाइन का उद्घाटन भी किया।
- **12 दिसंबर 2024 :** पीएम मोदी के दौरे से पहले केंद्रीय अस्पताल, किला घाट जेटी, पीएम कार्यक्रम स्थल, अक्षय वट, हनुमान कॉरिडोर, सरस्वती कूप का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया।
- **13 दिसंबर 2024 :** पीएम मोदी के साथ कार्यक्रम में सहभागिता।
- **23 दिसंबर 2024 :** टेंट सिटी का निरीक्षण, दशाश्वमेध घाट पर मां गंगा की आरती, स्वरूपरानी मेडिकल कॉलेज में बर्न वार्ड का निरीक्षण और तैयारियों की समीक्षा।
- **31 दिसंबर 2024 :** बायो सीएनजी प्लांट का निरीक्षण, संगम नोज का निरीक्षण, त्रिवेणी पूजन, समीक्षा बैठक।
- **9 जनवरी 2025 :** 13 अखाड़ों, दंडीबाड़ा, खाकचौक और योगी महासभा के शिविर में पहुंचे, डिजिटल मीडिया सेंटर का उद्घाटन, प्रेस कॉन्फ्रेंस, डिजिटल महाकुंभ एक्सपीरिएंस सेंटर का उद्घाटन, तैयारियों की समीक्षा।
- **10 जनवरी :** प्रसार भारती के चैनल कुंभवाणी का शुभारंभ, परिवहन निगम की बसों को दिखाई हरी झंडी।
- **19 जनवरी :** पूज्य शंकराचार्य, संतों-महात्माओं से मुलाकात, ओडीओपी प्रदर्शनी, पुलिस गैलरी, संविधान गैलरी, पर्यटन गैलरी, एनसीजेडसीसी पवेलियन का शुभारंभ। स्वामी चिदानंद के शिविर में मोरारी बापू की कथा का श्रवण।
- **22 जनवरी :** महाकुंभ में कैबिनेट बैठक, पूरे मंत्री परिषद के साथ पावन संगम स्नान।
- **25 जनवरी :** अखिल भारतवर्षीय अवधूतभेष बारह पंथ योगी महासभा के कार्यक्रम में, गुरु गोरक्षनाथ अखाड़ा में, विश्व हिंदू परिषद के सम्मेलन में सहभागिता। श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य से भेंट।
- **27 जनवरी :** गृहमंत्री अमित शाह के महाकुंभ आगमन पर स्वागत और त्रिवेणी संगम में पूजन।
- **1 फरवरी :** संगम नोज का स्थलीय निरीक्षण, सतुआ बाबा के पट्टाभिषेक कार्यक्रम में सहभागिता, भारत सेवाश्रम शिविर का दौरा। उपराष्ट्रपति का स्वागत और दुनिया के 73 देशों के राजनयिकों से किया संवाद और समीक्षा बैठक।
- **4 फरवरी :** बौद्ध महाकुंभ कार्यक्रम में सहभागिता, मीडिया से संवाद, भूटान नरेश का किया स्वागत।
- **5 फरवरी :** पीएम मोदी के आगमन पर स्वागत, त्रिवेणी संगम का पूजन।
- **16 फरवरी :** जलवायु सम्मेलन में सहभागिता, प्रदीप मिश्रा की कथा और प्रभु प्रेमी संघ शिविर के समापन समारोह में सम्मिलित हुए।

## राष्ट्रपति और पीएम के दौरे को लेकर बिहार तैयार, 24 और 25 फरवरी को होंगे कई कार्यक्रम

**एजेंसी। पटना**



बिहार में अगले हफ्ते खासा राजनीतिक हलचल देखने को मिलेगी, जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार का दौरा करेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी पटना में रहेंगे। यह दौरा बिहार के लिए काफी अहम माना जा रहा है, क्योंकि इसके जरिए राज्य को कई परियोजनाओं की सौगात मिलने की उम्मीद है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने इस बारे में आईएएनएस को बताया कि 24 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भागलपुर में होंगे, जहां वह किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी करेंगे। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी बिहार के किसानों की समृद्धि और कल्याण के लिए कई योजनाओं की घोषणा कर सकते हैं। इस अवसर पर लगभग 3 लाख किसान भागलपुर हवाई अड्डा मैदान में इकट्ठा होंगे और पीएम मोदी किसानों की खुशहाली, समृद्धि और कल्याण की बातें करेंगे। जायसवाल ने बताया कि इसके बाद, 25 फरवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच) के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर पटना आ रही हैं। वह इस ऐतिहासिक अवसर पर आयोजित अलमुनाई कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू के दौरे से पहले, 24 फरवरी को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा भी पटना आ रहे हैं। वह स्वास्थ्य मंत्री के तौर पर पीएमसीएच के इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि इस ऐतिहासिक दौरे से बिहार में न केवल राजनीतिक गतिविधियों में बढ़ोतरी होगी, बल्कि राज्य के विकास में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए जाएंगे।

## दिल्ली के सीएम शपथ ग्रहण समारोह का शेड्यूल जारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली में 20 फरवरी को मुख्यमंत्री पद के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर निमंत्रण की पहली कॉपी सामने आई है। इस निमंत्रण पत्र में मुख्य सचिव की तरफ से सभी लोगों को समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। निमंत्रण पत्र के मुताबिक, यह शपथ ग्रहण समारोह दिल्ली के रामलीला मैदान में दोपहर 12 बजे होगा।

इसके साथ ही शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने वाले लोगों के लिए कुछ दिशानिर्देश भी दिए गए हैं। इसके मुताबिक कार्यक्रम में शामिल होने वाले इच्छुक सुबह 11 बजे तक अपना स्थान ग्रहण कर लेंगे। यह निमंत्रण पत्र केवल एक ही व्यक्ति के लिए वैध है। वहीं, शपथ ग्रहण समारोह को लेकर पूरा टाइमटेबल भी सामने आया है। जिसके मुताबिक, 11-12 बजे के बीच शपथ समारोह के गेस्ट आएंगे और अपनी सीट लेंगे। 12:10 बजे मनोनीत मुख्यमंत्री और मनोनीत मंत्री आएंगे। 12:15 बजे एलजी शपथ समारोह में पहुंचेंगे। 12:20 बजे केंद्रीय गृह मंत्री और अन्य नेता पहुंचेंगे। 12:25 बजे प्रधानमंत्री मोदी आएंगे। वहीं, 12:30 बजे बैंड की धुन पर राष्ट्रगान होगा। 12.35 बजे एलजी मुख्यमंत्री को शपथ दिलाएंगे।दिल्ली के रामलीला मैदान में शपथ ग्रहण समारोह होगा। कार्यक्रम के संबंध में सभी तैयारियां संपन्न हो चुकी हैं। सुरक्षा की दृष्टि से भी दिल्ली पुलिस सहित अर्धसैनिक बलों के जवान कार्यक्रम स्थल पर तैनात रहेंगे। जांच पड़ताल के बाद ही कार्यक्रम में लोगों को अंदर जाने की इजाजत दी जाएगी। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग शामिल होने की उम्मीद है। राजनीतिक और कला एवं मनोरंजन जगत के कई लोग इसका हिस्सा बन सकते हैं।

### दिल्ली में सीएम के शपथ ग्रहण में केजरीवाल और आतिशी को भी निमंत्रण

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बुधवार को विधायक दल की बैठक के बाद दिल्ली के लिए अपने सीएम की घोषणा करेगी, जिसके बाद 20 फरवरी को रामलीला मैदान में शपथ ग्रहण समारोह होगा। भव्य शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। शपथ ग्रहण समारोह में अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की कार्यवाहक सीएम आतिशी को भी निमंत्रण दिया गया है। दिल्ली के भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और कार्यवाहक सीएम आतिशी को मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह का निमंत्रण भेजा है। कैब ड्राइवर, ऑटो ड्राइवर, दिल्ली की झुग्गियों में रहने वाले लोगों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। बता दें कि दिल्ली का सीएम कौन होगा, इस पर अभी भी सस्पेंस बरकरार है। भाजपा ने अभी तक मुख्यमंत्री पद के लिए किसी नाम का ऐलान नहीं किया है। जानकारी के अनुसार, आज भाजपा विधायक दल की बैठक में साफ हो जाएगा कि दिल्ली का मुख्यमंत्री कौन होगा।

# बिहार के भोजपुर और भागलपुर में एनआईए की छापेमारी

### जाली नोट के मामले से जुड़े होने की आशंका

**एजेंसी। आरा**

बिहार के भोजपुर और भागलपुर जिले में बुधवार को एनआईए की टीम छापेमारी और छानबीन कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, छापेमारी के दौरान मिले कागजातों की भी जांच की जा रही है। हालांकि, इस मामले में अब तक अधिकारी कुछ बता नहीं पा रहे हैं। भोजपुर जिले में बुधवार की सुबह दो अलग-अलग जगहों पर एक साथ एनआईए की टीम छापेमारी कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, डीएसपी और इंस्पेक्टर रैंक के अफसरों के नेतृत्व में आई टीम चौरी थाना क्षेत्र के छतरपुरा गांव तथा सहार थाना के कोरन डिहरी गांव स्थित दो घरों में छापेमारी कर छानबीन कर रही है।इसके अलावा, भागलपुर के इशाकचक थाना क्षेत्र में भी एनआईए की टीम ने दबिश दी है। स्थानीय आसपास के थानों की पुलिस की भी मदद ली गई। भोजपुर में जिन संदिग्धों के घरों में छापेमारी हो रही है, वे दोनों रिश्तेदार बताए जाते हैं। दोनों घरों में रहने वाले संदिग्ध रिश्तेदार बताए जाते हैं। एक संदिग्ध के पिता उर्दू विद्यालय में शिक्षक हैं, जबकि दूसरे संदिग्ध के पिता टोला सेवक के रूप में कार्यरत हैं। टीम दोनों संदिग्धों के बेटों से पूछताछ कर रही है। सूत्रों का दावा है कि जाली नोट के कारोबार से जुड़े होने और आतंकी कनेक्शन को लेकर छापेमारी की गई है। बताया गया कि भोजपुर के कोरन डिहरी टोला निवासी अख्तर हुसैन का पुत्र मोहम्मद वारिस लगभग पांच माह पहले मोतिहारी से जाली नोटों के साथ गिरफ्तार हुआ था। इसके ठिकाने को खंगालने अब एनआईए की टीम पहुंची है। सूत्रों के मुताबिक, एनआईए यह जांच कर रही है कि क्या इन दोनों मामलों में कोई संबंध है और क्या जाली नोटों का इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों के लिए किया जा रहा है। हालांकि, एनआईए के अधिकारी अभी कुछ भी नहीं बोल रहे हैं।



## बिहार के भागलपुर में मस्जिद के पास के घर में आयकर की छापमारी

**एजेंसी। पटना**

### घर के बाहर पुलिसकर्मी व जवान तैनात रहे

बिहार में भगलपुर शहर में बुधवार को सुबह-सुबह स्थानीय थाने की पुलिस के साथ आयकर विभाग की टीम ने दबिश डाली है। छापेमारी इशाकचक थाना क्षेत्र के भीखनपुर गुमटी नंबर 3 में स्थित मस्जिद के पास एक घर में की जा रही है।

इनकम टैक्स के अधिकारी अंदर मकान में प्रवेश कर चुके हैं और कार्रवाई की जा रही है। सुबह-सुबह भीखनपुर में इनकम टैक्स रेड की खबर सामने आते ही पूरे शहर में सनसनी फैली हुई है। छापेमारी से जुड़ी कोई जानकारी अभी तक सामने नहीं आ सकी है। जब आयकर विभाग की टीम लोकल थाने की मदद से रेड मारने आयी उस समय उक्त मकान के आसपास सटे तमाम दुकान वगैरह बंद ही थे। लेकिन राह चलते लोग पुलिसबलों की तैनाती देखकर अंदर ही अंदर आपस में तरह-तरह की चर्चा करते नजर आए।

# बिहार में शिक्षा विभाग के सभी विकास कार्य अब एक एजेंसी करेगी

### अब शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड सौंपा गया

**एजेंसी। पटना**



**● शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव ने सभी डीईओ को जारी किया पत्र**

बिहार शिक्षा विभाग के सभी विकासात्मक कार्य अब शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड ही करेगा। इसके लिए बुधवार को शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस. सिद्धार्थ ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि विकास कार्यों के निरीक्षण एवं समीक्षा के क्रम में यह पाया गया है कि शिक्षा विभाग के विभिन्न प्रकार के विकास कार्यों का क्रियान्वयन अनेकों एजेंसियों द्वारा किया जा रहा है।

ई-शिक्षा कोष पर अपलोड किए गए आंकड़ों की समीक्षा में यह पाया गया है कि जिला स्तर पर असैनिक कार्यों का क्रियान्वयन किए जाने के कारण जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी तथा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जिला के विद्यालयों के शैक्षणिक कार्यों को देखने का पर्याप्त समय नहीं देते हैं। इस कारण से शिक्षा विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं के समरूप एवं समेकित रूप से गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन में कठिनाई हो रही है। वर्तमान में जिला स्तरीय समिति के माध्यम से जिला स्तर पर विकास कार्यों को क्रियान्वित करने के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी अधिकतम 50 लाख रुपए तक की योजना ले सकते हैं। ऐसी स्थिति में एक ही विद्यालय परिसर की अनेक योजनाएं 50 लाख की सीमा के अंदर सीमित कर क्रियान्वित की जा रही हैं। इस कारण एक विद्यालय का समेकित विकास नहीं हो पा रहा है और साथ ही साथ एक ही परिसर में अनेक संवेदक कार्यरत हैं। फिलहाल बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड केवल 50 लाख से अधिक राशि की योजना के क्रियान्वयन के लिए प्राधिकृत है। जबकि इस निगम का गठन शिक्षा विभाग के सभी प्रकार के विकास कार्यों को करवाने के लिए किया गया है। इस स्थिति में शिक्षा विभाग के असैनिक कार्यों के क्रियान्वयन बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड के माध्यम से ही कराने का निर्णय लिया गया है।

शिक्षा विभाग के सभी प्रकार के विकास कार्यों का क्रियान्वयन 31 मार्च के बाद बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड द्वारा ही किया जाएगा। पत्र में यह भी कहा गया है कि विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक अपने स्तर पर मरम्मत के कार्य करा सकेंगे, जिसकी कुल अधिकतम सीमा 50 हजार रुपए है। उक्त राशि प्रधानाध्यापक के खाते में विभाग द्वारा स्थानांतरित कराई जाएगी। 31 मार्च, 2025 के बाद किसी भी निर्माण से संबंधित राशि जिला शिक्षा पदाधिकारी को नहीं दी जाएगी। निर्माण कार्य के लिए विभाग सीधे बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड को राशि उपलब्ध कराएगा।

## मप्र में 12वीं के स्कूल टॉपर को 21 फरवरी को मिलेगा लैपटॉप

**एजेंसी। भोपाल**



मध्य प्रदेश की हायर सेकेंडरी की परीक्षा में सरकारी स्कूल स्तर पर अव्वल आने वाले विद्यार्थियों के लिए खुशखबरी है। अब विद्यालयों में अव्वल रहने वाले छात्रों को 21 फरवरी को आयोजित समारोह में लैपटॉप दिया जाएगा। राज्य के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बुधवार को कहा कि 21 फरवरी को मध्यप्रदेश सरकार की ओर से प्रदेश भर के विद्यार्थियों को लगभग 25 हजार रुपये के लैपटॉप प्रदान किए जाएंगे। इसमें वे छात्र शामिल हैं जिन्होंने 12वीं कक्षा पास कर अपने-अपने सरकारी स्कूलों की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है। प्रदेश में छात्र प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा लगातार मेधावी छात्रों को उपहार स्वरूप सुविधाएं दी जा रही हैं। राज्य में संचालित शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालयों में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थी को निःशुल्क ई-स्कूटी प्रदान करने की योजना स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित की जा रही है। योजना में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में शासकीय विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को स्कूटी प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत पिछले दिनों मुख्यमंत्री यादव ने समारोह में विद्यार्थियों को स्कूटी की चाबी प्रदान की। माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं की परीक्षा में शासकीय विद्यालयों के टॉपर्स को स्कूटी प्रदान करने की इस योजना के अंतर्गत संपूर्ण प्रदेश में 7 हजार 900 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को ई-स्कूटी प्रदान की गई। राज्य सरकार ने मेधावी विद्यार्थियों, जिन्हें स्कूटी दी गई है, को अपनी रुचि के अनुसार पेट्रोल या इलेक्ट्रिक स्कूटी चुनने की सुविधा प्रदान की है। कांग्रेस ने इसको लेकर सरकार पर आरोप लगाया था कि सरकार की ओर से छात्रों को इलेक्ट्रिक स्कूटी दी जा रही है। इस पर सरकार की ओर से स्थिति स्पष्ट की गई थी।

## आज का राशिफल

**मेष :** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**वृष :** महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रुकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय व्ययकारी सिद्ध होगा।

**मिथुन :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें।

**कर्क :** राजकीय कार्यों से लाभ। सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**सिंह :** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा।

**कन्या :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है।

**तुला :** पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शांतिपूर्वक कार्य करें। धार्मिक यात्रा का योग हैं।

**वृश्चिक :** स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**मकर :** मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी।

**कुंभ :** स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**मीन :** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

# न्यूजीलैंड ने मेजबान पाकिस्तान को 60 रनों से हराया

**एजेंसी। कराची**




टॉम लेथम (नाबाद 118), विल यंग (107) की शतकीय और ग्लेन फिलिप्स (61) रनों की अर्धशतकीय पारियों के बाद विलियम ओरूर्क और मिचेल सैंटनर (तीन-तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने बुधवार को चैंपियंस ट्रॉफी के उद्घाटन मुकाबले में पाकिस्तान को 60 रनों से हराया। न्यूजीलैंड के 320 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरूआत खराब रही और उसने 22 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिए। सऊद शकील (छह) और कप्तान मोहम्मद रिजवान (तीन) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद फखर जमान और बाबर आजम ने पारी संभालने का प्रयास किया। 21वें ओवर में माइकल ब्रेसवेल ने फखर जमान (24) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। बल्लेबाजी करने आये आगा सलमान ने मोर्चा संभाला। लेकिन वो भी अधिक देर तक नही टिक सके। उन्हें नेथन स्मिथ ने आउट किया। आगा सलमान ने 28 गेंदों में (42) रनों की आतिशी पारी खेली। तय्यब ताहिर (एक) और बाबर आजम (64) को मिचेल सैंटनर ने आउट कर पाकिस्तान की कमर तोड़ दी। शाहीन शाह अफरीदी (14)रन बनाकर आउट हुये। तेजी के साथ रन बना रहे खुशदिल शाह (69) को विलियम ओरूर्क ने आउटर पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया। हारिस रउफ (19) रन बनाकर नौवें विकेट के रूप में आउट हुये। इसके बाद 47वें ओवर में दूसरी गेंद पर मैट हेनरी ने नसीम शाह (13) को बोल्ड कर पाकिस्तान की पारी का 260 रनों के स्कोर पर अंत कर दिया।

न्यूजीलैंड की ओर से विलियम ओरूर्क और मिचेल सैंटनर ने तीन-तीन बल्लेबाजों को आउट किया। मैट हेनरी ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। माइकल ब्रेसवेल और नेथन स्मिथ को एक-एक विकेट मिला।

इससे पहले आज यहां कराची के नेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने एक समय 16.2 ओवर में 73 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिये थे। डेवन कॉन्वे (10), केन विलियमसन (एक) और डैरिल मिचेल (10) रन बनाकर आउट हुये। हालांकि इस दौरान विल यंग एक छोर थामे हुए लगातार रन बनाते रहे। 38वें ओवर में नसीम शाह ने विल यंग को आउटकर पाकिस्तान को बड़ी सफलता दिलाई। विल यंग ने 113 गेंदों में 12 चौके और एक छक्का लगाते हुए (107) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये ग्लेन फिलिप्स ने टॉम लेथम के साथ पारी को सहारा दिया। टॉम लेथम ने 104 गेंदों में 10 चौके और तीन छक्के लगाते हुए (नाबाद 118) रनों की पारी खेली। 50वें ओवर में हारिस रउफ ने ग्लेन फिलिप्स को आउट किया। फिलिप्स ने 39 गेंदों में तीन चौका और चार छक्के लगाते हुए (61) रन बनाये। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 50 ओवरों में पांच विकेट पर 320 रनों का स्कोर खड़ा किया।पाकिस्तान की ओर से नसीम शाह और हारिस रउफ ने दो-दो विकेट लिये। अबरार अहमद ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## जोकोविच की दोहा में पहले दौर में चौंकाने वाली हार



**दोहा(आईएएनएस)।** पूर्व विश्व नंबर 1 सर्बियाई महान नोवाक जोकोविच ने कतर ओपन, एटीपी 500 इवेंट में माटेओ बेरेटिनी से सीधे सेटों में हारने के बाद बहाने बनाने से परहेज किया और कहा कि इतालवी ने उन्हें मात देने के लिए मास्टर क्लास मैच खेला। इटालियन ने एटीपी 500 में तीसरे वरीय सर्ब को 7-6(4), 6-2 से हराने के लिए उच्च गुणवत्ता वाला प्रदर्शन किया और जनवरी 2023 के बाद से शीर्ष 10 प्रतिद्वंद्वी पर अपनी पहली जीत दर्ज की। यह हार अप्रैल 2022 के बाद से सर्ब की पहली शुरुआती दौर की हार थी। जोकोविच जनवरी में हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ अपने ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल मुकाबले से सेवानिवृत्त होने के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। जोकोविच ने कहा, "मुझे उस अर्थ में कोई दर्द या परेशानी नहीं हुई। आज मैं अपने से बेहतर खिलाड़ी से हार गया। हां, मैं अपने वांछित स्तर पर नहीं था, और हो सकता है कि मैं अभी भी उस तरह से आगे नहीं बढ़ पा रहा हूं जैसा मैं चाहता हूं, लेकिन, मेरा मतलब है, मैंने बिना दर्द के खेला, इसलिए इसमें कोई बहाना नहीं है। उन्होंने कहा, "वह बेहतर खिलाड़ी था। मुझे लगता है कि उसने मास्टर क्लास मैच खेला, ईमानदारी से कहूं तो, उसने बहुत ही शानदार ढंग से खेला और बहुत अच्छी सर्विस की, इसलिए उसकी टीम की जीत बहुत ही योग्य थी।

**विमेंस प्रीमियर लीग**

## हेली मैथ्यूज की बड़ी कमजोरी उजागर हुई, विपक्षी टीमें उठा सकती हैं फायदा



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** विमेंस प्रीमियर लीग 2025 (डब्ल्यूपीएल) में मुंबई इंडियंस की ओर से खेल रही वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर हेली मैथ्यूज का प्रदर्शन हाल ही में गुजरात जायंट्स के खिलाफ खेले गए मैच में शानदार रहा। हालांकि हेली मैथ्यूज एक बेहतरीन ऑलराउंडर हैं, लेकिन बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी के सामने उनकी कमजोरियां डब्ल्यूपीएल में खुलकर सामने आई हैं। वुमेंस प्रीमियर लीग में हेली मैथ्यूज का बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा है। आंकड़ों पर नजर डालें तो बाएं हाथ के स्पिनरों के खिलाफ हेली मैथ्यूज ने 14 पारियों में कुल 91 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 103 गेंदें खेली और 8 बार आउट हुईं। उनका औसत मात्र 11.37 है और स्ट्राइक रेट 88.34, जो कि एक आक्रामक सलामी बल्लेबाज के लिए काफी कम है। बाएं हाथ के स्पिनरों के खिलाफ उनका डॉट प्रतिशत 53.7% है, जो उनके संघर्ष को साफ दर्शाता है। हाल ही में गुजरात जायंट्स के खिलाफ मैच में भी यह कमजोरी फिर से सामने आई। 19 गेंदों पर 17 रन बनाते हुए मैथ्यूज ने 3 चौके जरूर लगाए, लेकिन बाएं हाथ की स्पिनर तनुजा कंवर की गेंद पर हरलीन देओल को कैच थमा बैठीं।

**एफआईएच प्रो लीग 2024-25**

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने वर्ल्ड चैंपियन जर्मनी को 1-0 से हराया

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

- 1-4 से मिली हार के बाद भारतीय टीम की शानदार वापसी

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को भुवनेश्वर के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में वर्ल्ड चैंपियन जर्मनी को 1-0 से हराकर एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। इस रोमांचक मुकाबले में गुरजंत सिंह ने मैच का एकमात्र विजयी गोल किया, जिससे भारत स्टैंडिंग में सातवें स्थान पर पहुंच गया। मंगलवार को जर्मनी से 1-4 से मिली हार के बाद यह भारतीय टीम की शानदार वापसी है। कप्तान हरमनप्रीत सिंह के नेतृत्व में भारतीय डिफेंस ने जबरदस्त प्रदर्शन किया और एक महत्वपूर्ण जीत हासिल की। मैच की शुरूआत में ही भारत ने चार मिनट में बढ़त हासिल कर ली, जब गुरजंत सिंह ने लगातार दूसरे मैच में अपनी टीम के लिए शानदार गोल किया। राजिंदर सिंह ने गेंद सर्कल में भेजी जिसे मनदीप सिंह गोल में बदलने की कोशिश कर रहे थे। मनदीप के प्रयास का एलेक्जेंडर स्टैडलर ने बचाव कर लिया लेकिन जर्मन गोलकीपर ने गेंद को सेफ जोन में नहीं भेजा। इसका फायदा उठाते हुए गुरजंत सिंह ने गेंद को नेट में पहुंचा दिया।

भारत ने अपनी बढ़त को बचाने और जर्मनी की गलतियों का फायदा उठाते हुए लगातार अटैक करना जारी रखा। जर्मनी को भी स्कोर बराबर का मौका मिला जब थिएस प्रिंज ने अपने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया, लेकिन कृष्ण बहादुर पाठक ने उनकी कोशिश को रोक दिया। इसके बाद पाठक ने फ्लोरियन स्पेर्लिंग के प्रयास को भी गोलपोस्ट से बाहर का रास्ता दिखा दिया। पहले क्वार्टर के अंतिम 46 सेकेंड में जर्मनी को पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन गोंजालो पेइल्लत का ड्रैग-फ्लिक गोल से दूर निकल गया और पहला क्वार्टर 1-0 से भारत के पक्ष में समाप्त हुआ।


पहले हाफ में काउंटर अटैक से भारत के पास बेहतर मौके थे जब शिलानंद लाकड़ा, नीलम संजीप जेस और राज कुमार पाल ने गोलकीपर स्टैडलर को चकमा देने की कोशिश की। भारत को अंतिम मिनट में तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन जर्मनी के डिफेंस ने भारत को और अधिक बढ़त बनाने से रोके रखा। तीसरे क्वार्टर में जर्मनी ने ज्यादा तेजी दिखाई और पाठक ने 32वें मिनट में प्रिंज को गोल करने से रोका। दो मिनट बाद ही पाठक ने पेइल्लत के पेनल्टी कॉर्नर को अपने पैर से रोका। तीसरे क्वार्टर के अंत में भारत के पास अपनी बढ़त को दोगुना करने का बड़ा मौका था, लेकिन गोलकीपर स्टैडलर ने सुखजीत सिंह और विवेक सागर प्रसाद के प्रयासों को दोनों बार ही विफल कर दिया।

**'तिरंगा विवाद'**

## आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी का आगाज आज से, पहला मैच पाकिस्तान बनाम न्यूजीलैंड

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

'तिरंगा विवाद' के साए तले आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज बुधवार को हो रहा है। पहला मुकाबला कराची के नेशनल स्टेडियम में दोपहर 2.30 बजे से खेला जाएगा। आमने-सामने मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड होंगे। आयोजन पाकिस्तान की मेजबानी में हाइब्रिड मॉडल के आधार पर हो रहा है। भारत के सभी मैच दुबई में होंगे। दरअसल, तिरंगा विवाद उस वीडियो के सामने आने के बाद खड़ा हुआ था जिसमें आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भाग लेने वाले सभी देशों के झंडे दिखाई दे रहे थे, लेकिन भारतीय ध्वज तिरंगा नहीं दिखा था। वीडियो में दिखा कि स्टेडियम में कथित तौर पर भारतीय ध्वज नहीं फहराया गया। जिसके बाद से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की आलोचना की गई कि वह देश में चैंपियंस ट्रॉफी मैच खेलने से इनकार करने पर भारत के खिलाफ अपना गुस्सा निकाल रहा है। सोशल मीडिया पर भारी आलोचना का शिकार होने के बाद, पीसीबी ने कहा कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान में खेलने वाले देशों के झंडे ही स्टेडियमों में फहराए गए हैं।



## दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना ने जीता पद्मश्री श्याम लाल हॉकी टूर्नामेंट में महिला वर्ग का खिताब

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**




दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना ने इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ़ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्र्स साइंसेस को 2-1 से पराजित कर 11वें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल इन्विटेशनल हॉकी टूर्नामेंट में महिला वर्ग का खिताब जीत लिया। श्याम लाल कॉलेज के मैदान पर विजेता टीम के लिए दोनों गोल अक्षिता ने किए। पराजित टीम के लिए सोमवती ने एकमात्र गोल किया। चैंपियन दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना की अक्षिता को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवार्ड दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना की मनिता को मिला। समापन समारोह के मुख्य अतिथि रोहतास नगर के विधायक भाजपा नेता जितेंद्र महाजन ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की। श्याम लाल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. रबि नारायण कर, प्रो. सरिता त्यागी, एचओडी, फिज़िकल एजुकेशन, डीयू, डॉ. सुशील कुमार, असिस्टेंट डायरेक्टर, डीयूएससी और डॉ. जमाल अनोनो खान, एमुनोथेरेपिस्ट, प्रो. नरेंद्र, प्रधानाचार्य, जाकिर हुसैन कॉलेज, ने खिलाड़ियों को अन्य पुरस्कार प्रदान किए।

## डब्ल्यूपीएल: जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ेगा, एमआई की बल्लेबाजी पूरी तरह से लय में आ जाएगी : मिताली राज

**वडोदरा (आईएएनएस)**



पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच में गुजरात जायंट्स पर पांच विकेट की आसान जीत में मुंबई इंडियंस के शानदार प्रदर्शन की प्रशंसा की और कहा कि यह उद्घाटन सत्र की चैंपियन के लिए "व्यापक और प्रभावशाली" जीत थी। संयुक्त गेंदबाजी प्रयास ने आखिरकार मंगलवार को वडोदरा में गुजरात जायंट्स को पांच विकेट से हराकर मुंबई इंडियंस को जीत दिलाई। हेली मैथ्यूज (3-16), अमेलिया कर (2-22) और नताली साइवर-ब्रंट (2-26) की तिकड़ी ने सुनिश्चित किया कि मुंबई को जीत के लिए केवल 121 रन बनाने थे। मुंबई की ओर से नैट साइवर-ब्रंट ने जीत का नेतृत्व किया, जिन्होंने अपने खेल को बदलने वाले पावरप्ले स्पैल के बाद अर्धशतक लगाया और एक विशेष ऑलराउंड प्रयास किया, जिससे 23 गेंद शेष रहते जीत सुनिश्चित हुई।



## नौ भाषाओं में होगी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की कमेंट्री

**वडोदरा (आईएएनएस)।** पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच में गुजरात जायंट्स पर पांच विकेट की आसान जीत में मुंबई इंडियंस के शानदार प्रदर्शन की प्रशंसा की और कहा कि यह उद्घाटन सत्र की चैंपियन के लिए "व्यापक और प्रभावशाली" जीत थी। संयुक्त गेंदबाजी प्रयास ने आखिरकार मंगलवार को वडोदरा में गुजरात जायंट्स को पांच विकेट से हराकर मुंबई इंडियंस को जीत दिलाई। हेली मैथ्यूज (3-16), अमेलिया कर (2-22) और नताली साइवर-ब्रंट (2-26) की तिकड़ी ने सुनिश्चित किया कि मुंबई को जीत के लिए केवल 121 रन बनाने थे। मुंबई की ओर से नैट साइवर-ब्रंट ने जीत का नेतृत्व किया, जिन्होंने अपने खेल को बदलने वाले पावरप्ले स्पैल के बाद अर्धशतक लगाया और एक विशेष ऑलराउंड प्रयास किया।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## 2030 तक कपड़ा निर्यात को 3 गुना बढ़ाना भारत का लक्ष्य : केंद्र सरकार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



केंद्र सरकार का कहना है कि भारत का कपड़ा निर्यात 3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इसी के साथ घरेलू विनिर्माण को मजबूत कर और वैश्विक पहुंच का विस्तार कर 2030 तक इसे तीन गुना बढ़ाकर 9 लाख करोड़ रुपये तक करने का लक्ष्य रखा गया है। भारत वैश्विक स्तर पर कपड़ा निर्यात करने वाला छठा सबसे बड़ा देश है, जिसने 2023-24 में देश के कुल निर्यात में 8.21 प्रतिशत का योगदान दिया। कपड़ा मंत्रालय के अनुसार, वैश्विक व्यापार में इस क्षेत्र की हिस्सेदारी 4.5 प्रतिशत है, जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ भारत के कपड़ा और परिधान निर्यात का 47 प्रतिशत हिस्सा है। राष्ट्रीय राजधानी में हाल ही में हुए 'भारत टेक्स 2025' ने सरकार के "फार्म से फाइबर, फैब्रिक, फैशन और फॉरेन मार्केट" विजन को गति देने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया। इस कार्यक्रम ने कपड़ा क्षेत्र में भारत के नेतृत्व, इनोवेशन, सस्टेनेबिलिटी और वैश्विक सहयोग के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। 14 से 17 फरवरी तक आयोजित इस कार्यक्रम में 2.2 मिलियन वर्ग फीट का क्षेत्र शामिल था और इसमें 5,000 से अधिक प्रदर्शकों ने भाग लिया, जिससे भारत के टेक्सटाइल इकोसिस्टम का बड़े लेवल पर प्रदर्शन हुआ। मंत्रालय के अनुसार, वैश्विक सीईओ, पॉलिसी मेकर और इंडस्ट्री लीडर्स सहित 120 से अधिक देशों के 1,20,000 से ज्यादा ट्रेड विजिटर्स इस कार्यक्रम में शामिल हुए। सरकार ने कहा, "रोजगार के दृष्टिकोण से, कपड़ा उद्योग 45 मिलियन से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करता है और अप्रत्यक्ष रूप से 100 मिलियन से अधिक व्यक्तियों की आजीविका का समर्थन करता है, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं और ग्रामीण श्रमिक शामिल हैं। कपड़ा विनिर्माण को बढ़ाने, इंफ्रास्ट्रक्चर के आधुनिकीकरण, इनोवेशन को बढ़ावा देने और टेक्नोलॉजी को एडवांस करने पर सरकार के फोकस ने वैश्विक कपड़ा केंद्र के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत किया है। भारत दुनिया के सबसे बड़े कपड़ा उत्पादकों और निर्यातकों में से एक है, जो घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों की जरूरतों को पूरा करता है। इस क्षेत्र की विशेषता बड़े पैमाने पर औद्योगिक विनिर्माण और छोटे पैमाने पर कारीगर उत्पादन का मिश्रण है, जो इनोवेशन और परंपरा की जीवंतता को दर्शाता है। देश के फैब्रिक हब गुजरात, तमिलनाडु, पंजाब और पश्चिम बंगाल हैं, जिनमें से प्रत्येक अपनी खास कपड़ा विशेषताओं के लिए जाना जाता है। परिधान और फैशन उद्योग सकल घरेलू उत्पाद और रोजगार में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

## कतर के अमीर को विश्वास, 'आगामी दशकों में भी भारतीय अर्थव्यवस्था फलती-फूलती रहेगी'

**नई दिल्ली(आईएएनएस)**

कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी ने विभिन्न क्षेत्रों में भारत की शानदार प्रगति की तारीफ की और विश्वास जताया कि भारतीय अर्थव्यवस्था सतत विकास के पथ पर आगे बढ़ती रहेगी। उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने, विशेष रूप से ऊर्जा क्षेत्र में कतर के सहयोग की पुष्टि की। शेख तमीम बिन हमद अल थानी ने कहा, "जैसा कि हमने सभी क्षेत्रों में भारत की शानदार प्रगति देखी है, हमें विश्वास है कि आने वाले दशकों में भारतीय अर्थव्यवस्था फलती-फूलती रहेगी।" उन्होंने आगे कहा, "हमारे ऐतिहासिक संबंधों और हमारे साझा हितों के आधार पर, हम विश्वसनीय और सुरक्षित ऊर्जा स्रोत प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं, जिसमें रिन्यूएबल एनर्जी सहयोग हमारी भविष्य की रणनीतियों का एक अनिवार्य हिस्सा होगा। अल थानी ने उन्हें दिए गए आदरपूर्ण आतिथ्य के लिए आभार व्यक्त किया तथा भारत के साथ घनिष्ठ संबंधों को मजबूत करने के लिए कतर की प्रतिबद्धता की दोबारा पुष्टि की। अल थानी ने कहा, "मैं दोनों देशों के बीच घनिष्ठ संबंधों को समर्थन देने और उन्हें मजबूत बनाने की अपनी इच्छा को दोहराना चाहूंगा। मैं आपके गर्मजोशी भरे आतिथ्य और सम्मान के लिए आपका धन्यवाद करता हूं। सोमवार को दो दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचे कतर के अमीर का राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में गार्ड ऑफ ऑनर दे दिया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी का स्वागत किया।

## वित्त वर्ष 2025 में मोबाइल फोन निर्यात 1,80,000 करोड़ रु के होगा पार, पीएलआई योजना का दिखेगा असर

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

औद्योगिक आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2025 में मोबाइल फोन निर्यात से भारत 1,80,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर पाएगा। जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में लगभग 40 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इंडिया सेलुलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, इस वित्त वर्ष (अप्रैल-जनवरी) के 10 महीनों में भारत, मोबाइल निर्यात में 1,50,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जिसमें अकेले जनवरी में निर्यात 25,000 करोड़ रुपये से अधिक दर्ज हुआ है। वित्त वर्ष 2020-21 में पीएलआई योजना की शुरुआत के बाद से 680 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि का अनुमान है। इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में मोबाइल फोन निर्यात सबसे बड़ा ग्रोथ ड्राइवर है, जिसमें भारत के स्मार्टफोन के लिए एक प्रमुख बाजार के रूप में अमेरिका का नाम सामने आया है। यह शानदार प्रदर्शन उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के प्रभाव को दर्शाता है, जिसने भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण परिदृश्य को फिर से परिभाषित किया है। पीएलआई योजना के शुभारंभ के बाद से, भारत में मोबाइल फोन का उत्पादन 2,20,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 4,22,000 करोड़ रुपये तक लगभग दोगुना हो गया है, जो कि एक बड़ी उपलब्धि है। वित्त वर्ष 2024-25 में उत्पादन अनुमानित 5,10,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने वाला है।

## लाल निशान में खुला भारतीय शेयर बाजार, फार्मा शेयरों में बिकवाली

**मुंबई (आईएएनएस)।** वैश्विक स्तर पर मिलेजुले संकेतों के बीच बुधवार को भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में खुला। शुरुआती कारोबार में फार्मा और आईटी सेक्टरों में भारी बिकवाली देखी गई। सुबह करीब 9.31 बजे, सेंसेक्स 271.06 अंक या 0.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,696.33 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 88 अंक या 0.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,857.30 पर था। निफ्टी बैंक 243.90 अंक या 0.50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 48,843.40 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 384.55 अंक या 0.77 प्रतिशत की गिरावट के साथ 49,366.90 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 74.75 अंक या 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 15,093.70 पर था। टेक्निकल फ्रंट पर, बाजार पर नजर रखने वालों के अनुसार, 22800-22700 जोन के आसपास एक बेस बनता हुआ दिखाई दे रहा है, जो फॉलिंग वेज पैटर्न की लोअर बाउंडरी से जुड़ी है। एंजेल वन के समीत चव्हाण ने कहा, "हर 100-पॉइंट इंटरवल पर स्ट्रॉन्ग सपोर्ट है जिसमें 22600-22500 के प्रमुख लेवल हैं।

## दो साल में भारत-यूएई द्विपक्षीय व्यापार दोगुना होकर 83.7 बिलियन डॉलर पर पहुंचा

**नई दिल्ली ।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने 18 फरवरी 2022 को भारत-संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) के तीन सफल वर्ष पूरे होने की जानकारी दी। मंत्रालय के मुताबिक द्विपक्षीय व्यापार वित्त वर्ष 2020-21 के 43.3 बिलियन डॉलर से लगभग दोगुना होकर 2023-24 में 83.7 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया। बयान में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष के अप्रैल-दिसंबर की 9 महीने की अवधि के दौरान द्विपक्षीय व्यापार पहले ही 71.8 बिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है।

# केंद्र दिव्यांगजनों के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत : राज्यपाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को धनबाद स्थित पहला कदम दिव्यांग स्कूल के बच्चों एवं विद्यालय परिवार से जुड़े सदस्यों से राज भवन में संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वे इस विद्यालय का भ्रमण एवं अवलोकन कर चुके हैं।

राज्यपाल ने कहा कि केंद्र सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण और समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रधानमंत्री ने उन्हें दिव्यांग संबोधित किया गया, जो दिव्यांगजनों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रकट करता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे दिव्यांगजनों के उत्थान में सक्रिय भूमिका निभाएं और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों में सहयोग करें। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि यह संस्थान मात्र दो बच्चों के साथ प्रारंभ हुआ था और आज यह दिव्यांग बच्चों को विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से स्वावलंबी बनाने का कार्य कर रहा है। विद्यालय के छात्र राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। इस अवसर पर बच्चों ने झारखंड के लोकगीत पर नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे सभी ने सराहा। राज्यपाल ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना की और सभी बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## चिक बड़ाईक समन्वय समिति राज्यपाल से मिला

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को चिक बड़ाईक समन्वय समिति का एक शिष्टमंडल राज भवन में भेंट की। शिष्टमंडल ने राज्यपाल को अवगत कराया कि उनके खतियान में कहीं 'चिक' तो कहीं 'बड़ाइक' दर्ज है और कहीं-कहीं 'चिक बड़ाइक



है। राज्य में 'चिक बड़ाइक' अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल है, जबकि तीनों एक ही हैं। इस विसंगति के कारण उनके खतियान में समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं और उनकी भूमि की सुरक्षा प्रभावित हो रही है। समिति ने राज्यपाल से इस दिशा में आवश्यक पहल करने का अनुरोध किया। राज्यपाल ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्रवाई करने के लिए निदेशित किया।

## स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच ने राज्यपाल से की भेंट

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को झारखंड स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच का एक शिष्टमंडल संस्था के अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता के नेतृत्व में राज भवन में भेंट की। शिष्टमंडल ने राज्यपाल से राज्य के युवाओं में देशप्रेम की भावना को जागृत बनाए रखने एवं स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति को संजोए रखने के उद्देश्य से हजारीबाग में स्वतंत्रता सेनानी म्यूजियम की स्थापना के लिए पहल करने का आग्रह किया।

## दिव्यांगों को पेंशन राशि देने की मांग

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को झारखंड दिव्यांग आंदोलन संघ का एक शिष्टमंडल राज भवन में भेंट की। शिष्टमंडल ने राज्यपाल से राज्य के दिव्यांगजन को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों की भांति ही 2500 रुपये पेंशन राशि सुलभ कराने के लिए पहल करने का आग्रह किया।

## बीआईटी मेसरा में कहानी कहने की कला पर कार्यशाला शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी), मेसरा के मानविकी और सामाजिक विज्ञान विभाग की ओर से कहानी कहने की कला पर केंद्रित तीन दिवसीय कार्यशाला- जेफिर, की शुरूआत बुधवार को हुई। उद्घाटन सत्र में बीआईटी मेसरा के संकाय मामलों के डीन डॉ अशोक शेरॉन सहित विभिन्न कॉलेजों से आए शिक्षक, शोधार्थी व अन्य प्रतिभागी उपस्थित थे। उद्घाटन सत्र में कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए डॉ मृणाल पाठक ने कहा कि हम सभी किसी की कहानी में रह रहे हैं। कहानी में विचारों को शब्दों में व्यक्त करने की शक्ति है। कहानी कहना जटिल विचारों को आकर्षक और सुलभ कथाओं में बदल सकती है, लोगों को एक ऐसी दुनिया में आकर्षित कर सकती है जहां ज्ञान ज्ञानवर्धक और अविस्मरणीय दोनों बन जाता है। इस कार्यशाला के विशेषज्ञ वक्ताओं में- शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार से भारतीय ज्ञान परंपरा के लिए नामित विशेषज्ञ भरत दास, साइबेरिया से इरीना कर्पिना, रूस से एलेक्सी बायकोव, केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड से डॉ संदीप विश्वास, जेएनयू के प्राध्यापकभ् डॉ सुशांत कुमार मिश्रा शामिल हैं।

**किसी और को चुनना चाहिए था :** यह कार्यशाला शिक्षकों और शोधार्थियों को कहानियों की दुनिया में तल्लीन करने के लिए एक अनूठा अवसर प्रदान करेगी। कार्यक्रम में डॉ कीर्ति अविषेक, डॉ निशिकांत कुमार, सहित बीआईटी मेसरा, बीआईटी देवघर, सरला बिरला विश्वविद्यालय, डीएसपीएमयू, रांची विश्वविद्यालय, आदर्श कॉलेज राजधनवान, गिरिडीह से आए शिक्षक और शोधार्थी उपस्थित थे।

## गोवा की टीम को दी गई विदाई

**रांची।** अकादमिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत रांची विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय दौरे पर आई गोवा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों की टीम को भ्रमण के अंतिम दिन बुधवार को रांची विश्वविद्यालय मुख्यालय में कुलपति सभागार में विदाई दी गई। कुलपति ने गोवा टीम के सभी सदस्यों को शॉल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। गोवा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों व समन्वयक डॉ वाल्टर मेनेजेस ने अपने रांची प्रवास के अनुभव साझा किए। एक छात्रा ने अपने अनुभवों पर आधारित कविता सुनाई। कुलपति ने रांची विश्वविद्यालय की अकादमिक व सांस्कृतिक क्रियाकलापों के बारे में गोवा टीम को बताया और दोनों राज्यों के बीच मजबूत अकादमिक व सांस्कृतिक तालमेल बनाने पर जोर दिया।

## रांची आकाशवाणी ने छात्रों के बीच चलाया स्वास्थ्य जागरूकता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



आकाशवाणी और मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय, बरियातु के संयुक्त तत्त्वावधान में बुधवार को विद्यार्थियों के बीच स्वास्थ्य जागरूकता, आशुभाषण एवं प्रश्नमंच का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रसार भारती के अन्तर्गत आकाशवाणी महानिदेशालय, नई दिल्ली के दिशा निर्देशों के अनुसार आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत में डॉ. पवन कुमार वर्णवाल ने छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की। प्रश्नमंच का संचालन विद्यालय की शिक्षिका शमा परवीन ने सफलता पूर्वक किया, और आशुभाषण के निर्णायक मंडल में मेरी क्लौडिया सोरेंग, मीरा मिंज और किरण शर्मा ने दायित्व निभाया। कार्यक्रम के प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय, बरियातु के प्राचार्य दीपक कुमार की सराहनीय भूमिका रही। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रमुख जेवियर कंडुलना, कार्यक्रम अधिशासी प्रभु शरण, मनोज कुमार, संजीव लाल और पुस्तकालय-सूचना अधिकारी राजेश करमहे, प्रसारण अधिशासी प्रशान्त गौरव और प्रदीप कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन वरीय उद्घोषक दिनेश कुमार लाल ने किया। पूरे कार्यक्रम की सफलता में मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय, बरियातु, रांची की छात्राओं समेत सभी शिक्षिकाओं का भरपूर योगदान रहा।

### इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन

## राज्य भर में उद्योग व शिक्षा को मजबूत करने पर उद्यमियों ने दी सहमति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



स्टेट टेक्नोलॉजी पार्क में एक दिवसीय इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन झारखंड के उच्च एवं तकनीकी विभाग के प्रधान सचिव राहुल कुमार पुरवार की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का स्वागत भाषण डॉ अजीत कुमार सिन्हा एवं डॉ डीके सिंह ने किया। सैय्यद रियाज अहमद ने स्टेट टेक्नोलॉजी पार्क के विषय वस्तु पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्टेट टेक्नोलॉजी पार्क की पूरी परिकल्पना को साझा किया और विभिन्न स्टेकहोल्डरों की भूमिका को दर्शाया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उद्योग-शिक्षा जगत के सहयोग को मजबूत करना था। इस श्रृंखला में विभिन्न उद्योग जगत से आए उद्यमियों ने अपने-अपने अनुभवों को साझा किया। पूरे कार्यक्रम को चार भागों में बांटा गया था। आईटी एवं फ्यूचर स्किल, उभरती तकनीकियां, सर्विस सेक्टर, ऑटोमेशन एवं इंडस्ट्री 4.0 मैन्युफैक्चरिंग। स्टेट टेक्नोलॉजी पार्क उद्योग जगत में युवाओं को विभिन्न तकनीकी क्षेत्रों से अवगत करा कर उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करना है। सभी प्रतिनिधियों ने अपने संस्थागत पाठ्यक्रम के ढांचा एवं क्रेडिट्स को बताया। कार्यक्रम की अनुवाई रांची विश्वविद्यालय की देख रेख में की गई। मंच संचालन मीनाक्षी शर्मा एवं धन्याद ज्ञापन में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव सैय्यद रियाज अहमद ने सभी हितधारकों से शिक्षा और उद्योग क्षेत्र में बदलाव लाने में भाग लेने का अनुरोध किया है। मौके पर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग निदेशक रामनिवास यादव, रांची विश्वविद्यालय कुलपति डॉ अजित कुमार सिन्हा, जेयूटी कुलपति डॉ डीके सिंह, सैय्यद रियाज अहमद, अरिंदम लेहरी, सोमनाथ रॉय, बाला अय्यर, मृगेश सुतारिया आदि उपस्थित थे ।

## सोशल मीडिया पर माता-पिता के अपहरण की धमकी, केस दर्ज

**रांची।** रांची के मधुकम के रहने वाले राकेश रंजन उर्फ मुकेश पांडेय की पत्नी के सोशल मीडिया अकाउंट पर उनके माता-पिता के अपहरण की धमकी दी गई है। आरोप प्रियांशी सिंह पर लगा है। इस संबंध में मुकेश ने प्रियांशी सिंह के खिलाफ सुखदेवनगर थाने में मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज कराई है। मुकेश पांडेय की ओर से थाने में दिए आवेदन में कहा गया है कि उनकी पत्नी के फेसबुक अकाउंड पर 12 फरवरी को प्रियांशी सिंह के मैसेंजर से एक पोस्ट आया, जिसमें उनके पिता और मां को अपहरण करने की धमकी दी गई। यह भी लिखा है कि अपहरण का प्रयास भी किया जा रहा है। इससे उनका परिवार डरा-सहमा हुआ है। आरोप लगाया गया है कि रंगदारी वसूली के लिए यह धमकी दी गई है। इसके बाद वह थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया।

## रांची में जीरो एमिशन ट्रकों पर वर्कशॉप हरित परिवहन को मिलेगा बढ़ावा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



स्मार्ट फ्रेट सेंटर इंडिया (एसएफसी) ने रांची में जीरो एमिशन ट्रकों (जेडईटी) पर एक वर्कशॉप का आयोजन किया। यह वर्कशॉप भारत में मध्यम और भारी ट्रकों (एमएचडीटी) में जेडईटी को बढ़ावा देने के लिए चलाए जा रहे राष्ट्रीय कार्यक्रम का हिस्सा थी। झारखंड सरकार के उद्योग विभाग के सहयोग से हुई इस चर्चा में परिवहन जगत के प्रमुख विशेषज्ञों ने जेडईटी अपनाने में आ रही चुनौतियों, संभावनाओं और आवश्यक कदमों पर अपने विचार रखे। यह वर्कशॉप नीति आयोग के ई-फास्ट पहल के तहत आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य देशभर में जेडईटी को लेकर जागरूकता बढ़ाना और इससे जुड़े तकनीकी व संचालन पहलुओं पर चर्चा करना है। इस दौरान वैश्विक परिवहन प्रणाली में हो रहे बदलाव, भारत सरकार की ई-ट्रक पहल, शहरों में जेडईटी अपनाने के मौके और इनके संचालन से जुड़े जोखिमों पर मंथन हुआ। एसएफसी ने बोधि को नॉलेज पार्टनर के रूप में शामिल कर झारखंड में हरित लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा देने की दिशा में कदम बढ़ाया। इस वर्कशॉप में एक विशेष राउंडटेबल चर्चा आयोजित की गई, जिसका संचालन श्री शरत सिंह (ग्रामीण विकास सलाहकार, रांची, जीआईजेड इंडिया) ने किया। झारखंड सरकार के उद्योग विभाग के निदेशक सुशांत गौरव (आईएएस) ने अपने भाषण के दौरान कहा, झारखंड सतत विकास की दिशा में अग्रसर होने के लिए प्रतिबद्ध है, और शून्य-उत्सर्जन ट्रकों जैसी पहल इसमें अहम भूमिका निभाएगी।

# न्यूज बॉक्स

## झारखंड में आईएएस अफसरों की अविलंब हो प्रतिनियुक्ति : विजय शंकर

**रांची।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को को पत्र लिखा है। वहीं मांग किया है कि राज्य में निर्धारित स्वीकृत आईएएस कैडर के पद से 47 कम हैं। 224 आईएएस स्वीकृत पद है जिसमें मात्र 177 आईएएस अफसर ही कार्यरत है और 14 झारखंड



कैडर के आईएएस केंद्रीय प्रतिनियुक्ति में हैं। इस वर्ष मुख्य सचिव सहित 14 आईएएस अफसर सेवानिवृत्त हो जाएंगे जिससे झारखंड में आईएएस अधिकारी की संख्या और कम हो जाएगी। श्री नायक ने कहा कि आईएएस अधिकारी के कमी के कारण आज झारखण्ड राज्य में एक एक आईएएस को राज्य के पांच -पांच महत्वपूर्ण विभाग सौंपा गया है। इससे राज्य में अराजकता का माहौल बन गया है।

## डालसा ने पैनल लॉयर्स के लिए 116 वकीलों का किया चयन, महिला अधिवक्ताओं को दी गई तरजीह

**रांची।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने अपने पैनल लॉयर्स का चयन कर लिया है। रांची सिविल कोर्ट के 116 वकीलों का चयन पैनल लॉयर्स के रूप में किया गया है जिसमें जिला विधिक सेवा के अध्यक्ष और रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त ने इस पर सहमति दी है। इस बार लीगल सर्विस के लिए चुने गये पैनल लॉयर्स में महिला अधिवक्ताओं को तरजीह दी गयी है। पैनल लॉयर्स की टीम में 37 महिला अधिवक्ता शामिल हैं। डालसा की ओर से चुने गये पैनल लॉयर्स के नामों की सूची जारी का दी गयी है। पैनल लॉयर्स के लिए चुने गये अधिवक्ताओं को रांची जिला बार एसोसिएशन ने शुभकामनाएं दी है और उम्मीद जताई है कि आम लोगों को न्याय दिलाने में पैनल लॉयर्स महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।

## दहेज प्रताड़ना के आरोप में जैप जवान के खिलाफ चार्जशीट, बढ़ी मुश्किलें

**रांची।** पत्नी के साथ मारपीट करने के साथ दहेज प्रताड़ना के आरोप में जैप-2 के जवान चंदन कुमार सिंह के खिलाफ दर्ज मामले की जांच पूरी करते हुए अनुसंधान पदाधिकारी ने सिविल कोर्ट रांची की अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी है। इससे चंदन कुमार सिंह की मुश्किलें बढ़ गई है। घटना को लेकर उसकी पत्नी ने 2 जनवरी 2025 को सदर थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। हालांकि दर्ज प्राथमिकी में चंदन कुमार सिंह के साथ उसका पिता रामानुज सिंह एवं उसकी मां अंतर देवी को आरोपी बनाया गया गया था। लेकिन चार्जशीट सिर्फ चंदन के खिलाफ दाखिल की गई है। प्राथमिकी में कहा गया है कि हंटरगंज चतरा निवासी चंदन सिंह के साथ 20 सितंबर 2017 को शादी हुई थी। शादी के समय वह बेरोजगार था। तैयारी कर रहा था। शादी होने के छह महीने बाद उसकी नौकरी झारखंड सशस्त्र पुलिस में हो गई। 1-2 साल तक ठीक ठाक रहा। दो बच्चे भी हुए। इसके बाद ससुराल वालों ने लगातार दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगा। नहीं देने पर मारपीट किया जाने लगा। इस दौरान महिला थाना, खेलगांव थाना एवं सदर थाना में समझौता हुआ। लेकिन उस पर कोई असर नहीं पड़ा। इंसाफ के लिए केस दर्ज करना पड़ा।

## दिल्ली मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण में शामिल होंगे सुदेश महतो, दिल्ली रवाना

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो को दिल्ली के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए दिल्ली रवाना हुए। यह समारोह गुरुवार को दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। मौके पर देवशरण भगत ने कहा कि सुदेश महतो को यह आमंत्रण उनकी राजनीतिक सूझ-बूझ और झारखंड के विकास में उनके योगदान के लिए दिया गया है। यह आमंत्रण दोनों पार्टियों के



बीच बढ़ते सहयोग और राजनीतिक स्तर पर बातचीत को दर्शाता है। इसके अलावा, भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व और सुदेश महतो के बीच झारखंड की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर चर्चा होगी। यह बैठक राज्य में आजसू और भाजपा के बीच सहयोग को और मजबूत करने तथा झारखंड के विकास और राजनीतिक स्थिरता के लिए रणनीति तैयार करने पर केंद्रित होगी।

## 58वीं रोलिंग मिल्स संचालन समिति का आयोजन रोलिंग मिल के प्रदर्शन में सुधार पर हुआ विचार




**रांची।** आरडीसीआईएस, सेल, रांची और इस्को स्टील प्लांट, बर्नपुर द्वारा बर्नपुर क्लब में दो दिवसीय 58वीं रोलिंग मिल्स ऑपरेटिंग कमेटी (आरएमओसी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य रोलिंग मिल के प्रदर्शन में सुधार करके विभिन्न रोल्ड उत्पादों की लागत को कम करना था। रोलिंग मिल्स ऑपरेटिंग कमेटी (आरएमओसी) पूरे भारत में इस्पात उद्योग के भीतर विभिन्न रोलिंग मिलों के इंजीनियरों और विशेषज्ञों को एकजुट करने वाले एक सहयोगी मंच के रूप में कार्य करती है। इस गतिशील गठबंधन में सेल, टाटा स्टील, आरआईएनएल, जेएसडब्ल्यू, जेएसपीएल, जेएसएल, एएमएनएस, एनएमडीसी स्टील और मेकॉन जैसी प्रमुख संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हैं। आरएमओसी की 58वीं बैठक एक महत्वपूर्ण सभा थी, जिसमें देश भर के विभिन्न इस्पात संयंत्रों के 120 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस सभा का प्राथमिक ध्यान रोलिंग मिलों के प्रदर्शन को बढ़ाने, इस्पात उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार, लागत में कमी हासिल करने, डिजिटलीकरण को आगे बढ़ाने और रोलिंग प्रक्रिया के दौरान पर्यावरण के प्रति जागरूक प्रथाओं को लागू करने के उद्देश्य से विचारों और अनुभवों का आदान-प्रदान करना था।

## अभ्यावेदन के आधार पर हुए स्थानांतरण में भत्ता देय नहीं

**रांची।** 19 फरवरी को झारखंड गृह रक्षा वाहिनी मुख्यालय में स्थापना पार्षद की बैठक हुई। इस बैठक में विभिन्न जिलों में पदस्थापित निरीक्षक/कंपनी कमांडर/ अधि.लिपिक/ झाड़ूकस/ रसोइया/ पनभर /दफ्तरी का तबादला हुआ है। पुलिस उप-महानिरीक्षक गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन संवाएं ने बताया कि अभ्यावेदन के आधार पर जिनकी प्रतिनियुक्ति हुई है उन्हें स्थानांतरण भत्ता देय नहीं होगा। अन्य को स्थानांतरण भत्ता का लाभ मिलेगा।

## 23 फरवरी तक करें भुगतान नहीं तो होगी कारवाई : प्रशासक

**रांची।** नगर निगम ने अपने राजस्व वसूली अभियान में 73 बड़े बकायदारों के खिलाफ नोटिस जारी किया है जिसमें इन्हें 23 फरवरी तक भुगतान करने की अंतिम चेतावनी दी गई है। प्रशासक संदीप सिंह ने कहा है कि सभी अंतिम चेतावनी को गंभीरता से लें, बकाय करों का भुगतान समय पर करें अन्यथा कारवाई के लिए तैयार रहें।

## आत्मिक जागृति सभा एक और दो मार्च को

**रांची।** संत पॉल्स हाई स्कूल मैदान, चर्च रोड में अच्छा चरवाहा विषय पर दो दिवसीय (एक और दो मार्च) आत्मिक जागृति सभा का आयोजन किया जाएगा। संत पॉल्स कथीड्रल पास्टोरेट समिति के तत्वाधान में आयोजित सभा की शुरूआत शाम पांच बजे से होगी, जो रात के 9 ।30 बजे चलेगी। मुख्य वक्ता के रूप में जयपुर से अंतरराष्ट्रीय सुसमाचार प्रचारक डॉ आचार्य विकास मसीह और आराधना गायक पास्टर विलियम मसीह उपस्थित रहेंगे। इसकी जानकारी सीएनआई चर्च के पुरोहित डेविड ने दी। पुरोहित डेविड ने बताया कि आत्मिक जागृति सभा का उद्देश्य ख्रिस्त विश्वासियों को ईसा मसीह के आध्यात्मिक जीवन को आगे बढ़ाने में मदद करना है। लोग परमेश्वर के वचनों को जानें, उनका अनुसरण करें और यीशु के आज्ञाओं का पालन करें, यह भी इस सभा का उद्देश्य है। डेविड ने बताया कि इस सभा के जरिए मसीही समुदाय के सदस्यों को प्रेम और करुणा के साथ व्यवहार करने के लिए प्रेरित किया जायेगा। यह सभा उन्हें सही निर्णय लेने, विश्वास और ईमानदारी के साथ व्यवहार करने की सीख देगी। इससे शिक्षा और आध्यात्मिक ज्ञान को बढ़ाने में मदद मिलेगी। पुरोहित ने कहा कि एक अच्छा चरवाहा प्रार्थना और उपदेश के माध्यम से समुदाय के सदस्यों को प्रेरित करेगा, जिससे भी मसीही को एक मंच पर लाने में मदद मिलेगा।

# पेज एक के शेष

**तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का...**

इंद्रधनुष अपनी रंग बिखेरती है उसी प्रकार तीन धर्मों का संगम स्थल मां भद्रकाली की पवित्र धरती अपनी महिमा बिखेर रही है। मौके पर जैन न्यास बोर्ड के अध्यक्ष तारा चंद जैन, बोध धर्म के गुरु, पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, जिप अध्यक्ष ममता देवी, जिप उपाध्यक्ष, प्रमुख प्रिया कुमारी, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, डीडीसी अमरेंद्र कुमार सिन्हा, एसडभ्पीएम सिमरियर सन्नी राज, जेएमएम नेता मनोज कुमार चंद्रा, नागेश्वर यादव, जागेश्वर यादव, रामाधीन यादव, प्रदीप सिंह, बबलू केशरी, धर्मेंद्र यादव समेत भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

**महोत्सव में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम था :** तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव को लेकर माता भद्रकाली मंदिर व महोत्सव स्थल में चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई है। उद्घाटन स्थल पर अतिथियों के लिए मंदिर के पीछे वाले रास्ते से आने की व्यवस्था की गयी थी। उपायुक्त रमेश घोलप, एसपी विकास कुमार पांडेय व एसडीओ सिमरिया सन्नी राज स्वंय सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते दिखे। वहीं कार्यक्रम स्थल से लेकर चौपारण-चतरा, इटखोरी-हजारीबाग पथ के साथ मुख्य द्वार पर पुलिस कर्मियों के साथ दंडाधिकारी की तैनाती की गयी थी। जहां जवान हर गतिविधियों पर नजर रखे हुए थे।

**स्वास्थ्य विभाग ने लगाया शिविर :** तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव में लोगों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से शिविर लगाया गया है। इस शिविर में लोगों की सुविधा के लिए बेड के साथ ऑक्सीजन व दावाई की व्यवस्था की गई है। ताकि महोत्सव में पहुंचने वाले लोगों को किसी तरह से परेशानी का सामना ना करना पड़े। इस दौरान अधिकारियों ने स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण कर संबंधितों को कई दिशा-निर्देश भी दिए।

**गिरिडीह में सड़क हादसा...**

भेजा। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद वाहनों से शवों को बाहर निकाला। हादसे की सूचना मृतकों के परिजनों को भेजी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। एसडीपीओ सुमित कुमार ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतकों में शामिल चार लोग स्कॉर्पियो पर सवार थे। दो अन्य मृत बाइक पर सवार थे। इनमें से एक शव की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। पुलिस के अनुसार, स्कॉर्पियो में सवार मृतकों की पहचान मुंगेर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के दरियापुर निवासी 40 वर्षीय सोमेश चंद्रा बैक मेनेजर केनरा बैक इसरी बाजार शांखा (पिता रवि शंकर प्रसाद सिंह), 21 वर्षीय गोपाल कुमार (पिता नरेश प्रसाद सिंह) और गुलाब कुमार (इसरी बाजार) के रूप में हुई है, जबकि एक अन्य की पहचान नहीं हो सकी है। बाइक सवार मृतकों में मधुबन थाना क्षेत्र के छछंदो निवासी 26 वर्षीय बबलू कुमार टुडू (पिता चेतलाल टुडू) और धावाटांड निवासी 55 वर्षीय हुसैनी मियां (पिता स्व. लाटो मियां) शामिल हैं।

**किसानों की समृद्धि के लिए...**

को एक लाभदायक व्यवसाय के रूप में विकसित किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के हित में नई योजनाओं को लागू कर रही है, लेकिन यदि किसान खुद को प्रशिक्षित नहीं करेंगे, तो योजनाओं का पूरा लाभ नहीं मिल सकेगा। उन्होंने कृषि अनुसंधान केंद्र द्वारा सात गांवों को गोद लेने की योजना का जिक्र करते हुए अधिकारियों से इसे प्रभावी रूप से लागू करने की अपील की। कृषि मंत्री ने महिला किसानों की भागीदारी पर संतोष व्यक्त किया और कहा कि विभिन्न स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर अच्छा मुनाफा कमा रही हैं। उन्होंने गुमला के बसिया में कार्यरत एक स्वयं सहायता समूह का उदाहरण दिया, जिसका वार्षिक टर्नओवर 10 करोड़ रुपये से अधिक है। उन्होंने महिलाओं से संगठित होकर कृषि में आगे बढ़ने का आह्वान किया।

**यवतमाल में गिरफ्तार हुआ...**

कि झारखंड पुलिस के रिकार्ड के अनुसार उसके खिलाफ सात गंभीर अपराध दर्ज हैं। झारखंड के हजारीबाग जिले के पुलिस अधीक्षक ने तुलसी की शिनाख्त कर ली है। कुमार चिंता ने बताया कि पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए तुलसी मुंबई गया था और फिर वहां से यवतमाल जिले में आ गया था। फिर तुलसी अपनी पहचान छिपाने के लिए यवतमाल के लकड़गंज इलाके में आया था। इसके बाद तुलसी ने एक मृत व्यक्ति के आधार कार्ड पर अपनी तस्वीर लगाकर पहचान पत्र बना लिया। इसी आधार पर तुलसी ने अपना ड्राइविंग लाइसेंस हासिल किया था। तुलसी ने यवतमाल में दूसरी शादी भी की थी, जबकि उसका परिवार झारखंड में था।

**कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय...**

मदद से खिड़की काटकर अंदर प्रवेश किया गया, जहां प्रियंका को फंदे पर लटका पाया गया। उन्हें तुरंत मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

**जामताड़ा में 300 बेड का...**

नहीं होती, क्योंकि सभी को मालूम है कि अगर स्वास्थ्य मंत्री तक शिकायत पहुंच गई, तो कार्रवाई तय है। उन्होंने कहा कि जामताड़ा में 300 बेड का अत्याधुनिक अस्पताल बनेगा। जामताड़ा के मेंझिया में मेडिकल कॉलेज की स्थापना होगी। हर पंचायत में हाई-टेक लैब बनेगी, जहां ग्रामीणों को जांच की सुविधा मिलेगी। मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार गरीबों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। जामताड़ा और पूरे झारखंड में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में भी तेजी से कार्य हो रहा है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने स्पष्ट किया कि विकास की यह गति किसी भी बाधा से नहीं रुकेगी। जामताड़ा सहित पूरे झारखंड में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क और बुनियादी सुविधाओं का विस्तार तेजी से किया जाएगा। उन्होंने जनता को आश्वस्त किया कि झारखंड सरकार हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और आने वाले दिनों में और भी बड़े ऐलान किए जाएंगे। मौके पर कनीय अभियंता मुखिया बलदेव मरांडी, राजनीतिक सलाहकार निशापती हसदा, हरि बास्की, नाजीर टुडू, सफाकत अंसारी, तनवीर आलम, बापी मंडल सहित कई लोग उपस्थित थे।

**ईडी ने एनआरएचएम घोटाले के...**

इस मामले में जांच शुरू की। वर्ष 2024 के जुलाई और अगस्त महीने में प्रमोद और इस घोटाले के अन्य आरोपियों के ठिकाने पर एजेंसी ने रेड डाली थी। इस दौरान कई दस्तावेज और नकद 2 लाख 17 हजार रुपए बरामद किए गए थे। ईडी की जांच में यह सामने आया कि प्रमोद कुमार सिंह व एक अन्य कर्मी शशिभूषण प्रसाद (अब दिवंगत) ने पद का दुरुपयोग कर एनआरएचएम निधि के 9.39 करोड़ रुपए की अवैध निकासी की थी।

### युद्ध के लिए ट्रंप ने यूक्रेन को ठहराया दोषी, कहा -

# आसानी से सुलझ सकता था मामला

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन पर निशाना साधा है। उन्होंने युद्ध शुरू करने के लिए यूक्रेन को दोषी ठहराया और कहा कि कीव पहले 'समझौता कर सकता था।' लगभग तीन वर्ष पहले रूस के पूर्ण पैमाने पर हमले के बाद यूक्रेन में युद्ध छिड़ गया था। ट्रंप का यह बयान मंगलवार को रियाद में युद्ध को समाप्त करने के लिए हुई अमेरिका-रूस वार्ता के बाद आया। हालांकि इसमें कीव को शामिल नहीं किया गया था जिसकी यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने निंदा भी की। उन्होंने कहा कि यह 'हैरानी' की बात है कि उनके देश को रूस के साथ जंग खत्म करने के लिए होने वाली वार्ता में आमंत्रित नहीं किया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जेलेंस्की की प्रतक्रिया पर निराशा जाहिर करते हुए ट्रंप ने



कहा,"मैंने सुना है कि वे सीट न मिलने से परेशान हैं, हालांकि उनके पास तीन साल और उससे भी पहले से सीट है। इस मामले को बहुत आसानी से सुलझाया जा सकता था। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, "आपको इसे कभी शुरू नहीं करना चाहिए था। आप एक डील कर सकते थे।' उन्होंने कहा, "मैं यूक्रेन के लिए ऐसा समझौता कर सकता था। इससे उन्हें लगभग सारी जमीन मिल जाती - और कोई भी व्यक्ति नहीं मारा जाता, कोई भी शहर तबाह नहीं होता।" रियाद में बैठक के बाद, ट्रम्प ने कहा, "रूस कुछ करना चाहता है। वे बर्बरता को रोकना चाहते हैं। मुझे लगता है कि मेरे पास इस युद्ध को समाप्त करने की शक्ति है।

> **अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा:** "हमें ऐसे जीवंत राजनयिक मिशनों की जरुरत होगी जो इस प्रक्रिया को जारी रखने के लिए कार्य करने में सक्षम हों।

इससे पहले रियाद में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिकी-रूस वार्ता में शामिल पक्षों ने यूक्रेन में शांति स्थापित करने, आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक उच्च स्तरीय टीम बनाने पर सहमति जताई है। अमेरिका और रूसी प्रतिनिधिमंडल की मंगलवार को रियाद में करीब चार घंटे से अधिक समय तक चली।

रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव भी इस दौरान मौजूद रहे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रुबियो ने बताया कि दूतावास में कर्मचारियों की संख्या बहाल करने पर भी सहमति बनी है। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों में की गई कार्रवाइयों ने दोनों देशों के राजनयिक मिशनों की संचालन क्षमता को कम कर दिया है।

## दक्षिण कोरिया : मार्शल लॉ में कथित भूमिका के लिए 17 जनरल जांच के घेरे में



**सोल (आईएएनएस)।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सूक योल की ओर से 3 दिसंबर को मार्शल लॉ लागू करने की नाकाम कोशिश में कथित तौर पर शामिल होने के आरोप में 30 सैन्य सेवा सदस्य जांच के घेरे में हैं। एक सांसद ने बुधवार को रक्षा मंत्रालय की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। अधिकारियों ने अब तक 17 जनरलों और 13 फील्ड ग्रेड अधिकारियों को सूचित किया है कि वे यून की अल्पकालिक मार्शल लॉ की घोषणा के संबंध में जांच के दायरे में हैं। योनहाप समाचार एजेंसी के मुताबिक मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी (डीपी) के प्रतिनिधि आह्न ग्यू-बैक को सौंपी गई मंत्रालय की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

## शुभेंदु अधिकारी को 'धमकाने' के आरोप में सीएम ममता बनर्जी के खिलाफ शिकायत दर्ज

**कोलकाता (आईएएनएस)।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस के समक्ष एक शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को कथित रूप से धमकी देने वाली टिप्पणी पर राज्यपाल से हस्तक्षेप की मांग की है। राज्य भाजपा नेता और कलकत्ता हाईकोर्ट के वकील कौस्तव बागची ने विधानसभा में मंगलवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भाषण के एक हिस्से का हवाला देते हुए राज्यपाल कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। सीएम ममता को यह कहते हुए सुना गया, "आप एक खास समुदाय के बारे में बहुत गलत बातें फैला रहे हैं। अब अगर वे किसी दिन आंदोलन का आह्वान करते हैं, तो क्या आप उसे संभाल पाएंगे? कौस्तव बागची ने उस विशेष वीडियो क्लिपिंग को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया और सवाल उठाया, "क्या मुख्यमंत्री चरमपंथियों की ओर से विपक्ष के नेता को धमका रही हैं?" इसके बाद उन्होंने राज्यपाल कार्यालय को एक पत्र भेजकर इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की। मंगलवार को विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने भी मुख्यमंत्री की इन टिप्पणियों के लिए उनकी तीखी आलोचना की।

## शाह की अध्यक्षता में उच्च-स्तरीय समिति ने 5 राज्यों को 1554.99 करोड़ की केन्द्रीय सहायता को दी मंजूरी

**नई दिल्ली (हि.स.)।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में उच्च-स्तरीय समिति (एचएलसी) ने वर्ष 2024 के दौरान बाढ़, आकस्मिक बाढ़, भूस्खलन, चक्रवाती तूफान से प्रभावित हुए पांच राज्यों को राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष (एनडीआरएफ) के अंतर्गत 1554.99 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का यह कदम, प्राकृतिक आपदाओं का सामना करने वाले इन पांच राज्यों के लोगों की मदद करने के संकल्प को दर्शाता है। उच्च-स्तरीय समिति ने पांच राज्यों को एनडीआरएफ के तहत 1554.99 करोड़ रुपये की केन्द्रीय सहायता को मंजूरी दी, जो वर्ष के लिए राज्य आपदा मोचन कोष (एसडीआरएफ) में उपलब्ध प्रारंभिक शेष राशि के 50 प्रतिशत के समायोजन के अधीन है।

## पाक आतंकवाद का वैश्विक केंद्र : यूएनएससी में भारत




**संयुक्त राष्ट्र (आईएएनएस)।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र में एक बार फिर पाकिस्तान को जमकर लताड़ा और उसे 'आतंकवाद का वैश्विक केंद्र' बताया। भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने मंगलवार को यूएन सुरक्षा परिषद में कहा, "पाकिस्तान आतंकवाद का वैश्विक केंद्र है, जो संयुक्त राष्ट्र द्वारा सूचीबद्ध 20 से अधिक आतंकवादी संगठनों को पनाह देता है और सीमा पार आतंकवाद को समर्थन प्रदान करता है। हरीश ने कहा, "इसलिए यह एक बड़ी विडंबना है जब पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सबसे आगे होने के लिए खुद की पीठ थपथपाता है। स्थायी प्रतिनिधि ने कहा, "भारत, जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) और हरकत उल मुजाहिदीन (एचयूएम) जैसे आतंकी समूहों के माध्यम से इस देश द्वारा किए गए आतंकी कृत्यों का शिकार रहा है।"पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार द्वारा कश्मीर का मुद्दा उठाए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए हरीश ने कहा, "वास्तव में, यह पाकिस्तान ही है जिसने जम्मू और कश्मीर के कुछ हिस्सों पर अवैध कब्जा कर रखा है।

### स्वाति मालीवाल की अरविंद केजरीवाल से अपील

## 'किसी दलित विधायक को बनाएं नेता प्रतिपक्ष

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने बुधवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से दिल्ली में किसी दलित विधायक को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने की मांग की। उन्होंने इस संबंध में अरविंद केजरीवाल को पत्र भी लिखा है। उन्होंने अपने पत्र में कहा कि अरविंद जी, उम्मीद है कि आप कुशलमंगल होंगे। दिल्ली चुनावों के नतीजों के बाद अपने स्वास्थ्य और मन की शांति पर ध्यान दे रहे होंगे। इस पत्र के माध्यम से आपके समक्ष एक जरूरी मांग रखना चाहती हूं। आपको याद होगा आपने 2022 में पंजाब चुनाव के दौरान वादा किया था कि जीतने के बाद हम एक दलित उपमुख्यमंत्री बनाएंगे, लेकिन बहुत दुख की बात है कि 3 साल बाद भी यह वादा पूरा नहीं हुआ।



## बस से उतारा और मार दी गोली, पाक में सात पंजाबी यात्रियों की निर्मम हत्या

**क्वेटा (आईएएनएस)**

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में अज्ञात हमलावरों ने लाहौर जा रही एक बस में सात यात्रियों की हत्या कर दी। हमला बरखान जिले में हुआ। अफगानिस्तान और ईरान की सीमा से लगा बलूचिस्तान प्रांत अलगाववादी विद्रोहियों और पाकिस्तान की दशकों पुरानी लड़ाई का युद्धक्षेत्र बना हुआ है। अगलगाववादी अधिक स्वायत्तता और क्षेत्र के प्राकृतिक संसाधनों में हिस्सा चाहते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी डिप्टी कमिश्नर वकार खुर्शीद आलम ने बताया कि करीब 40 हथियारबंद लोगों के समूह ने कई बसों और वाहनों को रोका, राष्ट्रीय पहचान पत्र की जांच की और फिर सात यात्रियों को बस से उतारकर गोली मार दी। अधिकारी



ने बताया कि मारे गए सभी सात लोग मध्य पंजाब प्रांत के थे। क्षेत्र के सहायक आयुक्त खादिम हुसैन ने कहा कि हत्याएं पंजाब के दक्षिणी शहर डेरा गजा खान को बरखान से जोड़ने वाले राजमार्ग पर हुईं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, और हत्याओं के पीछे का मकसद स्पष्ट नहीं है। अधिकारियों ने इलाके की घेराबंदी कर है, लेकिन हमलावर भाग निकलने में कामयाब रहे। इससे पहले शुक्रवार को कोयला खनिकों को ले जा रहे एक वाहन को निशाना बनाकर किए गए बम विस्फोट में कम से कम 11 लोग मारे गए और छह अन्य घायल हो गए। पिछले अगस्त में अलगाववादी आतंकवादियों ने पाकिस्तान में कई हमले किए, जिसमें दर्जनों लोग मारे गए। हमलों में पुलिस स्टेशन, बुनियादी ढांचे और नागरिकों को निशाना बनाया गया। इसमें बलूचिस्तान के हाइवे पर हुआ वह हमला भी शामिल है जिसमें बंदूकधारियों ने कम से कम 23 लोगों को उनके वाहनों से जबरन उतारकर उनकी पहचान की जांच करने के बाद मार डाला। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी। बीएलए केंद्र सरकार से लड़ने वाले कई जातीय सशस्त्र समूहों में सबसे बड़ा है। विद्रोही समूहों ने बलूचिस्तान में चीनी नागरिकों और हितों को भी निशाना बनाया है।

## शिवाजी महाराज की जयंती पर पीएम ने किया नमन, बताया प्रेरणास्रोत

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

मराठा साम्राज्य के संस्थापक और शौर्य का पर्याय छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें नमन किया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर वीडियो पोस्ट कर मराठा शूरवीर के मूल्यों को प्रेरणा का स्रोत बताया। पीएम मोदी ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा, "मैं छत्रपति शिवाजी महाराज को उनकी जयंती पर नमन करता हूं। उनकी वीरता और दूरदर्शी नेतृत्व ने स्वराज्य की नींव रखी, तथा कई पीढ़ियों को साहस और न्याय



के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। वे हमें एक सशक्त, आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत बनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। वीडियो में पीएम मोदी छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति पर माल्यार्पण और पुष्पार्पण करते दिख रहे हैं। पीएम मोदी ने वीडियो में कहा, "मेरे लिए छत्रपति शिवाजी महाराज, ये सिर्फ नाम नहीं है, ये शब्द राजा महाराजा, राजपुरुष मात्र नहीं है। हमारे लिए छत्रपति शिवाजी महाराज आराध्य देव हैं। हमारे लिए हमारे आराध्य देव से बड़ा कुछ नहीं होता है। छत्रपति शिवाजी महाराज की वीरता, विचारधारा और न्यायप्रियता ने कई पीढ़ियों को प्रेरित किया। उनकी साहसिक कार्यशैली, सामरिक कौशल और शांतिपूर्ण राजनीतिक प्रणाली आज भी हमारे लिए प्रेरणास्रोत है। हमें इस बात का गर्व है कि दुनिया के कई देशों में आज भी छत्रपति शिवाजी महाराज की नीतियों की चर्चा होती है और उस पर शोध होता है। इतने वर्ष बाद भी उनके द्वारा स्थापित किए गए मूल्य हमें आगे बढ़ने का मार्ग दिखा रहे हैं। इन्हीं मूल्यों के आधार पर हमें अमृत काल की पच्चीस वर्षों की यात्रा पूरी करनी है। यह यात्रा होगी छत्रपति शिवाजी महाराज के सपनों का भारत बनाने में। यह यात्रा होगी स्वराज, सुशासन और आत्मनिर्भरता की। यह यात्रा होगी विकसित भारत की। मैं छत्रपति शिवाजी महाराज के चरणों में कोटि कोटि नमन करता हूं। गौरतलब है कि शिवाजी महाराज ने मराठा साम्राज्य की स्थापना की और मुगल शासकों के खिलाफ वीरता पूर्वक युद्ध लड़े। उनकी शौर्यगाथा इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों से लिखी गई है।

## गाजा युद्ध विराम समझौते के अगले चरण को लागू करने के लिए तैयार : हमास



**गाजा (आईएएनएस)।** हमास ने गाजा युद्ध विराम समझौते के दूसरे और तीसरे चरण को लागू करने की अपनी इच्छा जाहिर की। फिलिस्तीनी ग्रुप ने गाजा छोड़ने की इजरायली मांग भी नकार दी। हमास के प्रवक्ता हजम कासिम ने एक बयान में कहा कि समूह मध्यस्थ के अनुरोध पर रिहा किए जाने वाले इजरायली बंधकों की संख्या को दोगुना करने पर सहमत है, जो समझौते के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी के मुताबिक कासिम ने हमास को गाजा छोड़ने की इजरायली मांगों को खारिज करते हुए इसे 'मनोवैज्ञानिक युद्ध' का हिस्सा बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमास इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की इस मांग को स्वीकार नहीं करेगा कि समूह निरस्त्र हो जाए और उसके नेताओं को गाजा से निकाल दिया जाए। इससे पहले इजरायल के सार्वजनिक प्रसारक ने बताया कि नेतन्याहू ने युद्ध विराम समझौते के दूसरे चरण के लिए बातचीत शुरू करने का आधिकारिक तौर पर फैसला किया और अपने फैसले के बारे में सुरक्षा कैबिनेट को सूचित किया।

## जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने दक्षिण अफ्रीका जाएंगे जयशंकर

**नई दिल्ली/जोहान्सबर्ग (आईएएनएस)**

विदेश मंत्री (ईएएम) एस. जयशंकर जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक (एफएमएम) में भाग लेने के लिए 20-21 फरवरी को जोहान्सबर्ग की यात्रा पर रहेंगे। दक्षिण अफ्रीका गणराज्य के अंतरराष्ट्रीय संबंध और सहयोग मंत्री रोनाल्ड लामोला के निमंत्रण पर वह यह दौरा करेंगे। विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया, "जी-20 एफएमएम में विदेश मंत्री की भागीदारी से जी-20 देशों के साथ भारत की भागीदारी मजबूत होगी। इस महत्वपूर्ण मंच पर वैश्विक दक्षिण की आवाज को बल मिलेगा। विदेश मंत्री की एफएमएम के दौरान कुछ द्विपक्षीय बैठकें करने की उम्मीद है। यह मीटिंग दक्षिण अफ्रीका की जी-20 अध्यक्षता के दौरान आयोजित होने वाली पहली विदेश मंत्रियों की बैठक होगी। इसका विषय 'एकजुटता, समानता, स्थिरता' रखा गया है। दक्षिण अफ्रीका की जी-20 अध्यक्षता 1 दिसंबर, 2024 से शुरू हुई और यह 30 नवंबर तक जारी रहेगी। राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने पदभार ग्रहण करते समय इस बात पर जोर दिया कि दक्षिण अफ्रीका को जी-20 अध्यक्षता ऐसे समय में मिली है जब दुनिया जलवायु परिवर्तन, असमानता, गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी, भू-राजनीतिक अस्थिरता सहित कई संकटों का सामना कर रही है। दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच लगातार बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने घोषणा की कि वे आगामी (जी20) विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग नहीं लेंगे। इस पर रोनाल्ड लामोला ने कहा कि ब्राजील से जी20 की अध्यक्षता संभालने के बाद से, दक्षिण अफ्रीका ने कई मुद्दों से निपटने का प्रस्ताव दिया है, जिसमें उभरती अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित करने वाला बढ़ता ऋण भी शामिल है। लामोला ने कहा, "एकजुटता सामूहिक समस्या-समाधान को बढ़ावा देती है। हमारी जी20 अध्यक्षता केवल जलवायु परिवर्तन तक ही सीमित नहीं है।






### आपको है डायबिटीज और चाहिए चीनी का स्वाद?

## इस लीफ का करें खाने की चीजों में इस्तेमाल!

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

डायबिटीज के मरीजों के लिए मीठा खाना हमेशा एक बड़ी चुनौती रही है। उन्हें लगातार चीनी से परहेज करने की सलाह दी जाती है, लेकिन मीठे का स्वाद पूरी तरह छोड़ना आसान नहीं होता। ऐसे में एक प्राकृतिक विकल्प तेजी से लोकप्रिय हो रहा है, वह है स्टीविया। यह एक ऐसा प्राकृतिक स्वीटनर है, जो चीनी की तरह मीठा तो है, लेकिन यह ब्लड शुगर नहीं बढ़ाता। यही वजह है कि डॉक्टर और विशेषज्ञ इसे डायबिटीज के मरीजों के लिए सुरक्षित और फायदेमंद मानते हैं। स्टीविया एक हर्बल स्वीटनर है, जो उत्तर और दक्षिण अमेरिका में पाई जाने वाली हर्ब से प्राप्त होता है। भारत में इसे 'मीठी तुलसी' भी कहा जाता है। इस पौधे की पत्तियां चीनी से 50 से 300 गुना ज्यादा मीठी होती हैं, लेकिन



खास बात यह है कि इनमें कैलोरी नहीं के बराबर होती है। स्टीविया में मौजूद स्टेविओल ग्लाइकोसाइड नामक तत्व इसे बेहद मीठा बनाते हैं, यह शरीर में ग्लूकोज के स्तर को प्रभावित नहीं करता। नतीजतन, यह मधुमेह रोगियों के लिए एक सुरक्षित विकल्प बन जाता है। 2018 में किए गए एक अध्ययन में यह देखा गया कि स्टीविया का सेवन करने के बाद 60 से 120 मिनट के भीतर लोगों के ब्लड शुगर स्तर में गिरावट देखी गई। दिलचस्प बात यह है कि यह प्रभाव इंसुलिन स्राव से पहले ही देखने को मिला। 2016 के एक अन्य शोध में पाया गया कि सूखे स्टीविया पत्ती के पाउडर का सेवन करने से मधुमेह रोगियों में उपवास और भोजन के बाद दोनों स्थितियों में ब्लड शुगर स्तर में कमी आई। विशेषज्ञों का मानना है कि स्टीविया न केवल ब्लड शुगर को नियंत्रित रखने में मदद करता है।

### स्टीविया ट्राइग्लिसराइड और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद कर सकता है

शोध से यह भी पता चला है कि स्टीविया ट्राइग्लिसराइड और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद कर सकता है, जिससे हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा कम हो सकता है। स्टीविया के कई गुण इसे लोकप्रिय विकल्प बनाते हैं। इसे गर्म और ठंडे पेय पदार्थों में मिलाया जा सकता है, फलों पर छिड़का जा सकता है और कुछ विशेष प्रकार की बेकिंग में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। हालांकि, यह चीनी की तरह कैरेमलाइज नहीं होता, इसलिए इसे हर तरह की मिठाइयों और बेकिंग में उपयोग करना संभव नहीं है। अमेरिका में, फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने स्टेवियोल ग्लाइकोसाइड को "आम तौर पर सुरक्षित" यानी जीआरएस (जनरली रिकेग्नाइज एज सेफ) का दर्जा दिया है। इसका मतलब यह है कि खाद्य निर्माता इसे खाद्य पदार्थों और पेय पदार्थों में मिलाने के लिए स्वतंत्र हैं। यही कारण है कि यह कई चीनी-मुक्त पेय पदार्थों, जैम और डेयरी उत्पादों में एक सामान्य घटक के रूप में पाया जाता है।